


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी - 12




शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला- 12



प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु- 13



टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार हैं स्पेन का एक और 'राफा' - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.36
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:49 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 57, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



एक्सप्रेस वे पर उड़ान



**सुलतानपुर :** वायुसेना के लड़ाकू विमानों का दो दिवसीय अभ्यास बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की आपातकालीन हवाई पट्टी पर शुरू हुआ। इस अभ्यास में बुधवार को सुखोई, जगुआर और मिराज विमानों ने टच एंड गो ऑपरेशन किया।

# आतंकवाद कैसा भी हो, भारत उसके आगे कभी नहीं झुकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहलगाम हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री ने कहा- कभी सफल नहीं होंगे आतंकवादियों के नापाक इरादे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर बुधवार को कहा कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और भारत के खिलाफ आतंकवादियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने उन परिवारों के लिए संवेदना भी जताई, जिन्होंने अपने परिजनों को इस नृशंस हमले में खोल दिया था। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मोदी ने इस हमले की बरसी पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछले वर्ष इसी दिन हुए भीषण पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, जो इस क्षति को सहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हम शोक और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। आतंकियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

## आतंकवाद को हराने के लिए भारत संकल्पित: मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश हर जगह आतंकवाद को हराने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। आतंक के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को नहीं रोक सकते।

## नया भारत आतंकवाद को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, पहलगाम की पीड़ा हर भारतीय के हृदय में अंकित अविस्मरणीय आघात है। उन्होंने काल-कवलित हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा, उन पुण्यात्माओं की स्मृति आज भी हमें झकझोरती है, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। नया भारत एकजुटता से आतंक के हर रूप के निर्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्रीफ न्यूज

### मोदी को आतंकवादी बताने पर खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध उनकी उस टिप्पणी पर बुधवार को नोटिस जारी कर उससे सफाई मांगी है जिसमें विपक्ष के नेता ने मोदी को आतंकवादी कहा था। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी बताए जाने को गंभीरता से लिया गया है। भाजपा की शिकायत पर खरगे को जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे में देने को कहा गया है।

### ज्योलीकोट में बाघ ने महिला को मार डाला

**नैनीताल।** ज्योलीकोट में बुधवार को बाघ ने एक महिला को मार डाला। उप-प्रभागीय वनाधिकारी ममता चंद ने बताया कि घटना भीमताल ब्लॉक के तहत ज्योलीकोट के ज्योली गांव में सामने आई है। मृतका की पहचान हेमा पांडे (52) पत्नी दया किशन पांडे के रूप में हुई है, जो अन्य महिलाओं के साथ जंगल में चारा लेने गई थीं।


(विस्तृत पेज-3)


### आज खुलेंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

**देहरादून।** आज भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड चारधाम यात्रा विधिवत शुरू हो जाएगी। बता दें कि इससे पहले अक्षय तृतीया पर 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुल चुके हैं जबकि केदारनाथ धाम की यात्रा बुधवार से शुरू हो चुकी है।

# धमकियां देने के बाद ट्रंप फिर बैकफुट पर अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया युद्धविराम

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 घंटे पहले ही दी थी समझौता न होने पर भारी बमबारी करने की चेतावनी

वाशिंगटन/इस्लामाबाद, एजेंसी

करीब 24 घंटे पहले ही समझौता न होने पर ईरान को भारी बमबारी करने की धमकी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को अपने रुख से पलट गए। युद्धविराम खत्म होने से कुछ घंटे पहले उन्होंने नाटकीय ढंग से इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा कर दी। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने यह कदम पाकिस्तान के आग्रह पर आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का मौका देने के लिए उठाया है।

ट्रंप की घोषणा के साथ ही ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा भी टल गई। ट्रंप ने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने सेना को सभी मामलों में पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। युद्धविराम बढ़ाने का फैसला ट्रंप के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मंगलवार सुबह उन्होंने कहा था कि यदि बुधवार तक समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बमबारी होगी।



### शहबाज ने जताया अमेरिकी राष्ट्रपति का आभार

ट्रंप की घोषणा के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'एक्स' पर लिखा, मैं व्यक्तिगत रूप से और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ने देने के लिए युद्धविराम बढ़ाने के हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। पाकिस्तान उस पर जताए गए भरोसे के साथ बातचीत से संघर्ष के समाधान के लिए गंभीर प्रयास जारी रखेगा।

### अब ईरान के खिलाफ ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी

ताजा घटनाक्रम के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात स्थित 14 व्यक्तियों, संस्थाओं और विमानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन पर ईरानी शासन की ओर से हथियार या हथियारों के पुर्जों की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप है। बेसेंट ने कहा, ईरान के समुद्री व्यापार पर रोक सीधे उसके राजस्व के मुख्य स्रोतों पर चोट है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय इकोनॉमिक फ्यूरी के जरिए अधिकतम दबाव बनाए रखेगा, ताकि तेहरान की धन जुटाने की कोशिश सफल न हो।

अमेरिका के खिलाफ अब भी कड़े तेवर

### युद्धविराम विस्तार को अमेरिका चाल बताकर किया खारिज, कहा- हमने नहीं की थी मांग

ईरान ने ट्रंप के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जताते हुए कहा है कि यह एक चाल है और उसने कभी इसकी मांग नहीं की थी। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने धमकियों के साये में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे युद्ध की कार्रवाई और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया। कहा, ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष बगर गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने भी कहा कि ईरान के लिए इस युद्धविराम का 'कोई मतलब नहीं है और इसकी कोई वास्तविक अहमियत नहीं है। उन्होंने इस कदम को अचानक हमले के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता।

### होर्मुज में राहत नहीं: ईरान की सेना ने किया तीन जहाजों पर हमला, दो को कब्जे में लिया

**दुबई।** ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमले किए। इन हमलों ने होर्मुज में परिवहन के बढ़ते खतरों के साथ युद्धविराम के बीच भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बने रहने की ओर इशारा किया है। ब्रिटेन की सेना के अनुसार ईरान ने बुधवार सुबह जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी की और थोड़ी ही देर बाद एक दूसरे जहाज पर भी हमला किया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार ये जहाज अब रिवोल्यूशनरी गार्ड के कब्जे में हैं और उन्हें ईरान ले जाया जा रहा है। इन जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांन्सेस्का और एपामिनोड्स के रूप में की गई है। इसके अलावा रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यूफोरिया नामक तीसरे जहाज पर भी हमला किया।

# दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- लाठी से पीटने के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से घोंटा गला
- पॉश इलाके कैलाश हिल्स में वारदात घटना के वक्त घर में अकेली थी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश कैलाश हिल्स इलाके में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की बुधवार सुबह दुष्कर्म के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। युवती के चेहरे और सिर पर भी गंभीर चोटें मिली हैं। पुलिस का अनुमान है कि दुष्कर्म के दौरान उसे लाठी से भी पीटा गया। पुलिस को आईआरएस अधिकारी के पुराने नौकर पर शक है जो घटना के बाद फरार है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रही आईआरएस अधिकारी की बेटी घटना के वक्त घर में अकेली थी। घर के ही एक कमरे में उसे मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार यह घटना तड़के संभवतः उस वक्त हुई, जब युवती के माता-पिता जिम गए हुए थे। पुलिस को शक है कि आरोपी ने इसी थोड़े समय का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या कर दी। पुलिस घर के पुराने नौकर 19 वर्षीय राहुल मीणा को मुख्य संदिग्ध मान रही है जिसने घर में करीब आठ महीने तक काम किया और जिसे पैसों की हेराफेरी के आरोप में करीब एक महीने पहले ही काम से निकाल दिया गया था। माना जा रहा है कि मीणा घर के नक्शे के साथ परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से भी पूरी तरह वाकिफ है। पुलिस उसे तलाश कर रही है।



### कैलाश हिल्स के लोगों में घटना के बाद दहशत

इस हौलनाक घटना के बाद पॉश रिहायशी इलाके कैलाश हिल्स में भारी दहशत फैल गई है। इलाके के लोगों ने सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों से पूछताछ की जा रही है जिनका आरोपी से संपर्क हो सकता है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम

- पहले चरण का चुनाव आज, बेहद कड़ी सुरक्षा में डाले जाएंगे वोट
- मतदान से एक दिन पहले प्रकाशित की गई मतदाता सूची

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को 16 जिलों की 152 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं और संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सघन तैनाती की गई है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को शाम को मतदान समाप्त होने तक अपने निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर न जाने की भी हिदायत दी है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय बलों के साथ-साथ रेलवे सहित कई और केंद्रीय इकाइयों को भी चुनाव में तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों के ही दो लाख से ज्यादा कर्मचारी बंगाल में चुनाव के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां तक कि पहली बार किसी चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों को भी तैनात किया गया है। पहले चरण में मतदाताओं की कुल संख्या 3.60 करोड से अधिक है, जिनमें 1.84 करोड पुरुष, 1.74 करोड़ महिलाएं और 465 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।



### क्या डराने की कोशिश कर रहा आयोग: ममता

**अमदंगा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों की तैनाती पर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी विभागों को अपने लिए काम पर लगा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों की इतनी बड़ी तैनाती अभूतपूर्व है। क्या वे इतनी बड़ी संख्या में बलों को तैनात कर मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं देखना चाहती हूं कि किसके पास ज्यादा ताकत है। बख्तरबंद गाड़ियों के पास या जनता के पास।

### तमिलनाडु में भी आज चुनाव

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। राज्य में इस बार 5.67 करोड़ मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2.89 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग ने राज्य भर में कुल 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## बार कौंसिल ने शुरू की सुनवाई

**नैनीताल।** बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में राज्य बार काउंसिलों की कुल सीटों में 30 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने पर सुनवाई शुरू की है।

इस व्यवस्था में 20 प्रतिशत सीटें चुनाव से जबकि 10 फीसदी सीटें ''को-ऑप्शन'' (मनोनयन) से भरी जानी हैं। उत्तराखंड बार कौंसिल में 25 में से 7 पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित हैं, इनमें से 5 पदों पर महिला अधिवक्ता चुनाव जीती हैं जबकि 2 पदों पर मनोनयन होना है। मनोनयन के नियमों को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस सुधांशु धूलिया (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट) की अध्यक्षता वाली हाई पावर्ड इलेक्शन सुपरवाइजरी कमेटी इस मामले में कानूनी बारीकियों और को-ऑप्शन की प्रक्रिया पर विचार कर रही है।

समिति ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को अपनी बात रखने का मौका दिया है। इस संबंध में 26 और 27 अप्रैल को वर्चुअल सुनवाई होगी।

## उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र 28 को बुलाने की तैयारी

- महिला आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने के कयास

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार 28 अप्रैल को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। महिला आरक्षण से जुडा संविधान संशोधन विधेयक हाल ही में लोकसभा में जरुरी बहुमत न मिल पाने के कारण पारित न हो पाने पर भाजपा विपक्ष को घेरने में लगी हुई है।

माना जा रहा है कि विधानसभा के विशेष सत्र में सरकार की ओर से महिला आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा करायी जाएगी। इस सत्र के लिए विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है और इसके लिए सभी विभागों को सूचित कर दिया गया है। सत्ताधारी भाजपा विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है। दूसरी ओर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का कहना है कि केन्द्र सरकार महिला आरक्षण की आड़ में नई जनगणना कराए बिना परिसीमन विधेयक पारित कराना चाहती थी, जबकि सभी दल वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुरुप महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं।

## सिर्फ ई-स्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की जरूरत

- ऑनलाइन गेमिंग के नियम केंद्र सरकार ने किए अधिसूचित, एक मई से होंगे प्रभावी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा।

आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम, अगर वे रियल मनी गेम नहीं हैं यानी उनमें पैसे का लेनदेन शामिल नहीं है तो उनको अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

## नेपाल : वित्तीय विवाद के बीच गृह मंत्री गुरुंग ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने वित्तीय आचरण से संबंधित आरोपों के बाद बुधवार को इस्तीफा दे दिया। एक विवादास्पद व्यवसायी के साथ व्यापारिक संबंधों और शेयरों के लेनदेन को लेकर वह निशाने पर थे। गुरुंग को 27 मार्च को गृह मंत्री नियुक्त किया गया था। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने अपने वित्तीय आचरण संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और पद पर रहते हुए हितों के टकराव से बचने के लिए पद से इस्तीफा दिया है।

उमड़ी श्रद्धा | हर हर महादेव और जय श्री केदार के उदघोष से प्रफुल्लित हुई केदार नगरी

# विधि-विधान से खोले गए श्री केदारनाथ धाम के कपाट

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- पहली पूजा प्रधानमंत्री मोदी के नाम से हुई, मुख्यमंत्री ने पत्नी के साथ किए दर्शन

**अमृत विचार:** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री केदार' के उद्घोष से गूंज उठा। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

कपाट खुलने की प्रक्रिया प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हुई। रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आह्वान एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ कपाट खोले गए। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर मंदिर को 51 क्विंटल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया।

मुख्यमंत्री ने पत्नी गीता पुष्कर धामी के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की धुनों के बीच यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। चारधाम यात्रा हर वर्ष कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी।



पत्नी गीता धामी के साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### आतिथ्यभाव बनाए रखें उत्तराखंड के वासी

मुख्यमंत्री ने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। कहा कि सरकार ने चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

## स्टेट ब्रीफ

### कोसी नदी में मलबा डालने पर दें जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा जिले में निर्माण कार्य का मलबा जीवनदायिनी कोसी नदी में डाले जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चन्द्र जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। याचिका में आरोप है कि अल्मोड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य का मलबा सीधे कोसी नदी में डाला जा रहा है, जिससे न केवल नदी प्रदूषित हो रही है बल्कि अल्मोड़ा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इस नदी से शहर के एक लाख से अधिक लोगों को पेयजल आपूर्ति होती है। मलबा डालने से ग्रामीणों का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### गोवा पुलिस ने की छापामारी

**पणजी (एजेंसी) :** गोवा के संरक्षक संत कहे जाने वाले सेंट फ्रांसिस जेवियर पर विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में बुधवार को गोवा पुलिस ने दक्षिणपंथी कार्यकर्ता गौतम खट्टर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करते हुए उत्तराखंड के हरिद्वार से गौतम के भाई माधव खट्टर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि, गोवा पुलिस मंगलवार को देहरादून स्थित खट्टर के आवास पर पहुंची थी लेकिन वह नहीं मिला। गोवा की क्राइम ब्रांच ने हरिद्वार से गिरफ्तार माधव खट्टर को सह-आरोपी बनाया है, जिसने चार दिन पहले हुए कार्यक्रम में अपने भाई द्वारा दिया भाषण तैयार किया था।

### बड़ा मीट कारोबारियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**रामनगर :** रामनगर में बड़े मीट कारोबारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को ज्ञापन सौंपा। मोहल्ला खताड़ी के कारोबारियों ने बताया कि बड़ा मीट स्लॉटर हाउस और दुकानों के बंद होने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही मुस्लिम समुदाय में बड़े मीट की उपलब्धता को लेकर भी समस्या उत्पन्न हो गई है। कारोबारियों ने कहा कि स्लॉटर हाउस संचालित न होने के कारण कई लोग बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक स्लॉटर हाउस शुरू नहीं होता, तब तक बड़े मीट की दुकानों को खोलने की अनुमति दी जाए।

### श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना की

# 'डिजिटल उपवास' रख प्रकृति का आनंद उठाएं श्रद्धालु : मोदी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून


**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को श्रद्धालुओं से चारधाम यात्रा के दौरान 'डिजिटल उपवास' रखकर उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का आह्वान करते हुए उनसे पांच संकल्पों का भी पालन करने का आग्रह किया है।

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के धाम केदारनाथ के कपाट खुलने के मौके पर सोशल मीडिया पर अपने शुभकामना संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारनाथ सहित चारधाम की यह यात्रा हमारी आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का दिव्य उत्सव है। इन यात्राओं से हमें भारत की सनातन संस्कृति के दर्शन भी होते हैं। मोदी ने सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उनके लिए एक पत्र भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड में पिछले कुछ वर्षों में चल रहे विकास के महायज्ञ से चारधाम यात्रा बहुत सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक हुई है लेकिन इन कामों में प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य का पूरा ध्यान रखने का प्रयास किया जा रहा है।

#### श्रद्धालुओं से पांच संकल्पों का पालन करने का आग्रह

- 'स्वच्छता सर्वोपरि' को पहला संकल्प बताते हुए प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से धाम और नदियों के आसपास सफाई रखने तथा एकल इस्तेमाल प्लास्टिक का उपयोग न करने को कहा है।
- दूसरे संकल्प में तीर्थयात्रियों से हिमालयी धरा में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने तथा 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया।
- तीर्थयात्राओं को पुरातन काल से सेवा और सामाजिक समरसता स्थापित करने का माध्यम बताते हुए प्रधानमंत्री ने तीसरे संकल्प के रूप में श्रद्धालुओं से अपनी यात्रा के प्रत्येक दिन, किसी न किसी रूप में, लोगों की सेवा करने का आग्रह किया है।
- चौथे संकल्प में श्रद्धालुओं से अपने मूल स्थान से चलकर घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करने और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने को कहा है।
- पांचवें संकल्प के रूप में प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन करने का आग्रह करते हुए क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स से प्रदेश की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि, मैं उत्तराखंड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वे इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।



# तीर्थयात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने को सरकार प्रतिबद्ध

### मुख्यमंत्री धामी ने ग्राउंड जीरो पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान की गहन समीक्षा की

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचकर ग्राउंड जीरो पर उतरते हुए मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का व्यापक एवं गहन स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, बद्रीनाथ धाम में किए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित, सुरक्षित व आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीर्थ अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, समयबद्धता तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का स्थलीय जायजा लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त करने के साथ-साथ उन्हें और अधिक प्रभावी एवं तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम से जुड़े सभी विकास कार्य जिलाधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी में तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की देरी या बाधा को तुरंत दूर किया जा सके।



बद्रीनाथ धाम में विकास कार्यों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

#### पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता में रखें

मुख्यमंत्री ने विशेष जोर दिया कि सभी कार्यों में पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी का संरक्षण प्राथमिकता पर रखा जाए। निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि कार्य के दौरान स्वच्छता, हरित मानकों और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन करें। बद्रीनाथ धाम की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य को अक्षुण्ण रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### भारत के पहले सीमांत गांव माणा पहुंचे सीएम

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को भारत के प्रथम सीमांत गांव माणा पहुंचकर क्षेत्र का भ्रमण किया तथा वहां आए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुखद एवं प्लास्टिक मुक्त हरित यात्रा बनाने की अपील करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर माणा गांव की महिलाओं ने पारंपरिक मांगलगीत गाकर एवं स्थानीय उत्पाद भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस आत्मीय स्वागत के लिए ग्रामीण महिलाओं का आभार व्यक्त किया और उनकी परंपराओं एवं संस्कृति की सराहना की।



## एक मई को खुलेंगे आदि कैलाश धाम के कपाट

**पिथौरागढ़:** आदि कैलाश स्थित शिव धाम के कपाट एक मई से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यात्रा के लिए 28 अप्रैल से इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जिसके बाद श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सकेंगे।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाना आवश्यक है। बैठक में गुंजी क्षेत्र में पेयजल और आदि कैलाश क्षेत्र में संचार सेवा की समस्या उठाई गई। डीएम ने जल निगम, जल संस्थान और बीएसएनएल को यात्रा से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इनर लाइन परमिट एसडीएम कार्यालय धारचूला से जारी होंगे। यात्रा से पहले एडीएम के नेतृत्व में टीम क्षेत्र का निरीक्षण करेगी। स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए।

## प्रधानमंत्री ने फिर व्यक्त की बाबा केदार में श्रद्धा

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

- सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए केदारनाथ धाम के पिछले दौरों की तस्वीरें जारी की

**अमृत विचार:** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बाबा केदार में अपनी गहन आस्था प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने बुधवार देर शाम सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बाबा केदार की धरती पर पूर्व में बिताए पलों की भावुक तस्वीरों को जारी किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पूर्व के केदारनाथ प्रवास की स्मृतियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर तस्वीरों के माध्यम से साझा की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इन तस्वीरों को साझा करना उस आध्यात्मिक संबंध की अभिव्यक्ति है, जो भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग और इस तपोभूमि से जुड़ा हुआ है। केदारनाथ धाम, जहां भक्ति, तप और श्रद्धा का संगम होता है, वहीं से प्रधानमंत्री का यह भावपूर्ण संदेश करोड़ों श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो प्रधानमंत्री का यह संवाद करोड़ों देशवासियों के मार्गदर्शन के साथ ही चारधाम यात्रा को आत्मिक जागरण यात्रा के रूप में भी स्थापित करता है। बाबा केदार के धाम में गूंजता 'हर हर महादेव' का उद्घोष, प्रधानमंत्री की इस श्रद्धाभिव्यक्ति के साथ और अधिक भावपूर्ण हो उठा है, और देशभर के श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।




आकर्षक तरीके से सजाया गया श्री केदारनाथ धाम। • अमृत विचार

# अतिक्रमण और फर्जी दस्तावेज मामले पर सरकार को मोहलत

- नैनीताल के खुर्पाताल का मामला सरकार ने सौंपी प्रगति रिपोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने नैनीताल के खुर्पाताल क्षेत्र में नेपाली मूल के लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण और फर्जी दस्तावेजों के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए सरकार को जांच पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय की मोहलत दी है।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में नैनीताल निवासी पवन जाटव की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जांच की प्रगति रिपोर्ट सौंपी गई।

कहा गया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है। सरकार की मांग पर अदालत ने राज्य सरकार को जांच के लिए अतिरिक्त समय की मोहलत देते हुए विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

#### हाईकोर्ट ने ईओ से मांगी रिपोर्ट



**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नैनीताल नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) रोहिताश शर्मा को शहर में स्वच्छता की स्थिति का संज्ञान लेने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एक याचिका पर सुनवाई के दौरान नैनीताल में व्याप्त अस्वच्छता के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने ईओ को पूरे शहर का गहन निरीक्षण करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने ईओ को तत्काल कूड़ेदान की कमी वाले क्षेत्रों में कूड़ेदान रखवाए जाने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 अप्रैल तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

# योग व पंचकर्म से सभी असाध्य रोगों के समाधान संभव: त्रिपाठी

संवाददाता, हरिद्वार

- अमृता विश्व विद्यापीठम में राष्ट्रीय कार्यशाला, वीसी डॉ. त्रिपाठी ने दिया संबोधन

**अमृत विचार:** अमृता विश्व विद्यापीठम, जगजीतपुर परिसर के सभागार में पांच दिवसीय 15वीं राष्ट्रीय कार्यशाला 'मानव शरीर विज्ञान-मनोविज्ञान पर योगिक-पंचकर्म चिकित्सा की प्रभावशीलता' का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि योग और पंचकर्म भारतीय चिकित्सा पद्धति की रीढ़ हैं। आधुनिक विज्ञान के साथ इनके समन्वय से जटिल एवं असाध्य रोगों के उपचार की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। आयोजन अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि योग और पंचकर्म भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा के अभिन्न अंग हैं, जो आज वैश्विक स्तर पर शोध का प्रमुख विषय बन चुके हैं। बताया कि, कार्यशाला का आयोजन निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन, श्री भगवान दास आदर्श संस्कृत पी.जी. कॉलेज के योगिक विज्ञान विभाग तथा अमृता विश्व विद्यापीठम के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यक्रम की उपाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. उर्मिला पांडे ने कहा कि योग और पंचकर्म शरीर को डिटॉक्स (विषमुक्त) करने तथा मन को शांत करने की प्राचीन पद्धतियां हैं, जिन्हें इस कार्यशाला के माध्यम से सीखकर दैनिक जीवन में अपनाया जा सकता है।

कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में व्याख्यान प्रस्तुत किए। आयोजन सचिव एवं प्राचार्य डॉ. राजतिलक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्रह्मचारी प्रमोद कृष्णन ने अमृता विवि की ओर से अतिथियों को स्मृति-चिह्न एवं पौधे भेंट किए।



राष्ट्रीय कार्यशाला का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते अतिथि, साथ में आयोजक।




प्रत्यारोपण शिविर में मौजूद इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी।

### इनरव्हील क्लब ने प्रदान किए कृत्रिम पैर

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब हल्द्वानी ने स्पार्क मिंडा फाउंडेशन के साथ दो दिवसीय कृत्रिम पैर और कैलिपर्स प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया। इस दौरान धारचूला, बागेश्वर, अल्मोड़ा, कोटाबाग, ओखलकांडा, लालकुआं एवं हल्द्वानी से आए 10 दिव्यांग जनों को कृत्रिम पैर प्रदान किए गए एवं 2 बालिकाओं समेत 5 लोगों को कैलिपर्स प्रदान किए गए। सभी लोगों को आवश्यकतानुसार छड़ी, वॉकर और जूते प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सचिव निवेदिता पांडे, दीपा तिवारी, सुशीला भाकुनी, आशा दरम्वाल, रेखा दर्मवाल एवं प्रीति दरम्वाल मौजूद रहीं।

**आरोप** | पिता ने पुलिस पर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार न करने का आरोप

# एंजेल के पिता को नहीं मिला न्याय

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी में पिछले साल दिसंबर में एक कथित 'नस्लीय हमले' में मारे गए त्रिपुरा के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा के पिता ने बुधवार को उत्तराखंड पुलिस पर आरोप लगाया कि हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस की नाकामी की वजह से अब तक फरार है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में हेड कांस्टेबल तरुण प्रसाद चकमा ने कहा कि उनके बेटे की मौत को चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन मुख्य आरोपी यज्ञराज अवस्थी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है । ऐसा माना जा रहा है कि नेपाल के कंचनपुर का निवासी अवस्थी घटना के बाद सीमा पार कर अपने देश लौट गया। चकमा ने कहा कि, मामले में पुलिस का कोई सक्रिय अभियान नहीं चल रहा है। मुख्य आरोपी नेपाल में है और उसके ठिकाने के बारे में कोई सुराग नहीं है। उन्होंने स्थानीय पुलिस पर आरोपी के साथ साठगांठ का भी आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में एक सांसद के हस्तक्षेप के बाद ही प्राथमिकी लिखी गयी। त्रिपुरा के उनाकोटी के रहने वाले एंजेल चकमा तथा उसके भाई माइकल पर देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र में नौ दिसंबर 2025 को छह लोगों के एक समूह ने तब हमला कर दिया था जब उन्होंने कथित नस्लीय टिप्पणी का विरोध किया था।

#### होनहार एंजेल को मिल गयी थी नौकरी

त्रिपुरा के सिपाहीजाला में तैनात तरुण चकमा ने बताया कि एंजेल एक होनहार छात्र था और उसे 12 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ नौकरी भी मिल गयी थी। मैंने उसकी शिक्षा का खर्च उठाने के लिए 30 वर्षों तक ड्यूटी की। एंजेल को 27 दिसंबर से इंटर्नशिप शुरू करनी थी लेकिन उसे कभी मौका ही नहीं मिला।

#### रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी

पुलिस इस मामले में अब तक छह में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। सीओ विकासनगर विवेक सिंह कुटियाल के अनुसार, अवस्थी को पकड़ने के लिए जनवरी में लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था जबकि ब्लू कॉर्नर नोटिस पर भी कार्रवाई की जा चुकी है। रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया फिलहाल जारी है।

## हरिद्वार में अवैध मजार ध्वस्त

**हरिद्वार:** अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बुधवार को हरिद्वार जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर बनायी गयी एक अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि गढ़मीरपुर क्षेत्र के सुमन नगर इलाके में सिंचाई विभाग की भूमि पर कब्जा कर यह अवैध मजार बनायी गयी थी। प्रशासन के अनुसार, करीब एक माह पहले संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर भूमि और निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन तय समयसीमा में कोई संतोषजनक प्रमाण न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के अनुसार, मजार को ध्वस्त किए जाने से पहले परिसर को खाली करा लिया गया था। कार्रवाई से पूर्व संबंधित पक्ष ने स्वयं ही अपने जरूरी सामान हटा लिए, जिससे मौके पर किसी तरह का विवाद या तनाव उत्पन्न नहीं हुआ।

# दून-मसूरी की तलहटी में निर्माण पर जवाब तलब

विधि संवाददाता, नैनीताल

- देहरादून-मसूरी की संवेदनशील तलहटी क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों पर हाईकोर्ट सख्त

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने देहरादून-मसूरी की संवेदनशील तलहटी (फुटहिल) क्षेत्र में हो रहे कथित अवैध निर्माणों पर गंभीर रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में बुधवार को देहरादून निवासी रीनू पाल की ओर से इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से एक प्रार्थना पत्र (अर्जेंसी एप्लीकेशन) पत्र देकर आरोप लगाया गया कि देहरादून और मसूरी के बीच स्थित तलहटी क्षेत्र, जो पारिस्थितिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, वहां बिना रोक-टोक अवैध निर्माण किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की नाजुक इकोलॉजी पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

याचिकाकर्ता के अनुसार, राज्य सरकार ने पांच फरवरी 2019 के शासनादेश के तहत इस क्षेत्र के नौ स्थानों को 'इकोलॉजिकली सेंसिटिव' घोषित किया था। इसके बावजूद निर्माण गतिविधियां जारी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंडपीठ ने राज्य सरकार से विस्तृत जवाब तलब करते हुए अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह का समय निर्धारित किया है।

## सिटी इंवेंट्स

- कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा अमरदीप होटल में पूर्वाहन 10 :30 बजे विकास योजनाएं साझा करेंगे
- पशु चिकित्सालय के समीप अटल मार्ग पर सीवरेज ट्रंक लाइन का शुभारंभ होगा 12 बजे

## सिटी ब्रीफ

### नादिर बने भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने जिला कार्यकारिणी का गठन करते नादिर सैफी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल, सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पीआर टम्टा, प्रेम राम टम्टा, आरआर लोहिया, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी ने शुभकामनाएं दी हैं।

### कॉर्बेट पार्क ने सावल्दे में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**हल्द्वानी :** सीटीआर के उप निदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि सावल्दे क्षेत्र में 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से वन परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें केवल वनकर्मी ही नहीं, बल्कि परिजनों की भी जांच होगी। आंख, कान, नाक, गला और हृदय रोग विशेषज्ञ जांच करेंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ और महिलाओं के लिए महिला चिकित्सकों की भी तैनाती की जाएगी।

# ज्योली गांव में बाघ ने महिला को मार डाला, भड़के ग्रामीण

## बुधवार की सुबह घटना, इस माह में भीमताल ब्लॉक में दूसरी बार मानव वन्यजीव संघर्ष की घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नैनीताल के ज्योलीकोट क्षेत्र स्थित ज्योली गांव में बाघ के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रानीबाग वन चौकी में महिला का शव रखकर धरना-प्रदर्शन किया।



हेमा पांडे।(फाइल)

जानकारी के अनुसार, 52 वर्षीय हेमा पांडे बुधवार सुबह करीब नौ बजे घर से चारा लेने पास के जंगल गई थीं। उनके साथ गांव की दो अन्य महिलाएं भी थीं। बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद हेमा पांडे का कोई पता नहीं चला। इस पर साथ गई महिलाएं घबराकर गांव लौट आईं और ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल की ओर पहुंचे और महिला की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद कुछ दूरी पर हेमा का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि बाघ ने महिला पर हमला कर उसे शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघ की सक्रियता है, लेकिन वन विभाग इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले पास के मोरा गांव में भी एक महिला को बाघ ने अपना शिकार बनाया था। उस घटना के बाद वन विभाग ने एक बाघ को पकड़कर उसे आदमखोर घोषित किया था और दावा किया था कि वही बाघ अन्य घटनाओं के लिए जिम्मेदार था। इसके बावजूद क्षेत्र में हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।



रानीबाग वन चौकी पर महिला का शव रखकर धरना प्रदर्शन करते ज्योली के ग्रामीण।

### वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध



घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द आदमखोर बाघ को पकड़ने, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच के साथ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की ओर से बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने और उसे पकड़ने के प्रयास तेज करने की बात कही जा रही है। फिलहाल गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### आदमखोर बाघ को पकड़ने की मांग



**भीमताल :** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना वन विभाग की लापरवाही और असफलता को उजागर करती है। तिवारी ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते एक निर्दोष महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने आदमखोर बाघ को तत्काल पकड़ने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

> ज्योलीकोट क्षेत्र में गुलदार द्वारा महिला पर हमला किए जाने की सूचना मिली थी। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर वन विभाग ने महिला की तलाश की। करीब दो किलोमीटर दूर महिला का शव बरामद किया गया है। फिलहाल वन विभाग की टीम गांव में गश्त कर रही है और गुलदार या बाघ को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।
> –आकाश गंगवार, डीएफओ नैनीताल

## जिले में बढ़ा बाघ-तेंदुए का खतरा, 1 वर्ष में गई कई जानें

गौरव जोशी, नैनीताल

- हल्द्वानी, रामगढ़, ओखलकांडा और धारी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित, ग्रामीणों में दहशत

**अमृत विचार :** जिले में पिछले एक वर्ष के दौरान बाघ और तेंदुए के हमलों में कई लोगों की मौत होने से मानव-वन्यजीव संघर्ष गंभीर होता जा रहा है। जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ती घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और निगरानी के लिए कैमरा ट्रैप लगाने की बात कही है।

हाल ही में हल्द्वानी के कालाढूंगी रोड क्षेत्र में एक 66 वर्षीय महिला गंगा देवी पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। महिला जंगल में चारा लेने गई थीं, तभी यह घटना हुई। बीते दो वर्षों में ही बाघ और गुलदार के हमलों में नौ से अधिक महिलाओं की मौत हो चुकी है, जिससे कई परिवार उजड़ गए और मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। बुधवार को ज्योली गांव में 52 वर्षीय हेमा पांडे मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गई थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर ग्रामीणों ने खोजबीन की, जिसके बाद उनका क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला। आशंका जताई जा रही है कि बाघ ने हमला कर उन्हें अपना शिकार बना लिया।

### इनकी जा चुकी है जान

**वर्ष 2023 :** भीमताल के मलुवाताल में इंद्रा देवी की बाघ के हमले में मौत तथा अलचौना के ताड़ा गांव में निकिता शर्मा की बाघ के हमले में मौत

**10 दिसंबर 2023 :** पिनरों के तोक डोब गांव में पुष्पा देवी की बाघ के हमले में मौत

**वर्ष 2024 :** नौकुचियाताल के सिलौटी में लीला देवी की बाघ के हमले में मौत

**वर्ष 2025 :** बेतालघाट के ओखलढूंगा में शांति देवी की बाघ के हमले में मौत

**वर्ष 2025 :** पहाड़पानी में हेमा देवी की तेंदुए के हमले में मौत

**वर्ष 2026 :** ज्योलीकोट क्षेत्र में दो महिलाओं की मौत

## रात पति से विवाद सुबह घर छोड़कर चली गई पत्नी

**हल्द्वानी :** रात में पति से हुए विवाद से पत्नी इतनी आहत हुई कि वह घर छोड़कर चली गई। अगले दिन पति ड्यूटी से घर लौटा तो पत्नी गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब पत्नी का पता नहीं चला तो वह पुलिस के पास पहुंचे। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के राजपुरा में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीती 19 मार्च की रात उसका अपनी 32 वर्षीय पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद गया था। रात विवाद के बाद दोनों सो गए और अगली सुबह वह रोज की तरह अपने काम पर चला गया। काम से लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। काफी देर इंतजार के बाद भी जब पत्नी नहीं लौटी तो उसने तलाश शुरू की। परिजनों, परिचितों, दोस्तों व पत्नी के हर संभावित स्थान पर तलाश के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा तो वह पुलिस के पास पहुंचा। उसने पुलिस से पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। इस पर पुलिस ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता की तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही विवाहिता को ढूंढ लिया जाएगा।

# दो दिन से गायब थे बीईओ व वरिष्ठ सहायक, वेतन रोका

- मुख्य विकास अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, कार्रवाई की संस्तुति

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने मेहरा गांव स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ग्रोवर पिछले दो दिनों से कार्यालय से अनुपस्थित पाई गईं और उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर भी नहीं थे। वहीं वरिष्ठ सहायक भी दो दिनों से अनुपस्थित मिले।

मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों का दो दिन का वेतन रोकते हुए खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को संस्तुति भेज दी है। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने राजकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में 116 में से 88 छात्र उपस्थित मिले, जिसे संतोषजनक बताया गया। सभी शिक्षक उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों से वार्ता कर सामान्य ज्ञान की जानकारी दी और सफलता के नियम बताए।

उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने, नियमित विद्यालय आने और प्रयोगशाला में प्रैक्टिकल कर सीखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संजू नामक विद्यार्थी द्वारा जूनियर राष्ट्रीय स्विमिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने पर उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



राजकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी।

# 13 वर्षीय किशोरी ने गलती से चाटा कीटनाशक, मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

- बीते मंगलवार को ऊधम सिंह नगर के किच्छा में हुई घटना

**अमृत विचार :** घर में झाड़ू लगाते समय 13 साल की किशोरी को कीटनाशक की शीशी मिल गई। सिरप जानकर किशोरी ने कीटनाशक की शीशी चाट ली और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

ऊधम सिंह नगर के किच्छा में पुलभट्टा निवासी अफरोज पेशे से ट्रक डाइवर हैं। वह चार बच्चों के साथ रहते हैं। इन चार बच्चों में 13 साल की बेटी अर्शी भी है। अफरोज के मुताबिक, बीते मंगलवार को ट्रक लेकर पुलभट्टा से कमलुवागांजा हल्द्वानी गए थे और इस बीच बच्चे घर पर थे। सुबह के वक्त अर्शी घर में झाड़ू लगा रही थी। झाड़ू लगाते उसे जमीन पर एक शीशी पड़ी मिली। अर्शी ने ढक्कन खोला और शीशी का चाट दिया। कुछ देर बाद ही उसे उल्टियां और दस्त शुरू हो गए। अर्शी ने पिता को फोन किया। पिता फौरन घर पहुंचे और पास ही स्थित एक अस्पताल ले गए। अर्शी को ड्रिप लगाई गई, लेकिन शाम तक उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ।

जब अफरोज ने फिर से बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने शीशी चाटी थी। घर पहुंचे अफरोज ने शीशी देखी तो वह कीटनाशक की थी। वह फौरन अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक को जानकारी दी। जिसके बाद फौरन ही अर्शी को एसटीएच रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव को पोस्टमार्टम कराया गया।

# अब कूड़े का पहाड़ बेचकर अपना खजाना भरेगा हल्द्वानी नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम का कूड़ा पृथक्कीकरण संयंत्र और मैटिरियल रिकवरी फैसलिटी केंद्र शुरू हो गया है।

बुधवार को गौलापार स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप मेयर गजराज बिष्ट ने कूड़ा पृथक्कीकरण संयंत्र और एमआरएफ केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर के संचालन से शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूती मिलेगी तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण में तेजी आएगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता स्तर में भी सुधार होगा। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि 80 मीट्रिक टन क्षमता कूड़ा पृथक्कीकरण प्लांट सूखा-गीला, जैविक-अजैविक कचरा अलग करेगा। यह प्लांट चार मिमी मोटाई तक का कचरा पृथक करेगा। इससे कूड़ा निस्तारण में सबसे बड़ी बाधा पृथक्कीकरण का समाधान होगा। यह पृथक्कीकरण प्रतिदिन होगा। इसके अलावा एमआरएफ सेंटर है जिसमें पृथक किए कूड़े जैसे जूता-चप्पल, कूड़ा, गत्ता, प्लास्टिक, कांच वगैरह को सेक्शनवार रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक कूड़ा पृथक्कीकरण नहीं होने से इसका सही दाम नहीं मिल पाता था, अब पृथक होने से इनका सही दाम मिलेगा और कूड़ा निस्तारण में बड़ी मदद मिलेगी। इससे कूड़े का पहाड़ समाप्त होगा और ट्रंचिंग ग्राउंड के लिए अधिक भूमि की जरूरत नहीं होगी। इस दौरान एसएनए गणेश भट्ट रहे।



गौलापार स्थित एमआरएफ सेंटर में प्लांट का शुभारंभ करते मेयर गजराज बिष्ट।

# आय बनाने को ओवरराइटिंग की, दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए पार्षद लिखित दस्तावेज में ओवर राइटिंग कर कूटरचना की गई। इसका खुलासा होने पर तहसीलदार ने राजस्व उपनिरीक्षक को पत्र लिखकर जांच व दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि एसके आर्य निवासी बद्रीपुरा तल्ला गोरखपुर ने आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। इस बाबत जब राजस्व उप निरीक्षक ने जांच की तो पता चला कि आय प्रमाण पत्र में ओवरराइटिंग की गई है। इसके जरिए मासिक आय चार हजार रुपये प्रति माह दर्शाई गई है। आरएसआई ने भी जांच आख्या में जिक्र किया है। उक्त आय प्रमाण पत्र विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं में लाभ लेने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा प्रथम दृष्टया जालसाजी कर अनुचित लाभ लेना प्रतीत होता है। उन्होंने आरएसआई को निर्देश दिए कि इसकी की जांच कर संबंधित व्यक्ति या सीएससी सेंटर जो भी दोषी हो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी दी जाए।

# एसटीएच में 'बाहर की दवा' पर एमएस सख्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय (एसटीएच) में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने की शिकायतों पर अब प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि ओपीडी, वार्ड और आईसीयू में भर्ती मरीजों को केवल अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध दवाएं ही लिखी जाएं अन्यथा संबंधित चिकित्सक सीधे जिम्मेदार होंगे।

अस्पताल प्रशासन ने माना है कि लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जहां मरीजों को महंगी दवाएं बाहर से खरीदने को मजबूर किया जा रहा था। इसे नियमों का उल्लंघन और मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ करार देते हुए अब सख्त कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। जारी आदेश में सभी विभागाध्यक्षों, यूनिट इंचार्ज, कंसल्टेंट, एसआर और पीजी चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विभागों में इस व्यवस्था को तुरंत लागू कराएं। साफ कहा गया है कि अस्पताल की फार्मेसी में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं और उनकी सूची नियमित रूप से साझा की जाती है।

हालांकि, आपात स्थिति में यदि कोई जरूरी दवा उपलब्ध न हो, तभी बाहर से दवा लिखने की अनुमति होगी, वह भी संबंधित वरिष्ठ चिकित्सक की लिखित मंजूरी के बाद। बिना अनुमति बाहर की दवा लिखना सीधे नियमों की अवहेलना माना जाएगा।



### सरकारी अस्पताल में एमआर का आना समझ के परे

एसटीएच कुमाऊं का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां नियमित ही मेडिकल रिप्रेंजेटिव आते रहते हैं। यह समझ से परे है कि सरकारी अस्पताल में एमआर की क्या जरूरत है। एमआर अपनी कंपनी की दवा के नाम का प्रचार करते हैं और यह सीधे ब्रांड का नाम होता है जबकि डॉक्टर अगर बाहर ही दवा लिख भी रहा है तो वह केवल सॉल्ट का नाम लिख सकता है न कि किसी कंपनी की दवा का नाम लिख सकता है।

# पांच घंटे बिजली कटौती 14 मई तक होगी किल्लत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगम ग्रामीण की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार बुधवार को 33/11 केवी कमलुवागांजा बिजलीघर से जुड़े फीडर ऊंचापुल और हरिनगर क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्रवासियों को करीब 5 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। ग्रामीण खंड के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता ने बताया कि उपभोक्ताओं को पहले ही प्रस्तावित कटौती की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि यह बिजली कटौती निर्माणाधीन आईटीआई डहरिया लाइन, नए बिजलीघर के कार्य व कठघरिया-चौफुला सड़क पर नहर कवरिंग के दौरान बिजली की लाइनों के आसपास पेड़ों की छंटाई के चलते की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि यह निर्धारित शटडाउन कार्यक्रम 14 मई तक जारी रहेगा, जिसके तहत समय-समय पर आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति बाधित की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।



**तैयारी** | सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन को करना है यह ऑडिट

# प्रभावितों कीसामाजिक और आर्थिक स्थिति की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में पीएम आवास योजना के फार्मों का वेरिफिकेशन होने के बाद अब सामाजिक आर्थिक ऑडिट की जानकारी भी सुप्रीम कोर्ट को दी जाएगी ।

सुप्रीम कोर्ट ने बीती 24 फरवरी को हुई सुनवाई में बनभूलपुरा में रेलवे की 31 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण पर सुनवाई की। इसमें रेलवे भूमि पर अवैध बसे 4300 परिवारों व 50 हजार की आबादी को प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देना और उनका सामाजिक आर्थिक सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।



इस प्रकरण में अगली सुनवाई अब 28 अप्रैल को प्रस्तावित है। वहीं, जिला प्रशासन व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का पीएम आवास योजना के आवेदन फार्मों का वेरिफिकेशन लगभग पूरा हो गया है। अब राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अतिक्रमण की जद में आ रहे परिवारों व आबादी का सामाजिक आर्थिक अंकेक्षण की रिपोर्ट देनी है। सूत्रों की मानें तो इसमें परिवार की कुल वार्षिक आय, आय के स्रोत और स्थिरता, अचल संपत्ति जैसे घर का प्रकार (कच्चा/पक्का), भूमि के स्वामित्व, वाहन, और अन्य कीमती वस्तुएं, प्रभावितों की साक्षरता और शैक्षणिक योग्यता, वर्तमान नौकरी, मजदूरी या व्यवसाय की प्रकृति, जीवन स्तर जैसे भोजन की सुरक्षा, पीने का पानी, बिजली कनेक्शन, और शौचालय की सुविधा, सरकारी योजनाओं जैसे पेंशन, छात्रवृत्ति, या आवास योजनाओं का लाभ, सार्वजनिक व निजी बैंक से लिए गए ऋण आदि बिंदुओं की रिपोर्ट शामिल होती है।

सूत्रों की मानें तो इस बाबत सभी प्रभावितों से फार्म देकर ब्योरा जुटाया गया है। इसकी रिपोर्ट कंपाइलेशन किया जाना है। संभावना है कि आगामी 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई में यह रिपोर्ट पेश की जा सकती है। इसकी सभी तैयारियां संबंधित विभागों की ओर से की जा रही हैं।

### पीएम आवास योजना के आवेदनों का वेरिफिकेशन पूरा, बने पात्र व अपात्र

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में 6882 आवेदनों वेरिफिकेशन लगभग पूरा हो गया है। इस वेरिफिकेशन में आवेदन में लगाए जाने वाले सभी जरूरी दस्तावेज, शपथ पत्र वगैरह की जांच की गई है। सभी आवेदकों को शपथ पत्र के बारे में बताया गया गया है। इसी के साथ ही योजना के लिए पात्र व अपात्रों की सूची भी बना दी गई है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि 17 मार्च को बनभूलपुरा के सभी प्रभावित वार्डों में पीएम आवास योजना के फार्म बांटना शुरू किया गया था। 20 मार्च से चार अप्रैल तक क्षेत्र के छह चिह्नित स्थानों में कैंप लगाकर इन आवेदनों को जमा किया गया। कैंपों में लगभग 6882 आवेदकों ने फार्म भरे थे। फिर छह टीमें बनाकर आवेदनों के दस्तावेजों व आवेदकों की पात्रता का सत्यापन किया गया। बुधवार को यह सत्यापन लगभग पूरा हो चुका है। अब पात्र व अपात्र की सूची बना दी गई है जो उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।

# रेलवे ने 'बेटिकट' से भरा खजाना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल कार्यालय से प्राप्त आरटीआई में खुलासा हुआ है कि काठगोदाम और लालकुआं स्टेशन पर बीते चार वर्षों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

आरटीआई आवेदक तिकोनिया निवासी हेमन्त सिंह गोनिया को रेलवे प्रशासन ने बताया कि स्टेशन पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2022 से जनवरी 2026 तक काठगोदाम और लालकुआं स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई है। आरटीआई में यह भी सामने आया है कि चार सालों के अंदर लालकुआं और काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वालों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि रेलवे प्रशासन की सख्ती की वजह से कई बेटिकट यात्रियों को पकड़ने में सफलता मिली है। लालकुआं रेलवे स्टेशन पर ही साल 2022-23 में 825 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा था और साल 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 6059 हो गई तो वहीं काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर साल 2022-23 में 9978 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा है और यह संख्या 2025-26 में बढ़कर 23449 तक पहुंच गई है। साथ ही जुर्माने के रूप में राजस्व वसूली में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। अब रेलवे प्रशासन बेटिकट के साथ ही रेलवे प्लेटफॉर्म पर बेवजह घूमने वालों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है इसलिए इन टिकटों की बिक्री पर भी जोर दिया है।

### हल्द्वानी जैसे स्टेशन पर जांच अधिकारी नहीं

**हल्द्वानी :** आरटीआई में यह भी सामने आया है कि टिकट जांच की जिम्मेदारी मुख्य रूप से अन्य स्टेशनों से आने वाली टीमों और विशेष जांच दलों द्वारा निभाई जा रही है। काठगोदाम स्टेशन पर 30 टिकट जांच कर्मचारी, लालकुआं में 11 तथा बरेली सिटी रेड की विशेष जांच टीम में 20 कर्मचारी तैनात हैं। हल्द्वानी जैसे व्यस्त स्टेशन पर टिकट जांच कर्मियों की स्थायी तैनाती नहीं है जबकि हल्द्वानी काफी व्यस्त रेलवे स्टेशन है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat, PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पर्यटन सीजनः डीएम ने दिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

## फास्टैग टोल, शटल सेवा, सत्यापन और पार्किंग व्यवस्था मजबूत करने पर खास जोर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** पर्यटन सीजन को देखते हुए ललित मोहन रयाल ने बुधवार को जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए सभी विभाग समय रहते तैयारी पूरी करें, ताकि सैलानियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका की मैनुअल टोल व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जल्द फास्टैग प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही टैक्सी चालकों, नाविकों, घोड़ा संचालकों और होटल कर्मियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य करते हुए बिना सत्यापन कार्यरत पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भीमताल, भवाली और कैंची धाम क्षेत्रों में विशेष प्लान बनाने, बाहरी वाहनों के प्रवेश को सीमित करने तथा शटल सेवा की दरें निर्धारित कर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए। सभी वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है, वहीं सड़क पर वाहन खड़े करने पर चालान की चेतावनी दी गई है। डीएम ने होटल और होमस्टे का संयुक्त निरीक्षण कर उनकी क्षमता तय करने तथा अवैध होमस्टे के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। पंजीकृत गाइड व घोड़ा संचालकों को ही अनुमति देने और ड्रेस कोड लागू करने का भी निर्णय लिया गया। पार्किंग स्थलों, विशेषकर रूसी बाईपास पर पेयजल, शौचालय, बिजली व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही क्यूआरटी टीम, चीता बाइक और पीए सिस्टम के जरिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए गए।


नैनीताल में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल। ● अमृत विचार

डीएम ने कहा कि पर्यटन सीजन में सैलानियों की सुविधा के साथ ही नैनीताल की प्राकृतिक धरोहर और झील संरक्षण भी प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें।

## स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**रामनगर :** महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में युवाओं को केवल नौकरी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वरोजगार अपनाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहिए। इससे वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगे।

कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से करीब 30 विद्यार्थियों ने उद्यमिता के प्रति विशेष रुचि दिखाई। मुख्य वक्ता भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र सिंह मेहरा ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, स्टार्टअप और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक विचार को व्यवसाय में बदला जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया। अंत में नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- पार्टी की 57वीं वर्षगांठ पर बिन्दुखत्ता में हुए कार्यक्रम में जन आंदोलनों को मजबूत करने का लिया संकल्प

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** बिन्दुखत्ता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के पार्टी कार्यालय में 57वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दुनिया भर के शासक वर्ग समय-समय पर कम्युनिस्ट आंदोलन के खात्मे की घोषणा करते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कम्युनिस्ट आंदोलन आज भी जन आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि भाकपा (माले) नक्सलबाड़ी के किसान विद्रोह की ज्वाला से उपजी पार्टी है, जिसने समूचे कम्युनिस्ट आंदोलन की क्रांतिकारी विरासत को गर्व के साथ अपनाया है। जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि 57वें स्थापना दिवस के मौके पर देश में बढ़ते असंतोष के संकेत दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोग अपने वोट के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो संविधान द्वारा प्रदत्त मूलभूत अधिकार है। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताओं के खिलाफ मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानजनक वेतन व सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। कार्यक्रम में धर्मपाल, विमला रौथाण, भुवन जोशी, ललित मटियाली, नैन सिंह कोरंगा, किशन बघरी, गोविंद जीना, चंदन राम, कमल जोशी, धीरज कुमार, आकाश भारती, निर्मला शाही, प्रोनोबेस करमाकर, टुम्पा चक्रवर्ती, अमित कोहली, त्रिलोक सिंह दानू, खीम सिंह, सोमवती, ललित जोशी, त्रिलोक राम, नारायण जोशी रहे।

# आरोपी युनुस की गिरफ्तारी न होने पर भड़के हिंदूवादी संगठन

**भीमतालः** भीमताल निवासी और कई महिलाओं के शोषण के आरोपी युनुस की तय समय तक गिरफ्तारी न होने पर हिंदूवादी संगठनों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष राजेश कुमार यादव से मुलाकात कर नाराजगी जताई। थानाध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आरोपी की गिरफ्तारी हर हाल में शुक्रवार तक कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विभिन्न टीमें रवाना की गई हैं। इस दौरान प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शुक्रवार तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट ने बताया कि प्रशासन ने अतिक्रमण मामले में आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी, रवि कुमार, गौतम मटियाली, पारस, शरद पांडे, दिनेश सांगुड़ी, सौरभ रौतेला, पारस चंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
विद्याफलम् परोपकाराय
Accreditations, Affiliations & Approvals
ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153
Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


विद्यालय के बच्चों को सम्मानित करते फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

## पृथ्वी दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिताएं

**रामनगर :** द कॉर्बेट फाउंडेशन द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों, जलवायु परिवर्तन तथा पृथ्वी से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दौरान समूहों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। स्कोर बोर्ड के माध्यम से अंकों का निरंतर लेखा-जोखा रखा गया। प्रतियोगिता में आशा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, पत्तापानी (बैलपड़ाव) ने प्रथम स्थान, ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज, धमोला ने द्वितीय स्थान तथा गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, छोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को पत्थरों और पेपर कैनवास पर चित्र बनाने का मौका दिया गया, जिसमें उन्होंने प्रकृति संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण और सतत जीवनशैली जैसे विषयों को प्रस्तुत किया। संचालन हिमानी उपाध्याय, नूतन पाटनी, रसिका कदम, जेसन कुटिन्हो, इदरीश, खिमानंद, मनोज और चंद्रशेखर सुयाल ने किया।


भीमताल स्थित एचजी डिग्री कॉलेज में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

## एचजी डिग्री कॉलेज भीमताल में मनाया पृथ्वी दिवस

**भीमताल :** एचजी डिग्री कॉलेज भीमताल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कागज और घरेलू सामानों से आकर्षक फूल एवं गुलदस्ते तैयार किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचजी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के आईटी हेड मदन बिष्ट उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. बीना नेगी चौधरी, आरएस खाती, रामकृष्ण आर्या, मंजू नेगी, दिगंबर खनेड़ा, नितिन भगवाल रहे।


नैनीताल में पृथ्वी दिवस पर पेंटिग बनाते छात्र-छात्राएं।

## स्टोन पेंटिंग से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नैनीताल :** विश्व पृथ्वी दिवस पर नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में "आवर पावर, आवर प्लेनेट" थीम पर आधारित विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राणी उद्यान के निदेशक एवं प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने कल्पनाशील चित्र बनाए। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 'सीड बॉल मेकिंग' गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान वन आरक्षी अरविन्द कुमार एवं हिमालयन बोटैनिकल गार्डन की नेहा कापड़ी ने विद्यार्थियों को बीज बॉल बनाने की प्रक्रिया सिखाई। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## सिटी ब्रीफ

### काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हल्द्वानी :** रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सकों ने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

### इंस्पिरेशन स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में नीला सदन अव्वल

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में चारों सदनों के बीच ड्रीम्स डोन्ट वर्क, अनलेस यू डू विषय पर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में नीले सदन ने प्रथम स्थान, लाल सदन ने द्वितीय स्थान व हरे सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में व्योम जोशी, गुरनूर कौर, अवंतिका उप्रेती, आरव गुप्ता, राशी रावत, रुद्र सक्सेना, कर्तव्य जोशी सहित कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य ममता तनेजा सहित शिक्षिकाएं प्रेरणा जोशी, पूजा जोशी, सक्षम कोरंगा, गरिमा बिष्ट और हेमा पंत ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# आंदोलन को हिंसक बनाने की थी साजिश!

## मदरसन कंपनी के मजदूरों के आंदोलन को हिंसक बनाने के लिए नोएडा व नेपाल के संपर्क में थे कई लोग

- पुलिस का नोएडा से आदेश मिलने का दावा, आंदोलन के बीच दुबके 10 लोग पुलिस के रडार पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर नोएडा में आंदोलन शुरू किया और देखते ही देखते आंदोलन हिंसक हो गया। पुलिस ने तफ्तीश की तो सुनियोजित षड्यंत्र का भंडाफोड़ हुआ और साजिश का मुख्य आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया गया। ठीक इसी तरह की हिंसा हल्दूचौड़ में भी फैलाने की योजना थी। इस षड्यंत्र को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी 10 लोगों को सौंपी गई थी और अब यह सभी पुलिस के राडार पर हैं।

लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के हल्दूचौड़ में मदरसन कंपनी है, जो विदेशी कारों के लिए पार्ट्स तैयार करती है। अपनी मांगों को लेकर यहां काम करने वाले मजदूर तीन दिन पूर्व तक प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दो दिनों तक तो प्रदर्शन सामान्य था, लेकिन जैसे ही इसकी भनक उन षड्यंत्रकारियों तक पहुंची, जिन्होंने नोएडा में मजदूर आंदोलन को हिंसात्मक बनाया, उन्होंने यहां भी उसी तरह का षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया।

आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी 10 लोगों को सौंपी गई, जो आंदोलन के दूसरे दिन से ही मजदूरों के बीच सक्रिय हो गए। बताया जा रहा है कि यह सभी नोएडा आंदोलन का नाम लेकर मदरसन कंपनी के आंदोलनरत कर्मियों को यह कहते हुए भड़का रहे थे कि आखिर कब तक तुम लोग साढ़े 12 हजार की नौकरी करते रहोगे। जब तक नोएडा की तर्ज पर तांडव नहीं करोगे, तब तक ऐसे ही जीते रहोगे।

एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी का कहना है कि नोएडा की तर्ज पर यहां भी हिंसात्मक षड्यंत्र की योजना थी। ऐसे 8 से 10 लोग हैं, जो षड्यंत्र में सीधे तौर पर शामिल हैं। ऐसे सभी लोगों के भूमिका की जांच की जा रही है और जल्द ही ऐसे लोगों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

### ऐसे खुला नोएडा-नेपाल से हल्दूचौड़ का संबंध

**हल्द्वानी :** हल्दूचौड़ में मजदूरों के आंदोलन के दूसरे दिन आंदोलन स्थल पर राजनीतिक व्यक्तियों का पहुंचना शुरू हुआ। इन सबके बीच खुफिया लगातार आंदोलन और आंदोलनकारियों पर नजर बनाए हुए थी। खुफिया इनपुट पर आंदोलन स्थल पर पुलिस का जमावड़ा भी बढ़ने लगा। पुलिस के अधिकारी जब मजदूरों को समझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी मजदूरों के बीच मौजूद एक महिला पर पुलिस की नजर गई। ये वही षड्यंत्रकारी महिला थी, जो नोएडा में बैठे षड्यंत्रकारियों से मोबाइल फोन के जरिये संपर्क में थी। यही महिला आंदोलनकारियों को यह कहकर भड़का रही थी कि कब तक साढ़े 12 हजार की नौकरी करोगे। तुम्हें भी नोएडा जैसा तांडव करना होगा।

### नोएडा व नेपाल के व्हाट्सएप ग्रुप से मिल रहे थे निर्देश

**हल्द्वानी :** पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हल्दूचौड़ में आंदोलन को हिंसात्मक बनाने की पूरी पटकथा तैयार थी। इसमें नोएडा में हिंसा भड़काने वाले भी शामिल हैं। हल्दूचौड़ में मौजूद सभी षड्यंत्रकारी नोएडा और नेपाल के संपर्क में थे। पुलिस की मानें तो नोएडा और नेपाल से कई व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किए जा रहे थे और यह सभी 8 से 10 लोग इस इन व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े थे। इन्हीं ग्रुप्स के जरिये हल्दूचौड़ में मौजूद लोगों को क्या करना है और कब, यह निर्देश दिए जा रहे थे।


पीयूष जोशी की रिहाई की मांग को लेकर कोतवाल को ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि।

### पीयूष जोशी की गिरफ्तारी का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं :** समाजसेवी पीयूष जोशी की गिरफ्तारी के विरोध में बरेली रोड क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कोतवाली लालकुआं पहुंचकर नाराजगी जताई। जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते हुए गिरफ्तारी को अनुचित बताया। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि समाजसेवी पीयूष जोशी लंबे समय से क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मदरसन फैक्ट्री के श्रमिकों के समर्थन में जाने पर उन्हें राजनीतिक द्वेष भावना के तहत घर से गिरफ्तार किया गया, जो अनुचित है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने पीयूष जोशी को बिना शर्त रिहा करने की मांग करते हुए पुलिस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### मदरसन कर्मियों के समर्थन में कांग्रेस, पुतला फूंका

**भीमताल :** भीमताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हल्दूचौड़ और लालकुआं स्थित मदरसन कंपनी के कर्मचारियों के साथ कथित पुलिस दुर्व्यवहार के विरोध में तिकोनिया चौराहे पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को शीघ्र पूरा करने तथा पुलिस उत्पीड़न बंद करने की मांग की। प्रदर्शन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश बृजवासी, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार मोनू, युवा विधानसभा अध्यक्ष भावेश नेगी, एनएसयूआई अध्यक्ष हर्षित नोलिया, विपिन सनवाल, गोपाल दत्त पलाडिया, खुशीराम, सतीश टम्टा आदि रहे।

# श्रमिक काम पर लौटे, पीयूष जोशी और हरीश पनेरु रिहा

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** मोटाहल्दू स्थित मदरसन कंपनी में आंदोलन के बाद श्रमिकों ने पुनः विधिवत कामकाज शुरू कर दिया है। वहीं मामले में गिरफ्तार समाजसेवी पीयूष जोशी और कांग्रेसी नेता हरीश पनेरु सहित अन्य लोगों को पुलिस प्रशासन ने रिहा कर दिया है। रिहाई के बाद समाजसेवी पीयूष जोशी की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में भर्ती कराया गया।

गत दिवस पुलिस अधिकारियों और उपश्रमायुक्त की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी संभाल ली। बुधवार सुबह भी भारी संख्या में पुलिस बल मदरसन कंपनी के बाहर तैनात रहा और पुलिस की मौजूदगी में श्रमिकों ने मुख्य द्वार से कंपनी में प्रवेश किया।


एसटीएच में भर्ती पीयूष जोशी।

- रिहाई के बाद बिगड़ी पीयूष जोशी की तबीयत, एसटीएच में भर्ती

बताया जा रहा है कि रिहा होने के बाद जब पीयूष जोशी हल्दूचौड़ स्थित अपने घर पहुंचे तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर लालकुआं कोतवाली पुलिस ने समाजसेवी पीयूष जोशी समेत 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ श्रमिकों को भड़काने और दंगा भड़काने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।



पीयूष जोशी की रिहाई की मांग को लेकर कोतवाल को ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि।

# जल संस्थान कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड नंबर 48 स्थित अमरावती कॉलोनी में पानी की भारी किल्लत से परेशान लोगों ने बुधवार को स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में तिकौनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

प्रदर्शन के बाद क्षेत्रवासियों ने अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द पेयजल आपूर्ति सामान्य करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी में गोला नदी और ट्यूबवेल की पाइपलाइन होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मजबूरी में लोगों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं पड़ रहा, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। पार्षद मुकुल बल्यूटिया ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में मुकुल बल्यूटिया, जितेन्द्र सिंह, नेत्रबल्लभ जोशी, हरीश चंद्र पांडे, शांति भंडारी, मीना जोशी, सुबोध पांडेय, दीपक तिवारी, पीसी तिवारी, नीरज जोशी, मोहिनी देवी, प्रतिभा पांडे, कमला फर्त्याल, लता, जीवंती देवी, कमला जोशी, शिवानी जोशी, मनोज भट्ट, तारा भंडारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।


पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय पर नारेबाजी करते लोग।

## अग्रसेन भवन में माता की चौकी का आयोजन

**हल्द्वानी:** वैश्य महिला समिति की ओर से बुधवार को अग्रसेन भवन में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता के दरबार में दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई, जिसके बाद पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पंडित राजेश शर्मा की मंडली के सुप्रसिद्ध गायक संदीप और पूजा ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति रस में डूबे लोगों ने देर शाम तक माता की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डांडिया नृत्य रहा। इस अवसर पर वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, महामंत्री स्नेहलता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवालआदि रहे।

# देवला तल्ला में जल संकट, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** देवला तल्ला क्षेत्र में लंबे समय से जारी पेयजल किल्लत से आक्रोशित ग्रामीणों का धैर्य बुधवार को जवाब दे गया। पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीणों ने जल संस्थान के कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला और सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंह नगरकोटी ने विभाग के खिलाफ तीखा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता नंदकिशोर को बताया कि देवला मल्ला स्थित ट्यूबवेल संख्या-2 से आपूर्ति ठप होने के कारण पूरा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित है। साथ ही ग्रामीणों ने ट्यूबवेल संख्या-189 को तत्काल पेयजल व्यवस्था से जोड़ने की पुरजोर मांग उठाई ताकि क्षेत्र की किल्लत दूर हो सके।

ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला ने विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पहले कई बार लिखित ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि गंभीर जल संकट के कारण ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है, जिसके चलते उन्हें मजबूरन दफ्तर की चौखट पर आकर धरना देना पड़ा।

ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद अधिशासी अभियंता किशोर पंत ने मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि पेयजल आपूर्ति में आ रही तकनीकी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर सभी मांगों पर कार्रवाई कर समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा।

अधिकारी के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल अपना धरना समाप्त कर दिया है। हालांकि, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह, कल्याण गिरी, मोहन सिंह नौला, कमल सिंह नैला, श्याम सिंह नौला, अजय पांडे सहित देवला तल्ला के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


देवला तल्ला के ग्रामीण जल संस्थान दफ्तर में जमीन में बैठकर प्रदर्शन करते हुए।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# कैफे होम स्टे का मैनेजर पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर के एक कैफे होम स्टे में बीते दिनों पुलिस ने स्कूली ड्रेस में नाबालिग छात्र छात्राएं पकड़े थे। उसी होटल के मैनेजर को पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बता कि जांच के दौरान होमस्टे-मैनेजर भाष्कर जोशी पुत्र नवीन चन्द्र निवासी कोसी डोलघर थाना जिला अल्मोड़ा पर यौन अपराध को संरक्षण एवं सहायता प्रदान किया जाना पाया गया। जिस कारण आरोपी मैनेजर भास्कर जोशी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपी होटल मैनेजर को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# डॉक्टरों की चारधाम ड्यूटी बढ़ा देगी स्थानीय मरीजों की दिक्कत

संवाददाता, हल्द्वानी

- बेस अस्पताल के एकमात्र हड्डी रोग विशेषज्ञ की भी लगेगी ड्यूटी
- दो फिजिशियन को भी चारधाम ड्यूटी में भेजा जाएगा

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में पहले से ही डॉक्टरों की कमी चल रही और अब चारधाम यात्रा की ड्यूटी की वजह से मरीजों का और भी बुरा हाल हो गया है। अस्पताल से दो फिजिशियन और एक मात्र हड्डी रोग विशेषज्ञ को ड्यूटी पर चारधाम भेजने का आदेश आ गया है। अब मरीजों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी।

अस्पताल प्रशासन ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएस खोलिया को 27 मई से 15 जून तक चारधाम यात्रा में ड्यूटी के लिए निर्देशित किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी का पालन न करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जा सकती है। ऐसे में उनके जाने के दौरान अस्पताल में हड्डी रोग विभाग की ओपीडी पूरी तरह बंद होने की संभावना है। हड्डी रोग विभाग में पहले दो डॉक्टर थे लेकिन एक डॉक्टर ने नौकरी छोड़ दी और अब केवल एक ही डॉक्टर रह गए हैं। वो ओपीडी में मरीज को देखने के साथ ही ऑपरेशन भी करते हैं। उनकी ओपीडी में प्रतिदिन करीब 200 मरीज आते हैं। अस्पताल की स्थिति पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रही है। यहां करीब 10 डॉक्टर, 40 स्टाफ नर्स और 24 वार्ड बॉय के पद खाली बताए जा रहे हैं। इस बीच तीन डॉक्टरों को यात्रा ड्यूटी पर भेजे जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ना तय है। बेस अस्पताल की फिजिशियन ओपीडी में सबसे अधिक भीड़ रहती है, लेकिन यहां तैनात तीन चिकित्सकों में से दो को भी चारधाम यात्रा के लिए चयनित किया गया है। डॉ. विनीता निखुर्पा को 14 सितंबर से 3 अक्टूबर तक, जबकि डॉ. जितेंद्र भट्ट को 17 जुलाई से 5 अगस्त तक यात्रा ड्यूटी सौंपी गई है। ऐसा तब है कि जब अब गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है और दो माह बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। ऐसे मौसम में डायरिया, फीवर, वायरल, सर्पदंश, मलेरिया जैसे मामले बढ़ जाते हैं। इनके उपचार में फिजिशियन का होना जरूरी है।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल के अनुसार, रिक्त पदों को भरने के लिए सीएमओ को पत्र भेजा गया है, ताकि मरीजों को होने वाली परेशानी को कम किया जा सके।

# सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों ने एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी से मुलाकात कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग और पत्रकारों की छवि धूमिल किए जाने के मामलों में कार्रवाई की मांग की।

यूनियन के जिलाध्यक्ष सर्वेन्द्र बिष्ट व जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत ने आरोप लगाया कि कुछ लोग स्वयं को पत्रकार बताकर अनुचित गतिविधियों में संलिप्त हैं। ज्ञापन में कमल कफलटिया नामक व्यक्ति के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई।

बताया कि हाल ही में बुद्ध पार्क क्षेत्र में एक प्रिंट मीडिया पत्रकार के साथ अभद्रता की गई। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यूट्यूब चैनल चलाने वाले लोग पत्रकारों के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक सामग्री प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे अकाउंट्स की पहचान कर आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई, दिशा-निर्देश जारी करने और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी। एसएसपी ने आश्वासन दिया कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# कुमाऊं में स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश को ट्रायल 16 मई से

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार की ओर से संचालित स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रारंभिक चयन ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कुमाऊं मंडल के अभ्यर्थियों के लिए यह ट्रायल 15 मई से 23 मई 2026 तक नौ दिनों तक अलग-अलग जिलों में आयोजित किए जाएंगे। सभी ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होंगे।

ट्रायल की शुरुआत 16 मई को रुद्रपुर, 17 मई को रामनगर, 18 मई को हल्द्वानी, 19 मई को अल्मोड़ा, 20 मई को बागेश्वर, 21 मई को पिथौरागढ़, 22 मई को लोहाघाट और 23 मई को टनकपुर में ट्रायल आयोजित होंगे। ट्रायल के दौरान बालकों के लिए एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, जूडो, हॉकी, वॉलीबॉल, जिम्नास्टिक्स, तैराकी, निशानेबाजी और आइस स्पोर्ट्स में चयन किया जाएगा। वहीं बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और बैडमिंटन खेलों में ट्रायल होंगे। प्रवेश के लिए आयु सीमा 11 से 13 वर्ष तय की गई है। अभ्यर्थी का जन्म 1 जुलाई 2013 से 1 जुलाई 2015 के बीच होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थियों को 10 मई 2026 तक पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता और खेल कौशल के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा। कुमाऊं मंडल के खिलाड़ियों के लिए यह बड़ा अवसर है। नौ दिनों तक अलग-अलग जिलों में आयोजित होने वाले इन ट्रायल के जरिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश का मौका मिलेगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, स्थान और समय का ध्यान रखते हुए ट्रायल में भाग लेना होगा।

### खेलों में प्रतिभा निखारने के साथ ही स्तरीय शिक्षा पाने का भी मिलता है मौका

उत्तराखंड के स्पोर्ट्स कॉलेजों में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं, जो उनके खेल और शिक्षा दोनों के भविष्य को मजबूत बनाते हैं। इस योजना के तहत छात्रों को मुफ्त आवासीय शिक्षा के साथ-साथ खेलों की प्रोफेशनल ट्रेनिंग एक ही परिसर में दी जाती है, जिससे वे पढ़ाई और खेल के बीच बेहतर संतुलन बना पाते हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों को इंटरनेशनल स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। आधुनिक खेल मैदान, उन्नत उपकरण और प्रशिक्षित कोचिंग स्टाफ के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारने का पूरा अवसर मिलता है। कम उम्र, यानी कक्षा 6 से ही प्रशिक्षण शुरू होने के कारण खिलाड़ी अपने करियर की मजबूत नींव तैयार कर सकते हैं और आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की क्षमता विकसित करते हैं। चयनित खिलाड़ियों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर भी मिलता है, जिससे उनका अनुभव और एक्सपोजर बढ़ता है। साथ ही, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भविष्य में सरकारी स्तर पर सहयोग, स्कॉलरशिप, नौकरियों में स्पोर्ट्स कोटा और अन्य अवसरों का लाभ भी मिल सकता है। इस तरह यह योजना न सिर्फ खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देती है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी तय करती है।

# कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र को उजागर करेंगे

## भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों में रोड़ा अटकाने का आरोप लगाया, जनता को करेंगे जागरूक

- दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने किया कार्यकर्ताओं से आह्वान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों में रोड़ा अटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, महापौर विकास शर्मा और जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने संयुक्त रूप से कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने की कोशिश कर विपक्ष ने अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है।

दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने कहा कि जो बिल 1996 में आया था, उसे पारित होने में 27 साल लग गए। 2010 में भी इसे एक ही सदन में पास होने दिया गया। उन्होंने कहा कि 2023 में जब मोदी सरकार यह ऐतिहासिक कानून लेकर आई, तब भी विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। मेहरा ने जोर दिया कि ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' और ''स्वच्छ भारत अभियान'' जैसी योजनाओं ने महिलाओं के आत्मविश्वास और समाज की सोच को बदला है।



पत्रकारों से वार्ता करतीं दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा। ● अमृत विचार


काशीपुर में एमपी चौक पर कांग्रेस का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा की मूल सोच आधी आबादी को समान प्रतिनिधित्व देने की है। निकायों से लेकर लोकसभा तक जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार मिले।

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस के दोहरे चरित्र और महिला विरोधी रुख को जनता के सामने रखेंगे।

इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, जिलाध्यक्ष नीता सक्सेना, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, प्रीति धीर और विजय तोमर उपस्थित रहे।


महिला विधेयक पारित न होने को लेकर खटीमा में कांग्रेस के खिलाफ रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### खटीमा में महिला आरक्षण बिल पर छिड़ा सियासी घमासान

**खटीमा :** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर राजनीतिक गरमा गई है। विधेयक के पारित होने में आ रही बाधाओं और विपक्षी रुख से नाराज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल महिला आरक्षण बिल को लेकर केवल दिखावा कर रहे हैं। कांग्रेस की दोहरी नीति और बिल में जानबूझकर अड़ंगा लगाने के कारण ही यह ऐतिहासिक कदम समय पर जमीन पर नहीं उतर पा रहा है। मुख्य चौराहे पर भारी संख्या में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं में कांग्रेस नेतृत्व का पुतला फूंका। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, रविंद्र राणा, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीता सक्सेना, विमला मुंडेला, विक्की रस्तोगी, मनोज शाही, नंदन सिंह खड़ायत, रबीश भटनागर, नवीन भट्ट, विमला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### काशीपुर में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका विपक्ष का पुतला

**काशीपुर :** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच भारतीय जनता पार्टी ने अब सड़कों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। भाजयुमो के नेतृत्व में शहर के एमपी चौक के निकट भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की महिला मोर्चा के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विपक्ष का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रशांत पंडित ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल नहीं चाहते कि देश की महिलाएं आगे बढ़ें और नेतृत्व की भूमिका निभाएं।

## सिटी ब्रीफ

### 50 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** विगत रात्रि पंतनगर थाना पुलिस ने एक युवक को 50 पाउच कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर दिया है। मंगलवार देर रात पंतनगर थाने के एसएसआई दिनेश रावत पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली की नगला टोल से पहले बस स्टॉप के पीछे बांस की झाड़ियों की आड़ में बैठकर एक युवक कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना टीम मौके पर पहुंची तो युवक सकपकाने लगा। टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से करीब 50 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नगला गोलगेट निवासी नौसे अल्ली उर्फ मल्लू बताया। सीओ पंतनगर डीआर वर्मा ने बताया कि अभियुक्त को बुधवार को कोर्ट में पेश कर दिया है।

### चोरों ने दो बाइकों पर किया हाथ साफ

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं, जहां पुलिस की सक्रियता के बावजूद चोरी की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। ताजा मामलों में, ट्रांजिट कैंप निवासी मुन्ना लाल की बाइक एक अप्रैल को उनके घर के बाहर से चोरी हो गई। वहीं, आवास विकास निवासी विष्णु राणा की बाइक छह अप्रैल की रात घर के सामने से गायब कर दी गई। दोनों ही पीड़ितों ने काफी खोजबीन के बाद पुलिस में तहरीर दी। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## तीन युवकों की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** दो दिन पूर्व टांडा जंगल में सड़क हादसे के मामले में परिजनों ने अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ पंतनगर थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

बुधवार को ग्राम मंडवाखेड़ा (मझरा) थाना जसपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने पंतनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। तहरीर में राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका बेटा अनिकेत 19 अप्रैल को अपने मित्र रोहन निवासी रुड़की और आकाश निवासी मिलक रामपुर के साथ स्कूटी पर सवार होकर रुद्रपुर से हल्द्वानी जा रहा था। जब तीनों रुद्रपुर हल्द्वानी मार्ग के बीच में रेलवे फाटक पार करके टांडा जंगल के पास पहुंचे।

इस बीच हल्द्वानी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही से बिना कोई संकेत दिए स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से जब तीनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## दो चोर गिरफ्तार, पांच मोटरसाइकिलें बरामद

- हल्द्वानी मार्ग स्थित बेनी मजार के पास चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को मिली सफलता, पंतनगर के रहने वाले हैं आरोपी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत किच्छा कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी के निर्देशन में हल्द्वानी मार्ग स्थित बेनी मजार के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान मनोज प्रसाद और अजय कुमार निवासी झा कॉलोनी (पंतनगर) के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद बाइक चोरी की निकली। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने पराग फार्म के जंगल में छिपाई गई चार अन्य बाइकें भी बरामद करा दीं। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार, जगदीश मेहरा और भागवत परिहार शामिल रहे।

## जु-जित्सु में क्षितिज ने जीता स्वर्ण पदक

- श्रीलंका में आयोजित दक्षिण एशियाई जु-जित्सु चैंपियनशिप में सफलता, रुद्रपुर पहुंचने पर खिलाड़ी का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** श्रीलंका के डिंगाना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित दक्षिण एशियाई जु-जित्सु चैंपियनशिप में जनपद के खिलाड़ी क्षितिज सिंह ने स्वर्णिम सफलता हासिल की है। भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षितिज ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि प्रदेश और जनपद को भी गौरवान्वित किया है। बुधवार को शहर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।


स्वर्ण पदक विजेता को मिठाई खिलाते जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष चुघ।

श्रीलंकाई खिलाड़ी को दी मात

जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मीडिया पब्लिसिटी कमिशन के चेयरमैन और मुख्य कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि क्षितिज सिंह ने एडल्ट्स आयु वर्ग के -85 किग्रा भार वर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में मेजबान श्रीलंका के खिलाड़ी को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा, टीम इवेंट (डूओ शो मिक्स) में हल्द्वानी की श्रीपर्णा जोशी के साथ मिलकर क्षितिज ने रजत पदक भी जीता। क्षितिज की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, उद्योगपति महेश ठाकुर और एशियाई खिलाड़ी कृष्ण साना ने उन्हें माल्यार्पण कर और ट्रैक सूट भेंट कर सम्मानित किया। भारत भूषण चुघ ने कहा कि क्षितिज की यह जीत क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर नगर महामंत्री अमित गौड़, पूरन पांडेय, सोमनाथ जायसवाल, विनय कुमार जोशी, अमित अरोरा, खेल उपनिदेशक रसिका सिद्दीकी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, डीएसओ जानकी कार्की, हीराम तिग्गा, विजेंद्र चौधरी और वसीम खान मौजूद रहे।


प्रार्थना पत्र की सुनवाई करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

### सुनवाई के बाद दिया एक सप्ताह का समय

**रुद्रपुर :** नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला सभागार में जनपद स्तरीय स्कूटनी समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें समिति द्वारा रवि कुमार निवासी ग्राम बखपुर तहसील किच्छा द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की गई। बुधवार को सुनवाई के दौरान समिति द्वारा संबंधित पक्षों को अभिलेखों की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराए जाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखों की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराए जाने के बाद एक सप्ताह के भीतर प्रकरण में नियमानुसार निर्णय पारित किया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी किच्छा गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, नामित सदस्य व पटल सहायक सचिन काला आदि उपस्थित थे।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से 200 लीटर तेल चोरी

**सितारगंज :** सितारगंज में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहां एक निजी अस्पताल के सामने खड़े ट्रक से कार सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने करीब 200 लीटर डीजल और दो बैटरियां चोरी कर लीं। गौरीखेड़ा निवासी ट्रक चालक फारुख के अनुसार, 18 अप्रैल की रात जब वह पास की दुकान में सो रहा था, तभी उसने ट्रक के पास एक संदिग्ध कार देखी। शोर मचाने पर आरोपी सिडकुल फेज-2 की ओर फरार हो गए। पीछा करने के बावजूद चोर हाथ नहीं आए। पुलिस ने तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।


विजेता टीम के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

### वॉलीबॉल में वीएस भवन ने पंत भवन को हराया

**पंतनगर, अमृत विचार :** सत्र 2025-26 की विश्वविद्यालय अंतरछात्रावास पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का संपन्न हो गयी है। प्रतियोगिता में कुल 9 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच वीएस भवन और पंत भवन के बीच खेला गया। वीएस भवन ने पंत भवन को 25-18, 24-26, 25-17, 25-23 से पराजित कर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित हुई। इस दौरान वीएस भवन के छात्र आशीष कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.एएस जीना ने पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर वॉलीबॉल के स्टाफ काउंसलर डॉ.आरपी मौर्य समेत शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अग्रवाल महिला समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल का भाजपा नेता व अधिवक्ता प्रमोद मित्तल ने उनके निवास पर पहुंचकर अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। साथ ही समिति के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगी।

बुधवार को समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष के आवास पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने कहा कि ऊषा अग्रवाल एक सक्रिय, कर्मठ एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उनके नेतृत्व में अग्रवाल महिला समिति नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अमित जैन, अधिवक्ता एसोसिएशन रुद्रपुर के सचिव मनीष मित्तल, पूजा मित्तल, निखिल चंडोक, डॉ.गौरव अग्रवाल, अमित मित्तल, नितिन अग्रवाल समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


अग्रवाल महिला समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सम्मानित करते भाजपा नेता।

## सचल दल की चेकिंग के दौरान ट्राले में घुसी कार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रामपुर रोड पर बुधवार तड़के राज्य कर विभाग के सचल दल द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। विभाग की टीम द्वारा रोके गए ट्राले से पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चेकिंग कर रही टीम के मौके से फरार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रामपुर रोड स्थित राज्य कर विभाग के चेकिंग पोस्ट पर सचल दल की टीम वाहनों को रोककर जांच कर रही थी। तड़के टीम ने रामपुर की ओर से आ रहे राजस्थान नंबर के एक ट्राले को रुकने का इशारा किया। ट्राले के रुकते ही पीछे से आ रही अल्मोड़ा नंबर की टैक्सी कार अनियंत्रित होकर ट्राले के पिछले हिस्से में जा घुसी। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के प्रमिला, वीरेंद्र सिंह, दिशा और कुंदन सिंह लहूलुहान होकर कार के भीतर फंस गए। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र जगदेव सिंह पुत्र बलजीत सिंह को उसकी परिवार विरोधी हरकतों के चलते अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। जगदेव सिंह के किसी कृत्य से हमारा वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। **परमजीत कौर पत्नी बलजीत सिंह, भिलैया जमौर, खटीमा, उधम सिंह नगर**

**सूचना**

मेरा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का बी०ए० पार्ट-तृतीय अनुक्रमांक-13522011 एवं एम० ए० (फाईनल) अनुक्रमांक-51328048 एवं वर्ष 2017-2019 (डी० एल० एड०) क्रम सं० 1720242, रोल नं०-05120000211006 का मार्कशीट (अंकपत्र) व सनद वास्तव में खो गया है। **- प्रियंका बिष्ट पुत्री श्याम सिंह बिष्ट, वार्ड नंबर-10, तहसील सितारगंज, उधम सिंह नगर**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत**
Phone-Fax 05965-230148, E-Mail : eepmgsychampawat@gmail.com

पत्रांक : 451/10/पी०एम०जी०एस०वाई० — **अल्पकालीन कोटेशन सूचना** — दिनांक : 15/04/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिं०ख०, पी०एम०जी०एस०वाई०. चम्पावत द्वारा विभागीय कार्यों एवं खण्ड के अन्तर्गत पड़ने वाले मार्गों पर निरीक्षण / भ्रमण हेतु टैक्सी वाहन किराये पर रखने हेतु निम्नलिखित विवरण हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | वाहन का प्रकार | मेक एवं मॉडल | ईंधन की खपत (कि०मी० प्रति लीटर) | मसिक दर चालक सहित एवं पूर्ण रख-रखाव सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोलेरो | 2022 एवं उच्चतर | 10.00 कि०मी० प्रति लीटर | 31500.00 |

कोटेशन शीलबन्द लिफाफे में दिनांक 22.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा पेटी में डाले जाएंगे जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोले जाएंगे। कोटेशन के साथ रु० 5000.00 की धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक / डाकघर से एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, सिं०ख०, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत के नाम बन्धक हो, अनिवार्य रूप से जमा की जानी होगी। सशर्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
उक्त से सम्बन्धित शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

**अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड,**
**पी०एम०जी०एस०वाई० चम्पावत**

## भारतीयम में ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम व फैन्सिंग फेडरेशन एशिया के अध्यक्ष।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया शतरंज फेडरेशन व उत्तराखंड शतरंज फेडरेशन के तत्वावधान में देवभूमि शतरंज एसोसिएशन की ओर से भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल लालपुर में पांच दिवसीय स्व. धीरज सिंह रघुवंशी मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, फैन्सिंग फेडरेशन एशिया के अध्यक्ष राजीव मेहता, शतरंज फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस ऑल इंडिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता में देश 260 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

बुधवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जिसे कोई भी, कभी भी, कहीं भी खेल सकता है। शतरंज खेल की सभी जानकारियां इंटरनेट पर मौजूद है, जिससे बच्चे आसानी से सीख सकते हैं। इस अवसर पर देवभूमि एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चड्ढा, महासचिव मनोज खेड़ा, महासचिव ओलंपिक एसोसिएशन डॉ.डीके सिंह, संजीव चौधरी, सीमा सिंह, प्रधानाचार्य भारतीय इंटरनेशनल स्कूल रश्मि आनंद आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## जिला मंत्री बने हिमांशु, रोहित ब्लॉक उपाध्यक्ष

**सितारगंज** : युवा नेता हिमांशु सक्सेना को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का जिला मंत्री तथा रोहित आर्या को ब्लाक उपाध्यक्ष बनाया गया है। वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल ने बताया कि सितारगंज निवासी हिमांशु सक्सेना को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का ऊधमसिंह नगर का जिला मंत्री तथा उकरौली निवासी रोहित आर्या को ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। हिमांशु तथा रोहित ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन के निर्देशानुसार कार्य करते हुए समाजिक कार्यों में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**बाजपुर** : नेशनल हाईवे-74 पर लेवड़ा पुल के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लखीमपुर खीरी (यूपी) निवासी आतिक (23) और साहिल (24) बाइक से हिमाचल प्रदेश जा रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों की मदद से एनएचएआई एंबुलेंस द्वारा उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दोराहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**सितारगंज**: हादसे में बाइक सवार की मौत मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव पिपलिया नाथू निवासी रोहतास ने बताया कि 18 अप्रैल को उसका बेटा नितिन कुमार (16) पेट्रोल पंप से बाइक में तेल डलवा कर नकटपुरा चौराहे की तरफ आ रहा था। तभी अमरिया की तरफ से तेजी से आ रहे डंपर ने किसी ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक करते समय उसके बेटे की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। पुलिस ने उसे उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खेत में लगे पेड़ काटे

**बाजपुर** : ग्राम कनौरा में मंगलवार रात अज्ञात व्यक्ति ने किसान जाबिर हुसैन के खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बुधवार सुबह घटना का पता चलने पर पीड़ित किसान ने दोराहा पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जाबिर हुसैन के अनुसार, पेड़ों को नुकसान पहुंचने से उन्हें भारी आर्थिक चपत लगी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 25 छात्र-छात्राओं का एनसीसी के लिए चयन



सिटी कॉन्वेंट स्कूल में एनसीसी के लिए छात्राओं का चयन करते अधिकारी।

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में 1-यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट पंतनगर के तत्वावधान में जूनियर डिवीजन एयर एनसीसी भर्ती का आयोजन किया गया। एयर एनसीसी के ग्रुप कमांडर कैप्टन विवेक रावत के नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया चलाई गई। भर्ती प्रक्रिया का संचालन पंतनगर से आए एयर एनसीसी के जूनियर वारंट ऑफिसर रूपेश तथा कोपलर गणेश द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर मूल्यांकन किया गया। जिसमें कक्षा आठ और नौ के 95 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिनमें से 25 मेधावी विद्यार्थियों का चयन एनसीसी के लिए किया गया। प्रबंधन प्रवीण उपाध्याय ने एनसीसी एयर एनसीसी स्टाफ का स्वागत और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना, लक्ष्मी मेहता, महिमन सिंह मौजूद रहे।

### महापौर विकास शर्मा ने रम्पुरा, संजय नगर खेड़ा और सुभाष कॉलोनी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया

# घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और शहर में संभावित पेयजल संकट को लेकर महापौर विकास शर्मा ने जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान महापौर ने घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की। साथ ही स्पष्ट किया गया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में महापौर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी अमृत योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बताया कि इस योजना के तहत 750 फीट की गहराई से निकाला जा रहा पानी गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसे घर-घर पहुंचाने के लिए प्रथम चरण में रम्पुरा, संजय नगर खेड़ा और सुभाष कॉलोनी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते महापौर विकास शर्मा। • अमृत विचार

महापौर ने घोषणा करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों के निवासियों को नए पानी के कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। साथ ही कनेक्शन का पूरा खर्च नगर निगम वहन करेगा। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक सोमवार को जल संस्थान के जेई अनिवार्य रूप से नगर निगम कार्यालय में बैठेंगे। इससे आम जनता सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। नए कनेक्शन की फाइलें भी जल्द निस्तारित होंगी। शिकायतों की निगरानी के लिए जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। उन्होंने विभागीय तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि जहां पाइपलाइन खराब है या स्टाफ की कमी है। वहां नगर निगम की टीम मरम्मत का कार्य करेगी और जल संस्थान आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा। शहर के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि जो लोग व्यक्तिगत कनेक्शन नहीं ले सकते, उनके लिए वार्डों में स्टैंड पोस्ट लगाए जाएं। ताकि उन्हें निशुल्क पानी मिल सके। सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर और मांग वाले क्षेत्रों में वाटर टैंकर्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, भीषण गर्मी में बेजुबान पशुओं के लिए जगह-जगह पानी के टब रखवाए जाएंगे।

### नई पाइपलाइन बिछाने के लिए 196 करोड़ का बजट पास

**रुद्रपुर** : महापौर ने कहा कि शहर के 26 वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाने के लिए भारत सरकार ने 196 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया है। जिसका टेंडर जल्द निकाला जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन हर घर जल को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त रणदीप, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीयूष रंजन, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, तरुण शर्मा, एसडीओ अन्नु अरोरा, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार, सीएमएम मनोज कर्नाटक, जल निगम के एई सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र, शुभम पाल अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे।

# ग्राम प्रधान पति पर जानलेवा हमला सिसौना में बाजार बंद, किया प्रदर्शन

### धूल रोकने को पानी छिड़काव कहने पर विवाद, 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग उठाई

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार** : सितारगंज के सिसौना क्षेत्र में धूल रोकने के लिए पानी छिड़काव की मांग करना ग्राम प्रधान पति व व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष हरेंद्र सिंह को भारी पड़ गया। स्टोन क्रशर के कर्मचारियों ने उन पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस घटना के विरोध में बुधवार को सिसौना बाजार बंद रहा और ग्रामीणों ने क्रशर गेट पर धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।



सितारगंज में धरना देते प्रधान पति और उनके समर्थक। • अमृत विचार

हरेंद्र सिंह के अनुसार, मंगलवार को उन्होंने सड़क पर उड़ रही धूल को रोकने के लिए क्रशर कर्मियों से पानी छिड़काव करने को कहा था। इसी बात को लेकर उनके भाई राजेंद्र सिंह और क्रशर कर्मियों के बीच वाद-विवाद हो गया। आरोप है कि मंगलवार देर शाम पांच हथियारबंद कर्मियों ने हरेंद्र सिंह का पीछा किया और बाजार में उन पर हमला कर लहूलुहान कर दिया।

घटना के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों और व्यापारियों ने स्टोन क्रशर के गेट पर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ओवरलोड वाहनों के कारण पंचायत की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और धूल से जीना मुहाल हो गया है। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष रेशम सिंह ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल और अन्य नेताओं ने भी आंदोलन को समर्थन दिया।

उच्चाधिकारियों से वार्ता और 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की चेतावनी के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल धरना स्थगित कर दिया है। इधर, सीओ बीएस धौनी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पुष्टि होने पर दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक के पास आग जलाना पड़ेगा भारी

**काशीपुर** : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल की रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीणा सिन्हा ने रेल यात्रियों, किसानों और ट्रैक किनारे रहने वाले लोगों के लिए विशेष सुरक्षा अपील जारी की है।



वीणा सिन्हा।

उन्होंने चेतावनी दी है कि रेलवे ट्रैक या पटरियों के आसपास सूखी घास, पराली और कूड़ा जलाना रेल परिचालन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। डीआरएम ने कहा कि ट्रैक के पास लगी आग से सिग्नलिंग केबल और दूरसंचार उपकरण जल सकते हैं, जिससे ट्रेन सेवाएं ठप होने और रेल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे ट्रेन में गैस सिलेंडर, पटाखे या ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें और चलती ट्रेन से जलती हुई बीड़ी-सिगरेट न फेंकें। धुएं के कारण दृश्यता कम होने से यात्रियों का दम घुटने या भगदड़ जैसी स्थिति बन सकती है। रेलवे ने स्पष्ट किया कि कहीं भी आग दिखने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचित करें।

# दिनेशपुर में जनगणना प्रगणकों का प्रशिक्षण




दिनेशपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद चार्ज अधिकारी, प्रगणक पर्यवेक्षक।

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत दिनेशपुर में आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण 20 से 22 अप्रैल तक चले प्रशिक्षण सत्र में फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रगणकों जनगणना के नियमों, प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। परीक्षण के दौरान माक ड्रिल और प्रश्नोत्तर भी आयोजित किए गए। ताकि फील्ड में काम करते समय कोई परेशानी न आए। सत्र प्रशिक्षित प्रगणक जल्द ही नगर क्षेत्र में जनगणना का कार्य शुरू करेंगे। प्रशिक्षण शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न होने पर जनगणना चार्ज अधिकारी नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मुहम्मद यामीन ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी प्रगणक घर-घर जाकर सही और गुणवत्तापूर्ण आंकड़े एकत्र करें, ताकि सरकार की योजनाएं सही डेटा के आधार पर बन सकें। प्रशिक्षण सत्र में गोवर्धन भट्ट, देव कुमार, सुशील कुमार, दिलीप वैश्य सहित नगर पंचायत क्षेत्र के कई प्रगणक एवं पर्यवेक्षक शामिल रहे।




किच्छा में प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। • अमृत विचार

## उत्तराखंड की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**किच्छा** : आम आदमी पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी महेंद्र यादव ने घोषणा की है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की सभी 70 सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। बुधवार को बरेली मार्ग स्थित एक निजी होटल में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे यादव ने संगठन को धार देने के लिए पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी देने का ऐलान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस की नीतियों से त्रस्त है। सम्मेलन में सह प्रभारी तारीफ सिंह, हरजीत सिंह सैंडी और अनुज पाल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन मंत्री कुलवंत सिंह, जनार्दन सिंह और जसपाल सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी वीडियो मामले में प्रदर्शन

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार** : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के कथित वीडियो को लेकर मचा सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को रुद्रपुर के आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने सरकार पर एआई तकनीक के जरिए फर्जीवाड़ा कर बंगाली समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया है।



आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेसी।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वार्ड अध्यक्ष खगोपाती विश्वास ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रदेश अध्यक्ष के सोशल मीडिया पेज की कॉपी तैयार की गई और एआई के माध्यम से बंगाली समाज के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी प्रसारित की गई। उन्होंने इसे पूरी तरह फर्जी और दुष्प्रचार करार दिया। विश्वास ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बंगाली समाज को मान-सम्मान दिया है, लेकिन भाजपा अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए समाज को भड़काने की साजिश रच रही है। इस अवसर पर अशोक मंडल, सुजीत मजूमदार, विमल घरामी, विकास विश्वास, संजय सरकार, गौतम घरामी, अजीत मजूमदार, अजीत पाल, जयदेव मदक, अभी मदक, रंजन टेलर, पिंटू मजूमदार, हरीश राय, अजय राय मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका

- कथित बयान पर बंगाली समुदाय में आक्रोश, नारेबाजी की

**संवाददाता शक्तिफार्म**

**अमृत विचार** : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा बंगाली समुदाय के खिलाफ कथित अपमानजनक बयान दिए जाने का आरोप लगाया। जिसको लेकर बंगाली समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला। विरोध में समुदाय के लोगों ने देव नगर मुख्य चौराहे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन करते बंगाली समुदाय के लोग। • अमृत विचार

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से बंगाली समुदाय के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाती रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा समुदाय के खिलाफ दिए गए इस तरह के बयान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी विधानसभा चुनाव में बंगाली समाज इसका करारा जवाब देगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, सितारगंज पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, विधान सरकार, विष्णु प्रमाणिक, राजा हालदार, मुकेश रावत, शंकर गोलदार,प्रदीप मजूमदार समेत बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय और भाजपा से जुड़े लोग मौजूद रहे।

विवाद

### बीईओ पर भी गिरी गाज, रुद्रपुर कार्यालय से संबद्ध किया, विधायक भुवन कापड़ी भी मौके पर पहुंचे

# छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक की धुनाई, निलंबित

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार** : चकरपुर स्थित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज में शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी एक सहायक अध्यापक को लेकर बुधवार को कॉलेज परिसर युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया। आक्रोशित महिलाओं, ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों ने कॉलेज में जमकर हंगामा किया और आरोपी शिक्षक की जमकर धुनाई कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है, वहीं लापरवाही बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर भी गाज गिरी है।



चकरपुर इंटर कॉलेज में जानकारी हासिल करते उच्चाधिकारी। • अमृत विचार

बुधवार सुबह जैसे ही यह सूचना फैली कि कॉलेज के एक सहायक अध्यापक छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, भाजपा, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंच गए। देखते ही देखते कॉलेज परिसर में सैकड़ों ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। आक्रोश इस कदर बढ़ा कि ग्रामीण महिलाओं ने आरोपी शिक्षक को पकड़ लिया और उस पर जूते-चप्पल बरसाते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। महिलाओं ने उस पर कालिख पोतने का भी प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल शिक्षक को उग्र भीड़ के चंगुल से छुड़ाया और उसे वाहन में बैठाकर सुरक्षित चकरपुर पुलिस चौकी पहुंचाया। हंगामे के दौरान मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को भी जनता के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व में शिकायत के बावजूद बीईओ ने कार्रवाई नहीं की। आक्रोशित महिलाओं ने बीईओ के साथ भी धक्का-मुक्की की। इस लापरवाही का संज्ञान लेते हुए प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बीईओ को तत्काल प्रभाव से कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर से संबद्ध कर दिया है। सूचना मिलने पर विधायक भुवन कापड़ी भी कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

कॉलेज के प्रबंधक संचालक भानु प्रताप ने बताया कि अनुशासनहीनता और छात्राओं से छेड़खानी की गंभीर शिकायतों के आधार पर आरोपी सहायक अध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। चौकी प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि तहरीर मिलते ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बिष्ट, गणेश जोशी, क्षितिज अरोड़ा और ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष आशा बिष्ट समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# स्थानीय प्रत्याशी को मिले टिकट

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार** : सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में इस बार स्थानीय प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को मेनका टॉकीज में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेसियों ने एकजुट होकर हुंकार भरी। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि पिछले कई दशकों से सितारगंज को स्थानीय विधायक नहीं मिला है, जिससे क्षेत्र की जनता में असंतोष है।

पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नव तेजपाल सिंह ने उन चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि पूर्व विधायक नारायण पाल को टिकट की शर्त पर पार्टी में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में पाल की बगावत के कारण कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि सदस्यता के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं रखी गई है।



सितारगंज में प्रेसवार्ता करते कांग्रेस पदाधिकारी। • अमृत विचार

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग ने कहा कि सितारगंज की आवाज अब स्थानीय विधायक के लिए उठ रही है। उन्होंने साफ किया कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, उसे पूरी ताकत से चुनाव लड़ाकर विजयी बनाया जाएगा, लेकिन प्राथमिकता स्थानीय कार्यकर्ता को मिलनी चाहिए।इस मौके पर रामनगीना प्रसाद, उत्तम आचार्य, हरीश दुबे, जिलानी अंसारी, सरताज अहमद, हसनैन मलिक, वजींदर मोमी, विभूति प्रसाद, सुमिंदर यादव आदि उपस्थित रहे।

सिटी ब्रीफ

### राधेहरि महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से हाईड्रोजन ऊर्जा में अनुसंधान और विकास वर्तमान अनुपयोग विषय पर कार्यशाला हुई। बुधवार को कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के भौतिकी और खगोल भौतिकी के प्रोफेसर डॉ. ठाकुर प्रसाद ने भविष्य को ईंधन देना : पृथ्वी को बचाने में हाइड्रोजन की भूमिका शीर्षक पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने स्वनिर्मित पोस्टर एवं मॉडल का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण कर विद्यार्थियों से जानकारी ली। निर्णायक मंडल ने अवलोकन किया। संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह ने किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव, डॉ. आकाश चंद्र मिश्रा, डॉ. स्नेहलता, डॉ. महेंद्र जोशी, डॉ. आदित्य प्रकाश सिंह, डॉ. राघव झा, डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### 1.1 किलोग्राम गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** आईटीआई कोतवाली पुलिस ने आलूफार्म क्षेत्र में छापेमारी कर दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों, तेजा सिंह और सचिन के कब्जे से 1.100 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस को यह सफलता नमकीन फैक्ट्री के पास घेराबंदी के दौरान मिली। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वे भांग की पत्तियों से गांजा तैयार कर नशेड़ियों को बेचते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीम में एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन और कांस्टेबल रमेश बंग्याल शामिल थे।

### कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर :** नगर कोतवाली पुलिस ने 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। टीम ने मंगलवार को गश्त के दौरान हेमपुर एन्क्लेव के पास से देवा, निवासी नियर शिव मंदिर, ग्राम प्रतापपुर को गिरफ्तार किया। उसके पस से एक थैले में 45 पाउच कच्ची शराब मिली। आरोपित पर आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी हुई है।

### सप्ताहभर पूर्व लापता हुई किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर :** सप्ताहभर पहले किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी पंजीकृत की है। महुआखेड़ा गंज निवासी महिला ने पैगा चौकी में तहरीर देकर बताया कि 16 अप्रैल को उसकी 14 वर्षीय पुत्री शाम को दुकान से सामान लेने गयी थी लेकिन घर नहीं लौटी। हर संभावित स्थान पर पूछा लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसे लगा था कुछ दिनों में पुत्री वापस आ जाएगी, नहीं लौटने पर तहरीर देनी पड़ी।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती की मौत

**खटीमा :** पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आकर बुधवार शाम पंचशील कालोनी की एक युवती की उस समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई जब वह इवनिंग वॉक कर रही थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पंचशील कालोनी, अमाउं निवासी हिमानी भंडारी (25) पुत्री स्व. कुंदन सिंह भंडारी एक निजी अस्पताल में नर्सिंग का काम करती थी। बुधवार शाम को चार बजे ड्यूटी से आने के बाद शाम को घर के पास टहल रही थी तभी अचानक वह टनकपुर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका अपने पीछे माता आशा भंडारी और भाई को रोता बिलखता छोड़ गई है।

# छात्रों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

## पृथ्वी दिवस पर जिले के स्कूलों में हुए कार्यक्रम, संगोष्ठियों का आयोजन, सुरक्षित यातायात का संदेश दिया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पृथ्वी दिवस पर काशीपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों की धूम रही। कहीं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, तो कहीं संगोष्ठी के जरिए धरती को बचाने का संकल्प लिया गया।

समर स्टडी हॉल विद्यालय, कुंडेश्वरी के विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन और नारों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर अनुराग कुमार सिंह, एआरटीओ प्रतिनिधि ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार और कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज मनोज धोनी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए यातायात नियमों के पालन को नागरिक दायित्व बताया। कार्यक्रम में काजिम रिजवी, पूनम अरोड़ा समेत समस्त शिक्षक मौजूद रहे। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग में एक सेमिनार आयोजित किया गया। छात्राओं ने जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और ई-कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। हितांशी, रिया, नाजिया, निरूपमा, इकरा, जान्हवी और खुशी गुप्ता ने कविता व व्याख्यान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अपील की। छावनी चिल्ड्रन एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाने के उपाय बताए गए। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और दीक्षा अवस्थी ने कविता प्रस्तुत की। पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सपरा ने सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई।



काशीपुर में यातायात जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



गूलरभोज में पृथ्वी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**गूलरभोज :** पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को कोपा ग्राम सभा में महिलाओं के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों और वनों को बचाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता उमा पानू ने कहा कि पृथ्वी दिवस दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। उन्होंने बताया इसकी शुरुआत 1970 में अमेरिकी सीनेटर गेबबलॉर्ड नेल्सन ने एक पर्यावरण आंदोलन के रूप में किया था। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई जैसी समस्याओं के खिलाफ सामूहिक कदम उठाना है। उन्होंने कहा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। पेड़-पौधे, वन्यजीव और प्राकृतिक जल स्रोतों-पारंपरिक नौले, धारे, सूखती नदियों को बचाना हम सबका दायित्व है। पृथ्वी के संरक्षण के लिए पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक होना जरूरी है। हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा वन प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस मौके मीरा देवी, फूलो देवी, माधवी देवी, सोनी देवी, आरती, नेहा बोरा, रीना राठौर, रीना यादव, लीला रावत, मुनी देवी, भावना, अंजू देवी, वृषा देवी, सुंदरी देवी, गीता, कमला, सीमा, गुड्डी देवी, रामवती मौजूद रहीं।



खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते बच्चे।

### स्कूलों में गूंजा धरती बचाओ का संदेश

**खटीमा :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर खटीमा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही। नोजगे पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने ' 'सेव अर्थ' और 'नो टू प्लास्टिक' जैसे स्लोगन के साथ रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। नन्हे मुन्नों ने नाटिका और फैंसी ड्रेस के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रबंधिका कौर व प्रधानाचार्य एचसी पंत ने धरती को हरा-भरा रखने पर जोर दिया। सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ चेयरपर्सन ज्योति पाल व प्रबंधक राजेश पाल ने किया। उधर, पीएम श्री थारू राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने "पृथ्वी को बचाने के लिए मेरे प्रयास" विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। प्रधानाचार्य संतोष कुमार व एनसीसी अधिकारी नरेंद्र रौतेला ने भी विचार रखे।



बाजपुर के विकास भारती स्कूल में पौधे भेंट करतीं प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता।

### विकास भारती में पृथ्वी को बचाने का संकल्प

**बाजपुर :** विकास भारती स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर जहां विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय द्वारा "हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य" विषय पर आयोजित एक विशेष वेबिनार का भी प्रसारण किया गया। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी पौधरोपण अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं—याशी (95.4%), शायना (92%) और वंशिका (90%) को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। चेयरमैन संसार सिंह, प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता और उप प्रधानाचार्य चेतन खत्री ने अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की।



जसपुर में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर एवं एमएस डॉ धीरेंद्र गहलौत।

### महिलाओं को संस्थागत प्रसव के फायदे गिनाए

**जसपुर :** संस्थागत प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की सुरक्षा एवं स्वास्थ के प्रति महिलाओं को जागरूक करने तथा घर में दाइयों द्वारा किए जाने वाले प्रसव से नुकसान की स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाकर जानकारी दी। बुधवार को पीएचसी लालपुर मे सीएचसी जसपुर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र मोहन गहलोत द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए एक जागरूकता कैम्प ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर की अध्यक्षता में लगाया गया। यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं को संस्थागत प्रसव के फायदे बताए गए। गहलोत ने बताया कि संस्थागत प्रसव कराने पर सरकार द्वारा तीन हजार चार सौ रुपये दिए जाते हैं। बताया कि प्रसव के लिए प्रत्येक गांव में आशाओं को सरकारी अस्पतालों में लाने एवं सहायता के लिये नियुक्त किया गया है। कैंप के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर दाइयों से घर में प्रसव कराने पर जच्चा बच्चा की जान को खतरे में ना डालने की बात कही।

# होम डिलीवरी कराने वाली दाइयों पर होगी एफआईआर

- सीएमओ के औचक निरीक्षण में खुली अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल, तत्काल प्रभाव से शुरू हुआ आईसीयू, दिए सख्त निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. केके अग्रवाल ने बुधवार को एलडी भट्ट उपजिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिस पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताते हुए सुधार के कड़े आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने बंद पड़े आईसीयू वार्ड, मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में देरी और अस्पताल परिसर में नगर निगम के पुराने कूड़े के वाहनों के खड़े होने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि आईसीयू की पाइपलाइन टूटी होने के कारण यह बंद था, जिसे तत्काल ठीक कराकर सेंट्रल ऑक्सीजन बहाल कर दी गई है। अब आईसीयू वार्ड को सक्रिय कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने सख्त लहजे में कहा कि प्रसव (डिलीवरी) अस्पताल में ही होना अनिवार्य है, चाहे वह सरकारी हो या प्राइवेट। यदि किसी दाई ने घर पर डिलीवरी कराई, तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में बाजपुर में ऐसी तीन दाइयों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट के ढेर पर उन्होंने संबंधित संस्था को चेतावनी दी कि यदि समय पर वेस्ट नहीं उठाया गया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अस्पताल में ऑर्थो फिजिशियन की कमी है, जिसके लिए शासन से मांग की गई है। रेबीज इंजेक्शन की किल्लत पर उन्होंने जल्द ही भारी मात्रा में आपूर्ति होने का आश्वासन दिया।

अस्पताल परिसर में खड़े कूड़े के वाहनों को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत साहनी ने बताया कि निगम परिसर में महत्वपूर्ण कार्यक्रम के चलते जगह की कमी थी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर ही वाहन वहां खड़े किए गए थे। अब कार्यक्रम समाप्त हो चुका है, अतः 25 अप्रैल तक सभी वाहन हटवा दिए जाएंगे।



काशीपुर में सरकारी अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल।

### पेयजल पाइपलाइन बदलने की मांग

**बाजपुर :** नगर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से गहराए पेयजल संकट को लेकर बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी गौरव शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) दीवेश सासनी से मुलाकात की। उन्होंने सीडीओ को ज्ञापन सौंपकर वार्ड संख्या 3 और 13 की जल समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग उठाई। गौरव शर्मा ने सीडीओ को अवगत कराया कि वार्ड नंबर 3 में करीब 40 वर्ष पूर्व बिछाई गई पाइपलाइन काफी संकरी हो चुकी है। आबादी बढ़ने के बावजूद लाइन का विस्तार नहीं होने से 100 से अधिक परिवारों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं, वार्ड नंबर 13 में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है।

# किसानों का उत्थान है प्राथमिकता

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** ग्राम्य विकास एवं खादी ग्रामोद्योग कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने बुधवार को जसपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं और आमजन से उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

नगर पंचायत महुआडाबरा पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। टीआरसी में आयोजित कार्यक्रम में भरत चौधरी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने एमएसएमई, खादी ग्रामोद्योग और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को स्वरोजगार का बड़ा माध्यम बताया। प्रेस वार्ता और बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग की कुछ संस्थाओं पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है, जिन्हें मुक्त कराकर उनका जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति, खड़क सिंह आदि मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### विधायक ने डीएम से की मुलाकात

**जसपुरः** स्थानीय मूलभूत समस्याओं को लेकर विधायक ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान ग्राम प्रधान ने भी गांव के विकास कराने को पत्र सौंपा।

बुधवार को विधायक आदेश चौहान ने रूद्रपुर जाकर डीएम नितिन भदौरिया से मुलाकात की। मुलाकात ने विधायक ने डीएम से नगर क्षेत्र के कई मुददों पर चर्चा कर उनका निस्तारण कराने को कहा। डीएम ने मुददों को हल कराने को संबंधित अफसरों को निर्देश दिए। वहीं, ग्राम प्रधान मुजाहिद ने भी ग्राम भगवंतपुर में पार्क एवं पुस्तकालय बनाने को पत्र सौंपा। डीएम ने सीडीओ को मामले में कार्रवाई करने को कहा।

# गेहूं की तौल रोकने पर भड़के किसान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अनाज मंडी स्थित आरएफसी क्रय केंद्र पर गेहूं की तौल से इनकार किए जाने के विरोध में बुधवार को किसानों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित किसानों ने सायं करीब चार बजे भगत सिंह चौक पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और शासन-प्रशासन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की।

मामला तब शुरू हुआ जब भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा दोपहर में अपना गेहूं लेकर केंद्र पहुंचे। आरोप है कि कर्मचारियों ने गुणवत्ता में कमी बताते हुए तौल करने से मना कर दिया। किसान नेता और केंद्र कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद कर्मचारी काम बंद कर मौके से चले गए। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के तमाम किसान एकजुट हो गए। किसानों ने मुख्य चौराहे पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा और प्रसिद्ध जनकवि बल्ली सिंह चीमा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि जानबूझकर उनकी उपज को खराब बताकर परेशान किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में प्रताप सिंह संधू, हरप्रीत सिंह निज्जर, जसवीर सिंह भुल्लर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, कांग्रेस नेत्री भूपेंद्र कौर बेदी, गगन सरना, उपकार सिंह मौजूद रहे।



बाजपुर, भगत सिंह चौक पर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते आक्रोशित किसान।



जसपुर में प्रधानाचार्य को सम्मानित करते किसान। ● अमृत विचार

### बीएसवी कॉलेज में मिलेगी रोजगारपरक शिक्षा

**जसपुर :** बीएसवी इंटर कॉलेज में किसानों और शिक्षक तंत्र के बीच रोजगार परक शिक्षा को लेकर चर्चा हुई। किसान नेताओं ने प्रधानाचार्य मेजर स्वतंत्र मिश्रा को सम्मानित करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का सुझाव दिया। प्रधानाचार्य ने आश्वासन दिया कि विद्यालय में कक्षा 6 से अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं शुरू की जाएंगी और छात्राओं को एनसीसी व एनएसएस से जोड़ा जाएगा। साथ ही छात्रों के करियर मार्गदर्शन के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान संजय राजपूत, संजय रावल, सुभाष चौधरी, देवी सिंह, सुनील चौहान, अमनप्रीत सिंह, केवल कृष्ण, रवि छाबड़ा, विवेक दुबे, सतपाल सिंह, अमनप्रीत सिंह, दीदार सिंह, जगजीत भुल्लर, जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, साबिर, मेहंदी हसन मुख्तियार सिंह, प्रफुल्ल कौशिक, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सचिन गर्ग, स्वतंत्र गहलोत, भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

चिंताजनक

कंबाइन से कटे गेहूं में मिट्टी आने से फसल लेने को तैयार नहीं आढ़ती और दलाल

# गेहूं से नुकसान का किसानों को मिले उचित मुआवजा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र का किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ तेज हवा-बारिश से गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई, दूसरी तरफ कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। खेत में कंबाइन मशीन चलाने से गेहूं में मिट्टी आ रही है। छोटी जोत के किसानों को मजबूरी में अपने हाथों से फसल काटनी पड़ रही है। किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

युवा किसान नेता बलविंदर साहू ने कहा तराई क्षेत्र में करीब 50 प्रतिशत गेहूं की फसल आंधी-बारिश से जमीन पर गिर गई थी। गिरे गेहूं को काटने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं।जो मजदूर मिल भी रहे हैं, वे दोगुनी मजदूरी मांग रहे हैं। बड़ी जोत के किसान किसी तरह कंबाइन चलवा भी लें तो गेहूं में अत्यधिक मिट्टी आ रही है, जिसे आढ़ती और क्रय केंद्रों पर लेने से मना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सरकारी गेहूं क्रय केंद्र अब तक नहीं खुले हैं। मजबूरी में किसान को आढ़तियों और सीट प्लांट के चक्कर काट रहे हैं। कई किसान समर्थन मूल्य से कम दाम पर दलालों को गेहूं बेचने को मजबूर हैं। किसानों को गेहूं में लगी लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। छोटी जोत का किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा किसानों को गेहूं की फसल की आय से पूरे वर्ष का खर्च चलाना पड़ता है। 50 प्रतिशत फसल खराब होने से किसान की कमर टूट गई है। पहले नुकसान की भरपाई के लिए किसान बेमौसमी धान लगा लेता था। लेकिन प्रशासन की रोक के बाद अब अधिक लागत में सीजनल धान की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा गेहूं की फसल ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसान बैंक, सहकारी समिति व आढ़तियों से लिया कृषि ऋण चुकाने में असमर्थ हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से दैवीय आपदा में नुकसान हुई गेहूं की फसल का किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।



दिनेशपुर में जमीन पर गिरी फसल की कटाई करते किसान। ● अमृत विचार



बाजपुर में तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान से मुलाकात करते विधायक अरविंद पांडेय।

### विधायक अरविंद पांडेय ने दिया तहसील में धरना

**बाजपुर :** बुक्सा जनजाति परिवार की भूमि के नामांतरण में हो रही देरी पर बुधवार को गदरपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय का गुस्सा फूट पड़ा। तहसील प्रशासन की सुस्ती से नाराज विधायक करीब डेढ़ घंटे तक तहसील कार्यालय में ही डटे रहे और अपनी मौजूदगी में पीड़ित परिवार का नाम खतौनी में दर्ज कराकर ही लौटे। विधायक पांडेय ने कहा कि कुमाऊं कमिश्नर द्वारा वर्ष 2023 में ही जनजाति परिवार के पक्ष में भूमि दर्ज करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण तीन साल बीत जाने के बाद भी अनुपालन नहीं हुआ। दोपहर 12 बजे तहसील पहुंचे विधायक सीधे कंप्यूटर कक्ष में जा बैठे और पूरी प्रक्रिया की स्वयं निगरानी की। उनके हस्तक्षेप के बाद तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान और रजिस्ट्रार कानूनगो राकेश शाह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खतौनी की प्रति विधायक को सौंपी। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विरोधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनकी छवि धूमिल करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### दुर्घटना में पूर्व एमएलसी के प्रपौत्र का निधन, शोक



कार्तिकेय (फाइल)।

रानीखेत : पूर्व एमएलसी स्व. बीडी शर्मा के प्रपौत्र एवं त्रिभुवन शर्मा के पुत्र कार्तिकेय शर्मा का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा ने इसे कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा में अगस्त लाल साह, पंकज जोशी, पंकज गुरुरानी, प्रदीप मेहरा, प्रमोद पाल, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार, दीप उपाध्यक्ष, जयंत रौतेला, संदीप बंसल, रमेश पंत, विनीत चौरसिया, सोनू सिद्दीकी, भुवन आर्या मौजूद रहे।

### बैट्री चोरी में आरोपी युवक गिरफ्तार

टनकपुर : पुलिस ने वाहन से बैट्री चोरी की घटना का 24 घण्टे में खुलासा किया है। घटना में लिप्त अभियुक्त को चुराई गई बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। बीते 20 अप्रैल को मनिहारगोठ निवासी सैफ अली के डम्पर से दो बैट्री चोरी होने की घटना सामने आई। डंपर स्वामी ने टनकपुर कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाल चेतन यादव ने बताया कि शहर के वार्ड नम्बर तीन बंगाली कालोनी निवासी 20 वर्षीय कार्तिक मण्डल पुत्र आंनद मण्डल को चुराई गई दोनों बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपाइयों ने कांग्रेस का पुतला फूंका

## लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल को साजिशन रोकने का आरोप लगाया, नारेबाजी

- बोले-भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल को साजिशन रोकने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की।

नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए और कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेस महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल का विरोध कर महिलाओं का अपमान किया है। इस दौरान कैलाश शर्मा, रवि रौतेला, दर्शन रावत, बिट्टू कर्नाटक, संदीप श्रीवास्तव, कैलाश गुरुरानी, किरन पंत, पूनम पालीवाल, नीरज सांगा, दिव्या जोशी, पीयूष कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अल्मोड़ा के चौघानपाटा में बुधवार को कांग्रेस का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कपकोट में विपक्ष का पुतला फूंका

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पारित न होने के लिए भाजपा ने विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराते हुए कपकोट में विपक्ष का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर महिलाओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान और अवसर देना चाहती है, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिलाओं की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा गोस्वामी ने कहा कि विपक्ष ने जिस तरह से एकजुट होकर अधिनियम का विरोध किया, उससे महिलाओं सहित आम जनता स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इसके परिणाम आगामी चुनावों में भुगतने पड़ेंगे।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत, महामंत्री हरीश मेहरा, कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कला और विज्ञान संकाय ने फाइनल में बनाई जगह

**अल्मोड़ा:** एसएसजे परिसर में आयोजित अंतर संकाय फुटबॉल प्रतियोगिता जारी है। बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में कला और विज्ञान संकाय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि क्रीड़ा अधिकारी लियाकत अली खान ने किया। पहले सेमीफाइनल में कला संकाय ने विधि संकाय को 8-1 के बड़े अंतर से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में विज्ञान संकाय ने वाणिज्य संकाय को 4-1 से पराजित किया। विज्ञान संकाय की ओर से नमन ने दो गोल किए, जबकि हितेश और भावेश ने एक-एक गोल दागा। वाणिज्य संकाय की ओर से एकमात्र गोल भारतेन्दु भाकुनी ने किया।

गुरुवार को कला और विज्ञान संकाय के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस मौके पर डॉ. केके खोलिया, प्रेम लटवाल, पंकज, किशन, लोकेश सुप्याल, हितेश, सूरज, मनीष कुमार, प्रेम आर्या, गौरव, विनय भाकुनी, करन सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# द्वाराहाट में केवि की मांग को आमरण अनशन शुरू



द्वाराहाट में बुधवार को आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू नहीं होने पर रोष

**अमृत विचार:** द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय के संचालन मांग को लेकर लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। क्रमिक अनशन के बाद अब आंदोलनकारियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

द्वाराहाट में दो साल पहले स्वीकृति मिलने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू नहीं हो सका है। इससे लोगों में खासा नाराजगी है। केंद्रीय विद्यालय के संचालन की मांग के लिए स्थानीय लोग पिछले कई दिनों से क्रमिक अनशन कर रहे थे, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने से बुधवार से क्रमिक के साथ आमरण अनशन शुरू हो गया है।

पहले दिन नन्दिता भट्ट आमरण अनशन पर बैठ गई हैं। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द केवि के संचालन की मांग उठाई। कमल अधिकारी, विरेंद्र सिंह रौतेला, महेश मेनाली, गणेश लाल बूंगा, कंचन, भगवान चौधरी, सुरेश चंद्र मठपाल, मोहन चंद्र जोशी, मुकेश भट्ट, विनोद जोशी, अशोक फुलारा, महेंद्र गिरी, नवीन जोशी आदि रहे।

# प्रधानों ने मानदेय का का मुद्दा उठाया

- प्रधान संगठन की बैठक में मनरेगा भुगतान में देरी पर नाराजगी

संवाददाता, अल्मोड़ा



हवालबाग ब्लॉक में आयोजित प्रधान संगठन की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि व अन्य।

**अमृत विचार:** हवालबाग ब्लॉक में बुधवार को प्रधान संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानों ने मानदेय वृद्धि, भुगतान व्यवस्था और विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में प्रधानों ने मानदेय और भत्तों में वृद्धि की मांग की। साथ ही राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं, मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों के भुगतान में हो रही देरी और विभागीय वेबसाइटों के बार-बार बंद रहने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मनरेगा के माध्यम से उपकरण खरीद और फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। प्रधानों ने नए पंचायत भवनों के निर्माण और पुराने पंचायत घरों के सुधारीकरण की आवश्यकता जताई। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारी की साप्ताहिक आधार पर न्याय पंचायत स्तर पर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीय और राज्य वित्त की कंटिंजेंसी मद से सामान्य खर्चों के भुगतान का प्रावधान करने की भी मांग उठाई गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, प्रधान संगठन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नयाल, महामंत्री विनोद जोशी, उपाध्यक्ष सुंदर मटियानी, नवीन भट्ट, चंद्रिका तिवारी, प्रमोद जोशी, देवेंद्र सिंह मेहरा, खंड विकास अधिकारी एसएस दरियाल, एबीडीओ रमेश कनवाल, एबीडीओ पंचायत प्रमेन्द्र पांडे समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से मिली आर्थिक सहायता

**चम्पावत:** चम्पावत के ग्राम ढकना बडोला निवासी तारा दत्त जोशी को मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह राशि उनको चिकित्सा के लिए दी गई है। तारा दत्त जोशी पिछले लगभग कई वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। निरंतर उपचार के चलते उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई। हाल ही में उन्होंने अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिलाधिकारी ने मामले का संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कराई।

# राजकीय नर्सरी में तैयार होगा सौंदर्यवर्धक पौधा

- जिलाधिकारी ने दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

संवाददाता, बागेश्वर



बागेश्वर में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने राजकीय नर्सरी के जीर्णोद्धार और विकास के लिए गंभीरता से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी से नर्सरी में वर्तमान में उगाए जा रहे पौधों, उनकी प्रजातियों, उत्पादन क्षमता तथा विपणन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नर्सरी को आदर्श एवं आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करने के लिए ठोस और व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए।

जिलाधिकारी ने नर्सरी के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित सचिव को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सौंदर्यवर्धक एवं इनडोर पौधों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि आमजन की मांग पूरी होने के साथ-साथ नर्सरी की आय में भी वृद्धि हो सके। पौधों के संरक्षण एवं भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के संबंध में व्यवहारिक और प्रभावी योजना तैयार करने को भी कहा।

उन्होंने नर्सरी के आंतरिक मार्गों को सुव्यवस्थित करने के लिए इंटरलॉक टाइल्स लगाने तथा बम्बू हट निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों के लिए नर्सरी भ्रमण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे उन्हें पौधों की सैंपलिंग, कटिंग, रोपण और नर्सरी प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी मिल सके। उन्होंने नर्सरी भ्रमण के लिए नाममात्र शुल्क निर्धारित करने का सुझाव भी दिया, जिससे नर्सरी की आय में वृद्धि के साथ-साथ उसके रखरखाव में सहयोग मिल सके। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी हरीश चंद्र आर्या ने बताया कि राजकीय नर्सरी से पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 5.86 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी हरीश चंद्र आर्या, कुलदीप जोशी, प्रमोद राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अल्मोड़ा में बुधवार को हीराडुंगरी वार्ड का निरीक्षण करते नगर आयुक्त।

### नगर आयुक्त ने हीराडुंगरी वार्ड का निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा** : नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा ने बुधवार को नगर के हीराडुंगरी वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सौरभ वर्मा ने उन्हें वार्ड की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि पातालदेवी स्थित सीविर टेंट लंबे से बदहाल बना हुआ है। बार-बार शिकायत के बाद भी अब तक टेंक का सुधारीकरण नहीं किया जा सका है। वहीं, नगर आयुक्त ने वार्ड में नाला सफाई का जायजा लिया और नाले की सफाई को बारीकी से देखा। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नालों की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण भंडारी, अमीन बंसत बल्लभ पांडे, सफाई निरीक्षक राजपाल पवार, सहायक अभियंता राघेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# क्वारब में तेजी से करें सड़क सुधारीकरण कार्य

- डीएम ने किया क्वारब स्लाइड जोन का निरीक्षण, वैकल्पिक मार्ग जल्द तैयार करने के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने बुधवार को क्वारब स्लाइड जोन में चल रहे सुधारीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और यात्रियों को बिना परेशानी के यातायात सुचारू रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्लाइड जोन में चल रहे कार्यों की प्रगति और शेष कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए तथा मजदूरों और मशीन ऑपरेटरों की सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि वाहनों का संचालन व्यवस्थित रखा जाए और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पर्यटन गतिविधियों के दृष्टिगत यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका संचालन जल्द सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।




क्वारब स्लाइड जोन में चल रहे सुधारीकरण कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### वैकल्पिक मार्ग का भी किया निरीक्षण

जिलाधिकारी ने नवनिर्मित क्वारब बायपास मार्ग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों और उनकी गुणवत्ता का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उन्हें कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। डीएम ने कहा कि स्लाइड प्वाइंट पर आने वाली बाधाओं से बचने के लिए इस मार्ग का निर्माण किया गया है। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कर मार्ग को जल्द संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर डीडीएमओ विनीत पाल, तहसीलदार ज्योति धपवाल सहित राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पेयजल योजना को 14.57 करोड़ रुपये की स्वीकृति

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** चम्पावत के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तामली मल्टी विलेज पंपिंग पेयजल योजना को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में स्वीकृत इस परियोजना के लिए 1457.21 लाख रुपये (लगभग 14.57 करोड़) की धनराशि को मंजूरी दी गई है। इसमें 1349.04 लाख रुपये की पूंजीगत लागत तथा 108.17 लाख रुपये सेंटेज शुल्क शामिल है। योजना का क्रियान्वयन उत्तराखंड पेयजल निगम द्वारा किया जाएगा। यह महत्वाकांक्षी योजना लगभग 21 किलोमीटर के दायरे में फैले ग्राम तामली, पोलप, बचकोट एवं नाग के 400 से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगी। परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक लिफ्ट (पंपिंग) आधारित पेयजल प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसके माध्यम से ऊंचाई पर बसे गांवों तक नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। तकनीकी दृष्टि से योजना का व्यापक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। वर्तमान 0.68 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन लाइन को बढ़ाकर 4.38 किलोमीटर किया जाएगा, जबकि 4.18 किलोमीटर की सप्लाई मेन लाइन को विस्तारित कर 7.80 किलोमीटर तक किया जाएगा। इससे जल वितरण प्रणाली अधिक सशक्त, प्रभावी और टिकाऊ बनेगी।

**जागरूकता** — महाविद्यालय परिसर में प्राण वायु वाटिका का निर्माण, लगाए सजावटी पौधे

# छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर प्रकृति को बचाने का लिया संकल्प

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में 'प्राण वायु वाटिका' का निर्माण कर विभिन्न सजावटी पौधे लगाए गए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों जैसे जैव विविधता संरक्षण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जल संरक्षण पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्राची जोशी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने और हरित भविष्य के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। प्राध्यापक डॉ. तनुजा तिवारी ने जलवायु परिवर्तन की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर जोर दिया। अभियान में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्राध्यापकों के साथ मिलकर विभिन्न पौधे लगाए।

इस अवसर पर डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. प्रसून जोशी, डॉ. रश्मि रौतेला, डॉ. किरण पंत, डॉ. मीना परगाईं, डॉ. स्तुति जोशी तथा कर्मचारी कृपाल सिंह नेगी और ललित उपाध्याय ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।



पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते छात्र। ● अमृत विचार

### विश्व पृथ्वी दिवस पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चम्पावत** : विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज दयारतोली, चम्पावत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत के सचिव भवदीप सिंह रावते ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, वनों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त पीएलवी (पैरालीगल वॉलंटियर्स) द्वारा भी पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रैली का आयोजन कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# केवि में बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाश बोरा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सदस्य मंजू नगरकोटी ने मिशन वात्सल्य सहित बच्चों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। सदस्य अशोक लोहुमी ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर बच्चों को अवगत कराया। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक षष्टी कांडपाल ने बाल विवाह से संबंधित कानूनों और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। कोतवाली के उपनिरीक्षक नितिन बहुगुणा ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। चाइल्ड लाइन समन्वयक संतोष टम्टा ने बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं और चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर तिवारी व संचालन अध्यापक नीरज जुगरान ने किया। यहां चाइल्ड हेल्पलाइन के काउंसलर नवीन चंद्र समेत विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी रहे।



जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# अमृत विचार

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026





ज्ञान-भक्ति-युक्त कर्मयोग ही गीता का सार है।
-बाल गंगाधर तिलक

## तपन भरी चेतावनी

मौसम विभाग में चेताया है कि इस साल कई इलाकों में पहले से अधिक समय तक हीट वेव चलेगी, कुछ ऐसे इलाके जो सामान्यतया कम ताप प्रभावित रहते थे, वहां भी इस बार हीट वेव का प्रकोप दिखेगा, यूपी, बिहार,एनसीआर में अप्रैल–मई की दहलीज़ पर ही पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। संकेत साफ हैं, इस वर्ष लू का प्रकोप अधिक लंबा, ज्यादा तीव्र और बहुत व्यापक होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के आकलन के अनुसार पिछले चार दशकों में हीटवेव से मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ा है।

जब देश के 80 से 87 फीसदी भूभाग गर्मी की चपेट में आने की आशंका हो, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी तैयारी पर्याप्त है? कुछ शहरों ने हीट एक्शन प्लान लागू किए हैं, जिनमें अलर्ट सिस्टम, कूलिंग सेंटर, काम के समय में बदलाव और पानी की उपलब्धता जैसे कदम शामिल हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कवरेज अभी असमान है, खासकर छोटे शहरों और कस्बों में। सबसे अधिक जोखिम में वे लोग हैं, जो खुले में काम करते हैं— रेहड़ी-पटरी वाले, दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक, साथ ही बच्चे और बुजुर्ग। इनके लिए लक्षित सुरक्षा अभी भी बिखरी हुई है। सरकारों को इसके लिए समय से सचेत होने का समय है। तात्कालिक समाधानों पर अब देरी अक्षम्य होगी, जबकि दीर्घकालिक समाधान अपनाना जटिल तो है पर अपरिहार्य हैं। शहरी हीट प्रोफाइलिंग को नीति का आधार बनाना होगा। वार्ड स्तर तक तापमान, नमी, हरित आवरण और निर्मित सतहों का नक्शा तैयार कर डिस्कंफर्ट इंडेक्स का एटलस बनाना, जिससे 'हॉट स्पॉट्स' की पहचान कर क्षेत्र-विशेष के लिए योजनाएं बनाई जा सकती हैं, इसे राष्ट्रीय कार्यक्रम का रूप देना होगा। अर्बन हीट आइलैंड को कम करने के लिए निर्माण मानकों में बदलाव करना, कूल रूफ, कूल पेवमेंट, परावर्तक पेंट, छतों पर हरियाली और जल निकायों का संरक्षण जरूरी है। ग्रीन और ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर पर सोचना होगा, जिसके तहत सड़कों व बाज़ारों में छायादार पेड़ लगाने, शहरी वन, पार्क और तालाब निर्मित कर होंगे। ये जीवनरक्षक ढाल बनेंगे। इसके अलावा प्रदूषण में कमी, एरोसोल और ग्रीनहाउस गैसें ताप को बढ़ाती हैं; स्वच्छ ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन को गति देना अनिवार्य है। कृषि पर असर भी कम गंभीर नहीं। बढ़ती गर्मी फसल अवधि घटाती है, उत्पादकता कम करती है और पानी की मांग बढ़ाती है। फसल विविधीकरण, हीट-टॉलरेंट बीज, माइक्रो-इरिगेशन और फसल बीमा का विस्तार के साथ खरीफ-रबी कैलेंडर में स्थानीय स्तर पर लचीलापन देना होगा।

स्पेन और फ्रांस ने कूलिंग सेंटर और काम के समय में बदलाव को कानून का हिस्सा बनाया है; ऑस्ट्रेलिया ने 'हीट हेल्थ वार्निंग सिस्टम' को स्थानीय शासन से जोड़ा है; सिंगापुर शहरी हरियाली और जल निकायों के जरिए ताप कम कर रहा है। भारत को इन मॉडलों को अपने सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में ढालना होगा, क्योंकि आर्थिक दृष्टि से हीटवेव उत्पादकता घटाकर जीडीपी पर सीधा प्रहार करती है, इसलिए स्पष्ट लक्ष्य, बजट और जवाबदेही के साथ सरकार के लिए यह आपदा नहीं, विकास का एजेंडा होना चाहिए। अब इस संकट पर निर्णय का समय है, तैयारी को नीति का केंद्र बनाने का।

### प्रसंगवश

## पारिवारिक कलह से रिश्तों का होता पतन

भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश है, लेकिन देश में बढ़ते अपराध, विशेषकर घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जघन्य मामलों में निरंतर वृद्धि होना एक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में जब भी हम समाचार पत्रों या न्यूज़ चैनलों से रूबरू होते हैं, तो राजनीति से इतर आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक कलह से जुड़ी खबरों का प्रतिशत लगातार बढ़ता दिखाई देता है। देश के लगभग हर धर्म, वर्ग और समाज में पारिवारिक हिंसा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जो कई बार जघन्य अपराधों का रूप ले लेता है।

भारत विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला देश माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि हमारे अपने ही परिवारों में रिश्तों के बीच दूरियां इतनी बढ़ती जा रही हैं कि साथ बैठकर भोजन करना भी कठिन होता जा रहा है। सिर्फ भाई-भाई के रिश्ते ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी जिस गति से अलगाव बढ़ रहा है और उसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। यह स्थिति हर धर्म, हर वर्ग और हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है।



अरविंद रावल
लेखक

आधुनिकता की दौड़ में हमने नई पीढ़ी को महंगी शिक्षा और भौतिक सुख-सुविधाएं तो भरपूर दी हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता, धैर्य, अपनत्व, विनम्रता और परिवार को साथ लेकर चलने के संस्कार देने में हम कहीं पीछे रह गए हैं। परिणामस्वरूप, नवपीढ़ी में धैर्य और सहनशीलता का अभाव बढ़ रहा है, जो पारिवारिक कलह को जन्म देकर कई बार गंभीर अपराधों में बदल जाता है। आज कोई भी समाज या व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह पारिवारिक कलह से पूरी तरह मुक्त है।

जो घटनाएं आज हम समाचारों में देख-सुन रहे हैं, वे कल किसी भी परिवार की वास्तविकता बन सकती हैं। कहीं पैसों के विवाद, कहीं अवैध संबंधों की आशंका, कहीं कर्ज का दबाव, तो कहीं नशे की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप, इन सभी कारणों से महानगरों से लेकर गांवों तक रिश्तों का पतन तेजी से बढ़ रहा है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई बार कम उम्र और कम समझ वाले लोग भी संदेह या आवेग में आकर अपने ही जीवनसाथी की हत्या जैसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं। वहीं, कर्ज और पारिवारिक तनाव से परेशान होकर अपने ही मासूम बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की घटनाएं भी समाज को झकझोर देती हैं।

यह भी एक कटु सत्य है कि पारिवारिक कलह अब केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं रही। जहां गरीब परिवारों में इसे आर्थिक तंगी का परिणाम माना जाता है, वहीं संपन्न और भौतिक रूप से समृद्ध घरों से उठती कलह की आवाजें रिश्तों के आंतरिक विघटन की ओर संकेत करती हैं। हर दिन अवैध संबंधों की शंका और अविश्वास के चलते प्रेम, विश्वास और अपनत्व जैसे रिश्तों का गला घोंटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसे में समाज के हर वर्ग को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। यदि हम परिवार की खुशहाली, सौहार्द और विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं, तो मजबूत और संतुलित दाम्पत्य जीवन पर सामूहिक मंथन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## आधी आबादी को बराबरी का हक आखिर कब





अमित शर्मा
हल्द्वानी

देश की संसद में पिछले दिनों जो हुआ, उसके बाद आरोप-प्रत्यारोप के साथ तीखी बयानबाजी का दौर पूरी रफ्तार से जारी है। यहां बात राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस चुके नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू न होने की हो रही है। मौका चुनावी दौर का है, तो इस पर सियासत, वो भी तेज रफ्तार से होना लाजिमी है। भारतीय जनता पार्टी जहां विपक्ष के विरोध को देश की मातृशक्ति का अपमान बताकर इस मुद्दे को अंजाम तक पहुंचाने की शपथ ले चुकी है, तो कांग्रेस समेत मुख्य विपक्षी दल इसे चुनावी स्टंट और असमय का मुद्दा बताकर झुकने को तैयार नहीं हैं।

देश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के इस 'कोल्ड वार' ने एक अति संवेदनशील विषय पर नई गर्मागर्म बहस को जन्म दे दिया है, लेकिन इन सबसे अलग हटकर सबसे खास बात यह है कि इस कानून के पूरी तरह से अस्तित्व में आने के बाद जिसे फायदा होगा, वह है आधी आबादी, जो पूछ रही है कि हमें पूरी तरह से बिना किसी राजनीतिक विवाद के बराबरी का हक आखिर कब तक मिलेगा।

घर की रसोई से लेकर अंतरिक्ष की चुनौतियों से पार पाने वाली देश की मातृशक्ति अब किसी भी क्षेत्र में परिचय की मोहताज नहीं रह गई है, हालांकि दूसरे देशों की तुलना में कई मामलों में भारत के कई हिस्सों में महिलाओं के सुपर वुमन बनने की गति अभी धीमी ही है, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया भर के 130 से ज्यादा देशों में किसी न किसी रूप में महिला आरक्षण लागू है और मोटे तौर पर इनमें अधिकांश देशों में सीट आरक्षण, उम्मीदवार कोटा और पार्टी के स्वैच्छिक कोटे के आधार पर यह महिला आरक्षण लागू है।

भारत में गांव-देहात से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में महिलाएं कुशलता से नेतृत्व करती आ रही हैं, लेकिन पंचायत और निकाय स्तर पर 'प्रधानपति'' जैसा शब्द आज भी महिलाओं के बराबरी से फैसला लेने के हक जैसे शब्द को हल्का करता है।

सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े ऐसे अतिसंवेदनशील और अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वह भी तब, जब आज की महिलाएं घर से लेकर देश की आर्थिकी और विकास में अहम योगदान दे रही हैं और हर अवसर की सम्मान के साथ हकदार हैं।

हाल के राजनीतिक बयानों की बात करें तो कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे लोकतांत्रिक संतुलन बिगड़ेगा, जबकि भाजपा का कहना है कि कांग्रेस आज इस अधिनियम में 'आरक्षण में आरक्षण' की असंवैधानिक मांग कर रही है, जबकि मनमोहन सरकार द्वारा पेश तत्कालीन महिला आरक्षण अध्यादेश में इसका जिक्र तक नहीं था।

पहले कांग्रेस और विपक्ष भी एकमत था कि इस कानून को वर्ष 2029 में लागू किया जाए। अब उसके लिए पूर्व में पारित कानून अनुसार पहले जनगणना, फिर परिसीमन की शर्त अनिवार्य है। उसमें भी जाति गणना शामिल होने से इस प्रक्रिया का वर्ष 2029 से पहले किसी भी तरह से पूरा होना संभव नहीं था। यही वजह है कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर आवश्यक संशोधन लाए गए थे, जिसको विपक्ष ने पारित ही नहीं होने दिया।

इन सबसे अलग हटकर यहां बड़ा सवाल यह भी है कि महिला आरक्षण तभी लाभदायक माना जाना जाएगा, जब नियत समय में स्पष्ट नीयत के साथ आधी आबादी को बराबरी का पूरा हक दिया जाए। इसके लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह कानून कितनी जल्दी लागू होता है। यहां इस बात पर भी विचार करना होगा कि इसका फायदा जमीन से जुड़ीं महिला नेत्रियों को मिलेगा या फिर टिकट परिवारवाद में सिमटकर रह जाएगा।


इस नए कलेवर में जो महिलाएं चुनकर आएंगी, वे अपने फैसले स्वतंत्र रूप से ले पाएंगी या उसमें भी कहीं न कहीं सेंसरशिप लागू होगी। ये सवाल अपनी जगह पर कायम रहेंगे और फायदा-नुकसान का आकलन करना बहुत जल्दबाजी होगी, लेकिन यह तारीफ की बात है कि देश की आधी आबादी के लिए सत्ता के हक के दरवाजे खुल चुके हैं और अब बस चलना बाकी है।

संशोधन बिल का विरोध होने के दौरान विपक्षी दलों से जुड़ी महिलाओं का चुप्पी साधना और इस अहम विषय को राजनीति की चाशनी में लपेटकर जनता के सामने पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। सवाल तो यह भी बनता है कि क्या सियासत के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति इसी तरह की बनी रहेगी या महिला आरक्षण पूरी तरह से लागू होने के बाद उसमें कोई क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। महिला आरक्षण को लेकर भाजपा ने एक लंबी रेखा खींच दी है और किसी रेखा को बिना मिटाए या काट पीट के छोटा करने की शर्त वही जीत सकता है, जो उससे भी बड़ी लाइन खींच दे। अगर ऐसा होता है तो सही मायने में महिलाओं का आरक्षण का लाभ मिलना तय है।

वैसे भी, यह अफसोसनाक तो है, लेकिन वह राजनीति ही क्या, जहां हर फैसला बिना किसी ना-नुकुर के और मीन-मेख निकाले मान लिया जाए, हालांकि जहां बात आधी आबादी के हक और सम्मान से जुड़े कानूनों की आए तो उनके रास्तों में आने वाले कांटों को गंभीरता दिखाते हुए बिना किसी स्वार्थ के समन्वय के साथ चुन-चुनकर हटाने की नीति अपनाई जानी चाहिए, नहीं तो देर से मिलने वाला हक हो या न्याय, वह अधूरा ही माना जाता है।

> सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आमने सामने



यह सीजफायर तब तक जारी रहेगा, जब तक ईरान अपनी तरफ से ठोस प्रस्ताव पेश नहीं कर देता और दोनों देशों के बीच बातचीत का सिलसिला पूरा नहीं हो जाता। पाकिस्तान ने तनाव कम करने और बातचीत को मौका देने की अपील की थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया।

-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

सीजफायर को आगे बढ़ाना कोई शांति का प्रयास नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। यह कदम अचानक हमले की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय जुटाने जैसा है। जो पक्ष कमजोर स्थिति में होता है, वह ऐसी शर्तें नहीं थोप सकता।

-मोहम्मद बघेर
स्पीकर, ईरानी संसद



## पश्चिम बंगाल चुनाव में 'चीनी' किस तरफ!



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

कोलकाता के टांगरा में अप्रैल की धूप चमक रही है। इधर की दीवारों पर अब लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं। यहां 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव का मतदान है। टांगरा के चीनी मूल के मतदाताओं की आबादी करीब पांच हजार के आसपास है। इनकी उपस्थिति से पश्चिम बंगाल की राजनीति का रंग और भी समावेशी हो जाता है, लेकिन ये दीवारें सिर्फ चुनावी रंग नहीं, बल्कि 250 साल पुरानी कहानी की जीवंत गवाही हैं। एक ऐसी कहानी, जो चाय बगीचों से शुरू हुई, चमड़े की टेनरी में फली-फूली, 1962 के युद्ध की आग में झुलसी और आज भी टीएमसी से लेकर बीजेपी और कांग्रेस तक के वोट-मांगने वाले पोस्टरों में सांस ले रही है।

राजनीति में इन चीनी मूल के भारतीय नागरिकों का रोल हमेशा अनोखा रहा है। पहले के चुनावों में कांग्रेस व सीपीएम उन्हें अपना समर्थक मानते थे। 1970-80 के दशक में चीनी टेनरी ओनर्स एसोसिएशन ने राजनीतिक रिश्ते बनाए, लेकिन 2011 के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें खास तवज्जो दी। 2019 के लोकसभा चुनाव से शुरू होकर इस विधानसभा चुनाव तक टीएमसी ने मंदारिन में टांगरा की दीवारों पर 'टीएमसी उम्मीदवार को वोट दो' के नारे लिखवाए हैं। कांग्रेस-बीजेपी भी पीछे नहीं हैं। राजनीतिक कार्यकर्ता टांगरा की गलियों में चीनी भाषा के पोस्टर चिपका रहे हैं। क्यों? क्योंकि टांगरा का हर वोट मायने रखता है। छोटी आबादी, लेकिन एकजुट। ये दीवारें कोलकाता की बहुलता की कहानी कहती हैं।

आगे बढ़ने से पहले पीछे मुड़कर देख लेते हैं। सब कुछ शुरू हुआ 1778 में। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर-जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने एक चीनी व्यापारी को बंगाल में जमीन दी। नाम था टोंग आह च्यू। यहां के स्थानीय लोग उसे 'एटच्यू' कहते थे। हुगली नदी के किनारे उसने चीनी मिल लगाई। एटच्यू की मौत के बाद उसके मजदूर कोलकाता चले आए। टिरेट्टा बाजार कोलकाता का पहला चाइना टाउन बन गया। 19वीं सदी के अंत तक और चीनी आए।

दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक शूद शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं, 'हम भारत आकर बसे चीनियों का संबंध चीन के गुआंगडोंग, फूजियान और जियांग्शी से था। चीनी गृहयुद्ध, जापानी आक्रमण और अकाल से भागकर वे यहां पहुंचे। हिंदू-मुस्लिम समाज में चमड़े का काम 'अछूत' था, हमने उसे अपना लिया। टांगरा 1920 के दशक में नया घर बन गया। टेनरी उद्योग फल-फूल उठा। सैकड़ों जूते की दुकानें बेंटिंक स्ट्रीट पर खुल गईं।'

कोलकाता की चीनी आबादी 50 हजार तक पहुंच गई। रेस्टोरेंट, डेंटिस्ट, कारपेंटर जैसे पेशों में वे चमक रहे थे। उनके पास अपनी दुनिया थी। 1969 में ली यून चिन नाम के चीनी ने 'सीओंग पॉव' (ओवरसीज चाइनीज कॉमर्स ऑफ इंडिया) अखबार शुरू किया। भारत का इकलौता चीनी भाषा का दैनिक। इसमें मंदारिन में कोलकाता की खबरें, चीन-ताइवान-हांगकांग की घटनाएं, शादियां-जन्म-मृत्यु की सूचनाएं होती थीं। यह अखबार कोलकाता के चीनियों का 'सोशल मीडिया' था। तब टांगरा की गलियों में चीनी मंदिर, ड्रैगन डांस, नया साल का जश्न हुआ करता था। 1962 का भारत-चीन युद्ध आया और सब बदल गया।

युद्ध की खबरें फैलीं तो कोलकाता के चीनी इलाकों में दहशत छा गई। हजारों को 'एनेमी एलियन' घोषित कर दिया गया। तब बहुत सारे परिवार देश के अलग-अलग इलाकों में चले गए। टेनरी बंद हो गईं, दुकानें लूट ली गईं। कुछ को डिपोर्ट कर दिया गया। कोलकाता के एक नौजवान चीनी मूल के भारतीय एन ली कहते हैं, 'हम भारतीय थे, लेकिन चीनी चेहरा देखकर हमें गद्दार समझा गया।' इनकी आबादी घटने लगी। इनकी नई नस्ल कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया की ओर पलायन करने लगी। 2023 तक 'सीओंग पॉव' भी बंद हो गया। संपादक की मौत के बाद कोई नहीं बचा उसे चलाने को। फिर भी टांगरा टिका रहा। आज भी यहां मशहूर चीनी रेस्टोरेंट हैं। टेनरी उद्योग अब पर्यावरण नियमों के कारण मुश्किल में है, लेकिन समुदाय ने खुद को भारतीय बनाया है। वे भारतीय पासपोर्ट धारक हैं, बंगाली बोलते हैं, दीवाली-दुर्गा पूजा मनाते हैं, फिर भी चीनी नया साल और चीनी मंदिर उनकी पहचान बने हुए हैं।

पिछले विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी चीनी समुदाय टीएमसी की ओर झुकाव रखता दिख रहा है। ममता सरकार ने उन्हें सांस्कृतिक सम्मान दिया। चीनी नववर्ष पर सरकारी कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं, लेकिन शिकायतें भी हैं। एसआईआर में सैकड़ों चीनी मूल के वोटरों के नाम कट गए। च्यू कहते हैं कि भारत में बसे चीनी मूल के लोग कोलकाता से ही सारे देश में जाकर बसे। हम भारतीय हैं, फिर भी पहचान पर सवाल है?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> कोलकाता की दीवारों पर लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं।

### सोशल फोरम

## आइंस्टीन के दोस्त

मार्च 1955 में अल्बर्ट आइंस्टीन को अपने सबसे पुराने और करीबी दोस्त मिशेल बेसो की मौत की खबर मिली। वे पचास साल से ज्यादा समय से एक साथ थे। बेसो ही वो शख्स थे, जिनसे आइंस्टीन ने स्पेशल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी की बातें की थीं। 1905 के उस पेपर में सिर्फ बेसो का ही शुक्रिया अदा किया गया था, जिसने भौतिकी की दुनिया बदल दी।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

आइंस्टीन ने बेसो के परिवार को पत्र लिखा। उस पत्र में एक वाक्य था जो आज भी भौतिकी की दुनिया में गूंजता है। 'मिशेल इस अजीब दुनिया को छोड़ने में मुझसे थोड़ा आगे निकल गए। इसका कोई मतलब नहीं। हम जैसे भौतिकी में विश्वास रखने वालों के लिए अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच का फर्क सिर्फ एक जिद्दी भ्रम है।'

आइंस्टीन दोस्तों की तरह सांत्वना नहीं दे रहे थे। वे गर्मजोशी या उम्मीद की बातें नहीं कर रहे थे। वे भौतिकी की मजबूरी बता रहे थे। 'भौतिकी में विश्वास' का मतलब धर्म नहीं था। मतलब था समीकरणों पर भरोसा। उन समीकरणों ने साबित कर दिया था कि समय वैसा नहीं है, जैसा हम सोचते हैं। आइंस्टीन की रिलेटिविटी बताती है कि ब्रह्मांड में हर पल उतना ही असली और स्थायी है जितना स्पेस का हर बिंदु।

अतीत खत्म नहीं होता जब वर्तमान आगे बढ़ जाता है। जिंदगी खत्म होने पर ब्रह्मांड से गायब नहीं हो जाती। वह सिर्फ पहुंच से बाहर हो जाती है। जैसे कोई शहर, जिसे आप बीस साल पहले छोड़ आए हैं। वह नक्शे पर अभी भी मौजूद है।

आइंस्टीन ने यह पत्र लिखने के पांच हफ्ते बाद खुद इस दुनिया को छोड़ दिया। उनके अपने समीकरणों के मुताबिक उनकी जिंदगी के हर पल भी ब्रह्मांड की चार आयामी संरचना में हमेशा के लिए दर्ज हैं।

यह कोई कविता नहीं। यह भौतिकी है जो हम रोज इस्तेमाल करते हैं। रिलेटिविटी की सबसे बड़ी बात यह है कि समय यूनिवर्सल नहीं है। दो अलग-अलग गति से चलने वाले वे समय को अलग-अलग तरीके से महसूस करते हैं। एक तेज स्पेसक्राफ्ट में घड़ी धीमी चलती है। यह कोई खराबी नहीं। समय खुद अलग दर से गुजरता है।

1971 में हाफेल और कीटिंग ने एटॉमिक क्लॉक्स विमानों में घुमाए। पूर्व की ओर जाने वाली घड़ियां धीमी पड़ीं। पश्चिम की ओर वाली तेज। नैनोसेकंड का फर्क था, लेकिन आइंस्टीन की भविष्यवाणी बिल्कुल सही थी।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## तमिलनाडु में अस्मिता बनाम संगठन की टक्कर

तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनावी जंग अब बड़े-बड़े मंचों और नारों से निकलकर सीधे बूथ स्तर तक पहुंच चुकी है। इस बार मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, बल्कि रणनीतियों, संगठन क्षमता और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कला के बीच भी है। सत्तारूढ़ एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने चुनावी लड़ाई को अंतिम चरण में एक नए आयाम पर ला दिया है, जिसे 'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' के रूप में देखा जा रहा है। यह अभियान केवल मतदाताओं को मतदान की याद दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक संवाद का हिस्सा बन चुका है।

तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से एक चक्र चलता आया है, जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। इस बार की सबसे बड़ी चुनौती इसी चक्र को तोड़ने की है। एमके स्टालिन के सामने यह केवल सत्ता में बने रहने का सवाल नहीं, बल्कि एक स्थायी राजनीतिक आधार तैयार करने की परीक्षा भी है। यही कारण है कि उनकी पार्टी ने प्रचार के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंचने की रणनीति अपनाई है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' दरअसल एक सूक्ष्म और लक्षित अभियान है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। इस अभियान में विशेष रूप से महिलाओं, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। यह रणनीति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि तमिलनाडु के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी और उनका झुकाव अक्सर निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके साथ ही शहरी, तटीय और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने का प्रयास भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

दूसरी ओर, विपक्ष में खड़ी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अपनी पारंपरिक ताकत, यानी मजबूत बूथ संगठन और ग्रामीण नेटवर्क पर भरोसा कर रही है। एडापड्डी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी पश्चिमी तमिलनाडु के जिलों कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड और सेलम में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है। यहां पार्टी का आधार मुख्य रूप से गौंडर समुदाय पर टिका हुआ है, जो लंबे समय से उसकी रीढ़ माना जाता रहा है, हालांकि बदलते सामाजिक समीकरण और गठबंधन राजनीति ने इस बार इस समर्थन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के लिए दोधारी तलवार साबित हो रहा है। जहां एक ओर यह गठबंधन कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक मजबूती देता है, वहीं दूसरी ओर दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि कई ऐसे क्षेत्र, जो पहले पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाते थे, अब वहां स्थिति उतनी सहज नहीं दिख रही।

मुद्दों की बात करें तो केवल स्थानीय समस्याएं ही नहीं, बल्कि बड़े राष्ट्रीय और भावनात्मक विषय भी प्रमुखता से उभरे हैं। डिलिमिटेशन यानी परिसीमन का मुद्दा, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने तमिलनाडु के अधिकारों से जोड़ दिया है, चुनावी बहस के केंद्र में है। पार्टी इसे 'राज्य बनाम केंद्र' के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जिससे क्षेत्रीय अस्मिता को बल मिलता है। इसके अलावा महिला कल्याण योजनाएं, नकद सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े वादे भी मतदाताओं को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)

## वर्ड स्मिथ

### News शब्द की उत्पत्ति

'News' शब्द की उत्पत्ति के बारे में एक दिलचस्प कहानी प्रचलित है, जिसे लोग अक्सर सुनते और साझा करते हैं। कहा जाता है कि 'News' शब्द चार दिशाओं-North (उत्तर), East (पूर्व), West (पश्चिम) और South (दक्षिण) के पहले अक्षरों से मिलकर बना है। इस व्याख्या के अनुसार, दुनिया के चारों कोनों से आने वाली सूचनाओं को एकत्र करके लोगों तक पहुंचाया जाता था, इसलिए इसे 'News' कहा गया। यह विचार सुनने में आकर्षक है और समाचार के व्यापक दायरे को भी दर्शाता है। हालांकि भाषाविज्ञान के अनुसार यह व्याख्या पूरी तरह सही नहीं मानी जाती। वास्तव में 'News' शब्द अंग्रेज़ी के शब्द 'New' से बना है, जिसका अर्थ है 'नया'। मध्यकालीन अंग्रेजी में 'newes' या 'new things' जैसे शब्दों का प्रयोग ताजा घटनाओं और नई जानकारियों के लिए किया जाता था। समय के साथ यह शब्द विकसित होकर 'news' बन गया और इसका अर्थ हो गया नई या ताजा सूचनाएं। इतिहास में जब छपाई कला का विकास हुआ और समाचार पत्रों का प्रचलन बढ़ा, तब 'news' शब्द का उपयोग और भी व्यापक हो गया। लोग दूर-दराज की घटनाओं के बारे में जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ने लगे, और यह शब्द जनसंचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। इस प्रकार, 'News' शब्द के पीछे की असली कहानी 'नवीनता' से जुड़ी है, जबकि चार दिशाओं वाली कहानी एक रोचक किंवदंती के रूप में प्रचलित है, जो इस शब्द को और भी यादगार बना देती है।






समय के साथ शिक्षा और करियर की दिशा तेजी से बदल रही है। अब युवा ऐसे कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जो सीधे रोजगार और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े हों। टेक्नोलॉजी, डिजिटलाइजेशन और नई शिक्षा नीतियों के प्रभाव से 2026 में कई नए कोर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। इन कोर्सों की खास बात यह है कि इनकी मांग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनकी जरूरत बढ़ रही है। ऐसे में सही कोर्स का चुनाव युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।



डॉ. अनुराग तिवारी
डायरेक्टर बीबीडी आईटीएम, लखनऊ

# जॉब-रेडी एजुकेशन : टेक और स्किल का संगम



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। हेल्थकेयर से लेकर फाइनेंस और ई-कॉमर्स तक, हर सेक्टर में AI का उपयोग बढ़ रहा है। कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स की तलाश में हैं, जो ऑटोमेशन और डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम हों। यही वजह है कि एआई और मशीन लर्निंग के कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इंजीनियरिंग संस्थानों के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इनकी पढ़ाई आसान हो गई है।

### डिजिटल मार्केटिंग

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने डिजिटल मार्केटिंग को एक मजबूत करियर विकल्प बना दिया है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विस को ऑनलाइन प्रमोट करना चाहती है। SEO, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे कोर्स युवाओं को कम समय में स्किल्ड बनाते हैं और उन्हें फ्रीलांसिंग से लेकर जॉब तक कई विकल्प प्रदान करते हैं।

### स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स

आज के छात्र पारंपरिक लंबी अवधि वाले कोर्स की बजाय स्किल आधारित और शॉर्ट टर्म कोर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। कम समय में जॉब-रेडी बनने के लिए Communication Skills, Personality Development, Coding Bootcamp और एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये कोर्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं, जिससे वे तुरंत रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। वर्तमान समय में करियर के विकल्प पहले से कहीं अधिक विविध और अवसरों से भरपूर हैं। जरूरत है सही जानकारी और अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चयन करने की। यदि छात्र समय के साथ बदलते ट्रेंड को समझकर निर्णय लेते हैं, तो वे न केवल बेहतर करियर बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी स्थापित कर सकते हैं।

### डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स

डिजिटल युग में डेटा को सबसे मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। बड़ी कंपनियां अपने बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए डेटा का गहराई से विश्लेषण कर रही हैं। ऐसे में डेटा साइंटिस्ट और डेटा एनालिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा कलेक्शन, प्रोसेसिंग, एनालिसिस और विजुअलाइजेशन की ट्रेनिंग दी जाती है, जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

### साइबर सिक्योरिटी

इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में कंपनियां और संस्थान अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स पर निर्भर हो गए हैं। एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी जैसे कोर्स युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस क्षेत्र में करियर न केवल सुरक्षित है, बल्कि इसमें अच्छी सैलरी के अवसर भी मौजूद हैं।

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज के समय में ज्यादातर कंपनियां अपने डेटा और सर्विसेज को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर रही हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग और DevOps जैसे कोर्स आईटी सेक्टर में तेजी से उभर रहे हैं। इन कोर्सों के जरिए छात्र क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर मैनेजमेंट और एप्लिकेशन डिप्लॉयमेंट की जानकारी हासिल करते हैं। यह क्षेत्र करियर ग्रोथ और आकर्षक वेतन के लिए जाना जाता है।



## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा कार्यक्रम जारी



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने चालू शिक्षा सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 5 मई से 5 जून तक आयोजित होंगी। परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों सुबह 8:30-10:30, स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) होंगी, जबकि अन्य स्नातक एवं परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 29 अप्रैल से परीक्षाएं

रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 26 मई तक होंगी, जबकि छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 13 जून तक निर्धारित हैं। द्वितीय सेमेस्टर की डेटशीट बाद में जारी की जाएगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक एक निश्चित समय स्लॉट में होंगी। 29 अप्रैल को शुरुआती दिन ही संगीत, कोरियोग्राफी और पर्शियन जैसे कौशल-आधारित विषयों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान जैसे व्यावसायिक विषयों को भी पहले चरण में शामिल किया गया है। विवि की वेबसाइट से छात्र परीक्षा कार्यक्रम जारी कर सकते हैं।

## कैंपस का पहला दिन | अजनबी माहौल से अपनेपन तक का सफर

कैंपस का पहला दिन सचमुच किसी नई दुनिया में कदम रखने जैसा होता है-उत्साह, डर, जिज्ञासा और अनगिनत आशंकाओं से भरा हुआ। इंटरमीडिएट के बाद जब मैंने डिग्री कॉलेज में प्रवेश लिया, तो मन में कई तरह के विचार उमड़-घुमड़ रहे थे। मैं स्वभाव से थोड़ा शर्मीला और संकोची रहा हूं, इसलिए नए माहौल में खुद को ढालना मेरे लिए आसान नहीं था। पहले दिन जब कॉलेज पहुंचा, तो ऐसा लगा जैसे मेरे कदम मेरा साथ नहीं दे रहे हों। सब कुछ आंखों के सामने होते हुए भी धुंधला-सा लग रहा था।



सक्षम सिन्हा
छात्र

कैंपस के बारे में पहले से सुनी बातें-यूनियनबाजी, गुटबंदी और झगड़े-मन में डर पैदा कर रही थीं। क्लास में जाने का साहस ही नहीं जुटा पा रहा था। तभी मैदान में कुछ सीनियर्स ने रोक लिया और वहीं मेरी 'क्लास' लग गई। किसी ने मेरे चश्मे और बालों में तेल देखकर मजाक उड़ाते हुए 'चम्पू' कह दिया। उस क्षण मैं बेहद असहज और छोटा महसूस करने लगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंची और मन भीतर तक आहत हो गया। उस दिन मैं बिना कुछ किए ही घर लौट आया और बिस्तर पर औंधे मुंह लेटकर देर तक रोता रहा। लगा जैसे यह दुनिया मेरे लिए नहीं बनी है। लेकिन अगले ही दिन हालात बदलने लगे। कुछ पुराने दोस्त घर आए, जिन्होंने उसी कॉलेज में दाखिला लिया था। उनसे खुलकर बात करने पर मन हल्का हुआ और भीतर कहीं हिम्मत जागी। उनके साथ कॉलेज जाना शुरू किया तो सब कुछ धीरे-धीरे आसान लगने लगा। साथ में क्लास करना, लंच शेयर करना और कैंपस में घूमना-इन छोटी-छोटी बातों ने मेरे अंदर आत्मविश्वास भर दिया। समय के साथ मैंने समझा कि हर नई जगह शुरू में कठिन लगती है, लेकिन धैर्य और सही साथ से सब सरल हो जाता है। कॉलेज की आजादी का अपना अलग ही आनंद है। यहां न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि व्यक्तित्व विकास के भी कई अवसर मिलते हैं। मैंने धीरे-धीरे नए लोगों से बातचीत शुरू की, शिक्षकों से जुड़ाव बनाया और गतिविधियों में हिस्सा लेना भी शुरू किया। इससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो एहसास होता है कि वही डरावना पहला दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। अगर दोस्तों का साथ और उनका हौसला न मिलता, तो शायद मैं खुद को कभी इस माहौल में ढाल नहीं पाता। सच तो यह है कि अच्छे दोस्त न सिर्फ मुश्किल समय में सहारा बनते हैं, बल्कि जीवन के सफर को खूबसूरत और यादगार भी बना देते हैं। कॉलेज की यह यात्रा मेरे लिए सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दोस्ती और जीवन को समझने का एक अनमोल अनुभव बन गई।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'प्रज्ञा' नामक उन्नत उपग्रह इमेजिंग प्रणाली को शामिल किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित इस प्रणाली को गृह मंत्रालय (एमएचए) को सौंप दिया गया है। यह प्रणाली सुरक्षा एजेंसियों के लिए वास्तविक समय की निगरानी और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाएगी।
- हाल ही में रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और रूस ने अप्रैल 2026 में पारस्परिक रसद विनिमय समझौते (आरईएलओएस) को लागू किया। मूल रूप से इस पर फरवरी 2025 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंच के साथ-साथ सैनिकों और संसाधनों की तैनाती की अनुमति देता है। यह कदम द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने और भारत की वैश्विक रणनीतिक पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से आर्कटिक जैसे उभरते क्षेत्रों में।
- हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कूटनीतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, क्योंकि पूर्व राजनेता इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे भाजपा के पूर्व सांसद रह चुके हैं और पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से आते हैं। उनकी नियुक्ति से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध मजबूत होने की उम्मीद है।
- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट को नया रूप देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उसने रवांडा में पहली महिला टी-20 इंटरनेशनल चैलेंज ट्रॉफी 2026 का शुभारंभ किया है। यह टूर्नामेंट 18 अप्रैल से रवांडा के किगाली में शुरू होगा। यह पांच देशों का टूर्नामेंट है, जो उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धा प्रदान करना है।

## जॉब अलर्ट

### पंजाब नेशनल बैंक (PNB)

- पद का नाम-अधिकारी- JMG स्केल I में सिविल इंजीनियर/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ मैकेनिकल इंजीनियर
- कुल पद -30
- स्केल-JMG स्केल I
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल / इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60% अंकों के साथ B.E./B.Tech
- अनुभव- संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव
- आयु सीमा-(01.01.2026 तक) न्यूनतम 20 वर्ष - अधिकतम 30 वर्ष
- ऑनलाइन https://pnb.bank.in/ पर
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि-05-05-2026
- ऑनलाइन टेस्ट-27 मई 2026

### जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड

- पद का नाम- अपरेंटिस (NATS - राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत)
- कुल रिक्तियां-614 पद
- प्रशिक्षण की अवधि-12 महीने
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (01.01.2022 को या उसके बाद उत्तीर्ण)
- पंजीकरण की अंतिम तिथि- 26-04-2026
- वेबसाइट https://www.jkb.bank.in

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)

- पद- SSC के विभिन्न क्षेत्रों में मैट्रिक, हायर सेकेंडरी (10+2) और ग्रेजुएशन व उससे ऊपर के स्तरों पर विभिन्न पद
- कुल रिक्तियां- 2919 पद (संशोधित, क्षेत्र-वार)
- वेतनमान- 7वें CPC Pay Matrix के अनुसार Pay Levels 1 से 8 तक, User Department की आवश्यकताओं के अनुसार पद-वार अलग-अलग
- नौकरी की श्रेणी-केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में
- नौकरी का स्थान- पूरे भारत में
- आयु सीमा (कुल मिलाकर)- पद-वार सीमाएं: 18–25, 18–27, 18–28, 18–30, 18–35, 20–25, 20–30, 21–27, 21–28, 22–28, 23–28 वर्ष (निर्धारित तिथि के अनुसार)
- आवेदन का तरीका- SSC वेबसाइट और mySSC मोबाइल ऐप के माध्यम से
- वेबसाइट-www.ssc.gov.in

## 10वीं के बाद स्ट्रीम चयन: करियर प्लानिंग की पहली सीढ़ी

10 वीं कक्षा के बाद सही स्ट्रीम का चयन हर छात्र के जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है। अक्सर विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि आगे की पढ़ाई के लिए साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स में से कौन-सा विकल्प बेहतर रहेगा। सही स्ट्रीम का चुनाव न केवल आपकी रुचि और क्षमता पर निर्भर करता है, बल्कि यह आपके करियर की दिशा भी तय करता है, इसलिए इस निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहद जरूरी है। हम आपको तीनों स्ट्रीम्स की विशेषताओं और उनके करियर विकल्पों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दे रहे हैं, ताकि आपकी उलझन कम हो सके।

- **साइंस स्ट्रीम**- साइंस स्ट्रीम उन छात्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है, जिन्हें विज्ञान और तकनीकी विषयों में गहरी रुचि होती है। यदि आपको प्रयोग करना, नई चीजों की खोज करना और गणितीय समस्याओं को हल करना पसंद है, तो यह स्ट्रीम आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकती है। इसमें मुख्य रूप से फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स जैसे विषय शामिल होते हैं। ये विषय तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करते हैं। इस स्ट्रीम को चुनने के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी, रिसर्च, डेटा साइंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



### आर्ट्स (ह्यूमैनिटीज) स्ट्रीम

आर्ट्स स्ट्रीम उन छात्रों के लिए सबसे उपयुक्त है, जो रचनात्मकता और सामाजिक विषयों में रुचि रखते हैं। यदि आपको इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, साहित्य या समाजशास्त्र जैसे विषय पसंद हैं, तो यह स्ट्रीम आपके लिए सही हो सकती है। यह स्ट्रीम न केवल ज्ञान का विस्तार करती है, बल्कि सोचने और समझने की क्षमता को भी विकसित करती है। इसके माध्यम से पत्रकारिता, सिविल सेवा, कानून, शिक्षण, मनोविज्ञान, डिजाइन और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



- **कॉमर्स स्ट्रीम**- कॉमर्स स्ट्रीम उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें व्यापार, वित्त और अर्थव्यवस्था से जुड़ी चीजों में रुचि होती है। यदि आप यह समझना चाहते हैं कि पैसा कैसे काम करता है, बाजार कैसे चलता है और बिजनेस कैसे बढ़ता है, तो कॉमर्स एक अच्छा विकल्प है। इसमें अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं, जो व्यावसायिक समझ को मजबूत बनाते हैं। इस स्ट्रीम के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), बैंकिंग, फाइनेंस, मार्केटिंग और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर मिलते हैं।

### ऐसे चुनें सही स्ट्रीम

- उन विषयों को चुनें, जिनमें आपकी पकड़ मजबूत हो और जिन्हें पढ़ने में आपको आनंद आता हो।
- हर स्ट्रीम में उपलब्ध भविष्य के अवसरों को समझें, ताकि सही दिशा तय कर सकें।
- विशेषज्ञ वर्तमान जॉब मार्केट के अनुसार सही मार्गदर्शन दे सकते हैं।
- उनका अनुभव और आपकी समझ आपको बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा।
- किसी दबाव में न आएं, अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्यों के आधार पर ही स्ट्रीम चुनें।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,516.49 | 24,378.10 |
| गिरावट | 756.84 | 198.50 |
| प्रतिशत में | 0.95 | 0.81 |

सोना 1,57,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल– (प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन–** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी–** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** सोना पक्के आभूषण 153700, सोना गिन्नी 149700, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल :** शरबती– 3600 मसूरी– 1200 बासमती– 7200–8400 परमल– 1000–3600

**दाल दलहन–** काला चना– 2200–3600 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7500–12400 दाल उड़द– 4800 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 5200–10000 अरहर दाल– 10300 –12200 लोबिया/करमानी– 1000–1400

# शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा, ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़े

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95% टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।




**अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से बढ़ा दबाव**

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका–ईरान वार्ता ठप होने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा।

**गिरावट वाले शेयर**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक

**ये रहे लाभ में**

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, ट्रेंट

क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

## सरकारी बैंकों में कार्यकारी निदेशक पद के लिए निजी क्षेत्र से भी आवेदन आमंत्रित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) की नियुक्ति के लिए निजी क्षेत्र सहित पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को शामिल करना तय प्रक्रिया से अलग एक बदलाव है। यह पहली बार है जब वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) चालू वित्त वर्ष के दौरान सृजित होने वाली ईडी की आधा दर्जन से अधिक रिक्तियों के लिए निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों पर भी विचार करेगा। ब्यूरो के पात्रता मानदंडों के अनुसार निजी क्षेत्र के आवेदक के पास कम से कम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें 12 वर्ष का बैंकिंग अनुभव शामिल हो। इसमें बोर्ड स्तर से ठीक नीचे के उच्चतम स्तर पर तीन वर्ष का अनुभव (मूल पद के आधार पर) होना अनिवार्य है। एफएसआईबी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि यदि किसी अधिकारी ने अपने करियर में दो या अधिक बड़े दंडों का सामना किया है, तो वह राष्ट्रीयकृत बैंकों के ईडी पद के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

# छह साल बाद फिर शुरू होगा लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** दो देशों के बीच छह साल के लंबे अंतराल के बाद व्यापार शुरू होने की अच्छी खबर सामने आयी है। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन व्यापार फिर से शुरू होगा। व्यापारियों को लिपुलेख तक जाने के लिए इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जबकि आगे तकलाकोट मंडी तक पहुंचने के लिए ट्रेड पास अनिवार्य होगा।

भारत-चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में पुनः प्रारंभ किए जाने के संबंध में बुधवार को पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

विदेश मंत्रालय द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः प्रारंभ करने पर अनापत्ति मिलने के बाद प्रस्तावित व्यापार सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि व्यापार अवधि जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर सितंबर तक प्रस्तावित है। मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही व्यापार संचालन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी तथा समस्त कार्य विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सीमा व्यापार प्रारंभ होने से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर, सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। खासतौर से बीएसएनएल को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में डीएम और अन्य अधिकारी।

- जून से सितंबर तक चलेगा सत्र मिलेगा इनर लाइन परमिट विदेश मंत्रालय ने दी अनुमति

> छह वर्षों के अंतराल के बाद भारत–चीन सीमा व्यापार लिपुलेख दर्रे से फिर शुरू हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने भी अनुमति दे दी है। इस व्यापार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। **–आशीष भटगांई,** जिलाधिकारी, पिथौरागढ़

# पूर्वांचल के फॉरएवर ग्रुप ने खरीदी मीरगंज चीनी मिल

संवाददाता, बहेड़ी (बरेली)

- 305 करोड़ में हुआ मिल का सौदा, नई कंपनी ने संचालन अपने हाथ में लिया
- कृषि किसानों को गन्ने का भुगतान कर चुकी थी मिल
- मिल में लगा है 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट
- धामपुर ग्रुप की इस मिल की पेराई क्षमता 90 हजार कुंतल

**अमृत विचार :** बरेली के मीरगंज क्षेत्र में संचालित धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप की मीरगंज चीनी मिल बिक गई है। पूर्वांचल के फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड 305 करोड़ रूपये में मिल खरीदकर इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। बिक्री एकमुश्त अदायगी के बेस पर की गई है।

फॉरएवर ग्रुप की केसर शुगर मिल, बहेड़ी को खरीदने की बातचीत चल रही थी, लेकिन अचानक यह खबर सामने आई कि फॉरएवर ग्रुप ने मीरगंज चीनी मिल का सौदा कर लिया। धामपुर बायो आर्गेनिक लिमिटेड ने 20 अप्रैल को अपनी मीरगंज चीनी मिल फॉरएवर ग्रुप के हाथ बेचने का एलान कर दिया। मिल का 2025 में टर्न ओवर 423.24 करोड़ का था। धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पैराई क्षमता 90 हज़ार कुंटल प्रति दिन की है। इसमें 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट है। बीते सीजन में मीरगंज चीनी मिल ने 80.19 लाख कुंटल गन्ना पैराई की थी और गन्ना मूल्य का 314.39 करोड़ रुपया किसानों को अदा किया।

फॉरएवर ग्रुप अभी तक डिस्टलरी उद्योग में सक्रिय था। गोरखपुर-देवरिया में उनकी डिस्टलरी यूनिट हैं। जानकारी मिली है कि फॉरएवर ग्रुप के तन्मय मोदी ने मंगलवार को मीरगंज चीनी मिल पर कब्ज़ा भी ले लिया।

**सकारात्मक पहल** | आईआईए और इंडो–जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच बनी रणनीति

# छोटे उद्यमियों को देंगे वैश्विक भागीदारी का अवसर : दिनेश गोयल

- मुख्यमंत्री योगी के 'जापान मिशन' को बताया प्रेरक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जापान सरकार के साथ किए गए दूरदर्शी समझौते को आधार मानते हुए एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हाल में आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच हस्ताक्षरित किए गए एमओयू के क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दोनों संस्थाओं ने एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक की गई। जो एमएसएमई को बहुआयामी विस्तार देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बैठक का नेतृत्व करके मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। विशेष रूप से एसएमईएस के लिए सरकारी नीतियों और सहायक दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य छोटे उद्यमियों को उनकी सीमित बजटीय सीमाओं से बाहर निकालकर वैश्विक भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 'स्टीयरिंग कमेटी' के गठन का प्रस्ताव रखा।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक समूहों को जापानी तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लखनऊ, बाराबंकी और कानपुर आईआईए एक्सपोर्ट कमेटी के चेयरमैन अमन अग्रवाल ने यहां के चिकन वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, चमड़ा, टेक्सटाइल और रक्षा विनिर्माण को वैश्विक मानकों पर लाने की योजना साझा की।

सहारनपुर और शामली से काष्ठ कला और लौह उद्योग को जापानी फिनिशिंग के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई तो मुरादाबाद और संभल से पीतल एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आधुनिक जापानी ऑटोमेशन तकनीकों पर जोर दिया गया। मेरठ से स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल ने मेरठ के खेल उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पर्यटन और आतिथ्य पर भी चर्चा हुई। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा और मथुरा जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों में जापानी मानकों के अनुरूप क्लस्टर आधारित पर्यटन विकास और आतिथ्य सेवाओं को अपग्रेड करने पर विशेष सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त बहु-राज्य विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं के लिए आईआईए ने एमओयू के माध्यम से केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार और पूर्वांचल के लिए भी व्यापक विकास के अवसरों को रेखांकित किया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के उत्पादों को भी आईआईए के माध्यम से वैश्विक पहुंच दिलाने की पहल की गई है। आईजेसीसी के चेयरमैन राहुल मिश्रा और उनकी टीम ने आईटी, ऑटोमेशन और रेलवे ट्रांसफॉर्मेशन में जापानी 'ट्रेनिंग थ्योरीज' लागू करने पर सहमति जताई। युवा उद्यमियों को जापान में प्रशिक्षण दिलाने की योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया।



बैठक में शामिल इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और इंडो जापान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी।

## नौ करोड़ के पार पहुंची अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) संचालित केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या नौ करोड़ से अधिक हो गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है। यह योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में सबसे अधिक नामांकन है। पीएफआरडीए ने एक बयान में कहा कि योजना मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल में साफ दिखाई दे रही बदलाव की लहर : योगी

कोलकाता, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जब चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तो राज्य में भाजपा का 'भगवा ध्वज' शान से लहरायेगा।

सभा में बड़ी संख्या में समर्थक ऐसे पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिन पर लिखा था-योगी जी, बुलडोजर लाइए, हम आपके साथ हैं।.. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने के लिए तैयार है और राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से अपने वोट का सोच-समझकर इस्तेमाल करने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि तृणमूल बंगाली पहचान के साथ खिलवाड़ कर रही है। कहा-बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने ममता बनर्जी और अभिषेक पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ और भतीजा' कहा और कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको में रवींद्रनाथ टैगोर की 'ठाकुरबाड़ी' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर वहां लगा दी जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है।



कोलकाता के जोरासांको में चुनावी जनसभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यहां 29 अप्रैल को मतदान होना है। • अमृत विचार

## छेड़छाड़ माना जाएगा ईवीएम बटन पर इत्र या गोंद लगाना, आपराधिक कार्रवाई संभवः आयोग

नई दिल्ली,एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बटन पर इत्र या गोंद लगाने जैसी हरकतों को 'छेड़छाड़' माना जाएगा, जो एक चुनावी अपराध है।

यह टिप्पणी उन दावों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता यह जानने के लिए ईवीएम बटन पर इत्र लगाते हैं कि वोट उनके पक्ष में पड़ा है या नहीं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी को ऐसी कोई शरारत दिखती है, तो उसे सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा।

आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि आयोग आपराधिक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा और पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सभी बूथों के पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ईवीएम पर सभी प्रत्याशियों के बटन स्पष्ट रूप से दिखाई दें और किसी भी बटन पर टेप, गोंद या अन्य सामग्री न लगी हो।

उन्होंने कहा कि मतपत्र इकाई के प्रत्याशी बटन पर कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जा सकता, जिससे मतदान की गोपनीयता भंग हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो पीठासीन अधिकारी तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करेगा।

## पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव आयोग की कार्रवाई में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि 15 मार्च से अब तक पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड रुपए नकदी, 102.45 करोड रुपए की 39.31 लाख लीटर शराब, 108.11 करोड रुपए के ड्रग्स 55.88 करोड रुपए की कीमती धातुएं तथा 178.83 करोड़ रुपए मूल्य की उपहार की वस्तुएं समेत अब तक कुल 472.89 करोड़ रुपए की नकदी और सामान जब्त किया गया है। इसी तरह तमिलनाडु में 100.19 करोड रुपए की नकदी, 3.85 करोड रुपए की 1.18 लाख लीटर शराब, 76.72 करोड के ड्रग्स, 159.31 करोड के कीमती धातुएं और 259.14 करोड के उपहार के सामान जब्त किए गए हैं।




# पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी कांग्रेस : शाह

कोलकाता,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी, आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी बदतर होने वाली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राहुल गांधी की संगति में आकर राजनीतिक संवाद का स्तर गिराने का भी आरोप लगाया। कहा-राहुल गांधी, आप मोदी जी को जितने अधिक अपशब्द कहेंगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा... राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे जी की भी भाषा बिगड़ने लगी है। शाह ने कहा कि किसी विधायक को चुनने या केवल भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों से मुक्त बंगाल बनाने के लिए वोट डालें।



रोड शो करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को पुलिस को मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कथित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल निवारक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए एक पत्र में, सीईओ कार्यालय में तैनात पुलिस पर्यवेक्षक ने कई विधानसभा क्षेत्रों और पुलिस थाना क्षेत्रों के कथित उपद्रवियों की एक सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा की

## तृणमूल का लोगों पर केंद्रीय बलों के हमले का दावा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में केंद्रीय बलों के जवानों ने स्थानीय लोगों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। हालांकि, निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच की गई, लेकिन ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। तृणमूल ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष मतदान कराने को तैनात सीआरपीएफ कर्मियों ने 21 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के लोगों पर हमला करके अपने पद का घोर दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोटें आईं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने की आठ ईरानी महिलाओं को रिहा करने की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक शानदार शुरुआत होगी। ट्रंप की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा, मैं इन महिलाओं की रिहाई की बहुत सराहना करूँगा। कृपया उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाएं! यह हमारी बातचीत की एक शानदार शुरुआत होगी।

### होर्मुज सुरक्षा को काम कर रहे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस करीब 30 देशों के सैन्य योजनाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित मिशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। यह मिशन तब लागू होगा जब प्रमुख समुद्री मार्ग फिर से खुल जाएगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंदन स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय बैठक का उद्देश्य कूटनीतिक सहमति को विस्तृत सैन्य योजना में बदलना है। योजना के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय मिशन के जरिए वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने और क्षेत्र में आपसी विश्वास बहाल करने का काम किया जाएगा।

### लेबनान में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत

**बेरूत।** पूर्वी लेबनान के एक गांव में बुधवार को हुए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सरकारी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' की खबर से यह जानकारी मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि जब्बूर गांव में हुए इस ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ है। इजराइली सेना ने इलाके को निशाना बनाकर कोई भी हमला करने से इनकार किया है। पिछले शुक्रवार को इजराइल और लेबनान के बीच हुए 10 दिन के संघर्ष-विराम के बाद से इजराइल ने कई हमले किए हैं, जबकि हिज्बुल्ला ने मंगलवार को पहला हमला करने का दावा किया।

### मोसाद से संबंध रखने में एक को दी फांसी

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को एक व्यक्ति को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से कथित संबंधों को लेकर फांसी दे दी। ईरान में युद्ध के दौरान और जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद लगातार फांसी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान न्यूज एजेंसी' ने मेहदी फरीद की फांसी की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, फरीद एक संवेदनशील सरकारी संगठन में कार्यरत था और उसने इज़राइली खुफिया एजेंसी को जानकारी मुहैया कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरीद को ईरान के कोम प्रांत में दोषी ठहराया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में कई मामलों में बंद कमरे में सुनवाई होती है और आरोपियों को बचाव का अवसर नहीं मिल पाता।

### सिख महिला से दुष्कर्म में अपराध कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने सिख महिला से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को अदालत में दोष स्वीकार कर लिया। आरोपी जॉन अश्बाय पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उसने वॉल्सॉल में एक सिख महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में यह स्वीकारोक्ति की। पिछले साल अक्टूबर में हुई इस घटना के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी ने शुरू में यौन उत्पीड़न सहित सभी आरोपों से इनकार किया था।

# कर्नाटक में अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न, दो गिरफ्तार

**कोडागु, एजेंसी**

- होमस्टे का कर्मचारी और मालिक हैं आरोपी

कर्नाटक के कोडागु जिले के एक होमस्टे के एक कर्मचारी ने अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कोडागु के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी।

झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को जानकारी नहीं दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और फिर होमस्टे में कर्मचारी द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस के अनुसार बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने मामले को दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई-फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह किसी से संपर्क नहीं कर सके। बाद में इंटरनेट पहुंच प्राप्त होने पर महिला ने मैसूरु जाने का बहाना कर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया

# वीडियो में एआई का लेबल पूरे समय साफ दिखना चाहिए

## सरकार ने दिया सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित नियमों-प्रावधानों को और सख्त करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव दिया है और इस बार खास तौर पर जोर दिया गया है कि उपयोगकर्ता एआई से बनी सामग्री की पहचान ऑनलाइन कैसे कर सकते हैं। इस बारे में जानना जरूरी है कि इस नए प्रस्ताव में क्या शामिल है, यह क्यों जरूरी है, और डिजिटल अधिकार समूहों द्वारा आईटी नियमों में किए जा रहे संशोधनों पर क्या चिंताएं जताई जा रही हैं, जिन पर अभी विचार चल रहा है।

फिलहाल आईटी नियमों के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित सामग्री पर लेबल या निशान साफ-साफ दिखने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मंगलवार को आम लोगों की राय जानने के लिए संशोधनों का जो मसौदा जारी किया है, उसमें साफ-साफ दिखने वाली शर्त को बदलकर यह नियम लागू करने की बात कही गई है कि लेबल स्क्रीन पर पूरे समय लगातार और साफ-साफ दिखते रहने चाहिए।

आसान शब्दों में कहें तो, इसका मतलब यह है कि एआई से बनी सामग्री की पहचान बताने वाला वॉटरमार्क या लेबल सिर्फ़ वीडियो की शुरुआत या आखिर में ही नहीं दिखना चाहिए; बल्कि यह पूरे वीडियो के दौरान स्क्रीन पर बने रहना चाहिए। प्रस्तावित नियम के अनुसार ऐसी स्थिति नहीं होगी जिसमें लेबल कभी दिखे, कभी न दिखे। मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अगर कोई वीडियो एआई से बनाया गया है, तो देखने वाले को, यह बात वीडियो के पहले सेकंड से लेकर आखिरी सेकंड तक पता रहे।

**ऐसा क्यों किया जा रहा:** इसकी मुख्य वजह है एआई का बढ़ता दुरुपयोग। मंत्रालय का मानना है कि ऑनलाइन दिखने वाले ऐसे वीडियो जो असली जैसे लगते हैं, लेकिन असल में नकली होते हैं, उनसे गलत जानकारी फैलती है और उपयोगकर्ता गुमराह होते हैं। इसलिए, एआई टूल से बनी ऐसी सामग्री को शुरू में ही लेबल लगाकर या निशान लगाकर पहचानना जरूरी है। हमेशा दिखने वाला लेबल अनिवार्य करके, सरकार यह पक्का करना चाहती है कि अगर कोई देखने वाला वीडियो को बीच में से भी देखना शुरू करे या क्लिप के किसी भी हिस्से में देखे, तो उसे तुरंत पता चल जाए कि यह कंटेंट असली नहीं, बल्कि एआई से बनाया गया है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि पहले के नियम के मुताबिक 'साफ-साफ दिखने वाले' लेबल को लेकर अनुपालन संतोषजनक नहीं था। कल्पना कीजिए, पांच मिनट का एआई से बना एक वीडियो है, जिसमें लेबल सिर्फ शुरुआती 5 सेकंड के लिए ही दिखता है। अगर आप वीडियो को दो मिनट बाद देखना शुरू करते हैं, तो आप एआई का निशान देख ही नहीं पाएंगे और हो सकता है कि आप उसे सच मान लें।

अधिकारियों का तर्क है कि 'हमेशा दिखते रहने वाला' निशान ज़्यादा व्यावहारिक है और इसमें ज़्यादा पारदर्शिता भी है। सोशल मीडिया मंच-एक्स, यूट्यूब और मेटा को यह सुनिश्चित करना होगा कि ये लेबल हमेशा बने रहें। एआई से सामग्री विकसित करने के टूल बनाने वाली कंपनियों को यह सतत लेबलिंग प्रणाली अपनानी होगी।

# 'नागरिक देवो भव' हर निर्णय के पीछे का हो मूलमंत्र : प्रधानमंत्री

## मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र भेजकर जनसेवा का किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र लिखकर कहा है कि 'नागरिक देवो भव' (नागरिक ही भगवान है) का सिद्धांत हर निर्णय का मूलमंत्र होना चाहिए और सरकार को अपनी क्षमता के अनुसार जनता की सेवा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को यह भी बताया कि शासन करुणा पर आधारित होना चाहिए और सार्वजनिक सेवा की जिम्मेदारी निभाने वालों को आजीवन सीखते रहने का एक सर्वोत्तम उदाहरण बनना चाहिए।

सिविल सेवा दिवस से एक दिन पहले 20 अप्रैल को लिखे गए ये पत्र 12 भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, ओडिया, गुजराती, बांग्ला, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, मलयालम, तेलुगु और तमिल में जारी किए गए। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों का भी समय है और रुझान हर दिन बदल रहे हैं, नई प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं और लगातार नए नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों और दुनिया दोनों को देश से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सरकार की सेवाएं और कार्य संस्कृति इस ऐतिहासिक युग का अधिकतम लाभ उठाने के लिए अनुकूल हों। इस दिशा में 'आईगॉट कर्मयोगी' जैसे मंचों के उपयोग से आजीवन सीखने को आदत बनाना महत्वपूर्ण है। आप बेहतर बनने का चुनाव कर रहे हैं ताकि भारत बेहतर बन सके।

प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को कर्मयोगी कहकर संबोधित किया और कहा कि उन्होंने यह पत्र उन्हें एक बहुत ही विशेष समय पर लिखा है, क्योंकि भारत के कई हिस्सों में त्योहारों का मौसम है। उन्होंने कहा कि रोंगाली बिहू, विशु, पुथंडू, पोइला बोइशाख, महा बिशुबा पाना संक्रांति और बैसाखी के उत्साह से पूरा वातावरण सराबोर है। मोदी ने कहा कि ये त्योहार आशा और नई शुरुआत के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, आप सीखने और विकास के एक उत्सव - 'साधना सप्ताह' का हिस्सा बन गए हैं। भारत के कोने-कोने से लोक सेवकों को एक साथ लाने वाले इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

### जिज्ञासा की भावना को रखें जीवित

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोक सेवकों के सेवाभाव के प्रति गहरी सराहना व्यक्त करना चाहते हैं, इसी सेवाभाव के कारण वे इस प्रयास का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि ऐसे मंच व्यक्तिगत विकास और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। मोदी ने कहा कि कुछ नया खोजना जीवन के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक है और हर किसी को जिज्ञासा की इस भावना को जीवित रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी लोक सेवकों को यह याद रखना चाहिए कि पहले बेहतर प्रदर्शन को मापदंड माना जाता था, लेकिन अब सभी प्रयासों का मूल्यांकन 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर किया जाना चाहिए।

### आईगॉट कर्मयोगी मंच केंद्र सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे प्रयासों की गति, व्यापकता, दिशा और तीव्रता इसी दृष्टिकोण से निर्देशित होनी चाहिए... नागरिक देवो भव का सिद्धांत हर निर्णय के केंद्र में होना चाहिए। मोदी ने कहा कि 'आईगॉट कर्मयोगी' मंच, जिस पर लोक सेवक अब प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं हमारी सरकार की मानव पूंजी को रूपांतरित करने का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास है और आप इसके मूल में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया था कि साधना सप्ताह के तीन उद्देश्य हैं : तकनीकी रूप से तैयार होना, अपनी परंपराओं को समझना और नागरिक केंद्रीयता पर आधारित ठोस परिणाम प्राप्त करना। ये वास्तव में आदर्श सिद्धांत हैं और जब इन सभी सिद्धांतों को एक साथ पिरोया जाता है, तो शासन आधुनिक, संस्कृति में निहित और 'जन सेवा' में दृढ़ता से निहित बन जाता है। यह याद रखना होगा कि भारत की प्रगति हर राज्य और हर विभाग में मिली सामूहिक जीत का योग है।

# अगले चार-पांच दिन देश के कई हिस्सों में चलेगी लू

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को उष्ण लहर की स्थिति रह सकती है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23-25 अप्रैल; पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 - 26 अप्रैल; राजस्थान में 24-26 अप्रैल; मध्य प्रदेश में 23-26 अप्रैल, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल और पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, बिहार तथा झारखंड में 22 से 23 अप्रैल तक की अवधि में उष्ण लहर की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, तमिल नाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, कोंकण और गोवा के कुछ इलाकों में रात के दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में इस सप्ताह गरज के साथ बारिश हो सकती है।

# जांच के दौरान मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आई-पैक छापेमारी में ममता की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी



कोलकाता में आई-पैक के कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले की बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने गहन पड़ताल की और कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप करता है तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं है। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में डालता है और फिर आप कहते हैं कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है। न्यायालय ने यह टिप्पणी तब की जब पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने ईडी की याचिका की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवाद मूल रूप से केंद्र और राज्य के बीच है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की, यह (कथित अवरोध) स्वतः ही एक ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कृत्य है जो संयोगवश एक राज्य का मुख्यमंत्री है, जिससे पूरी व्यवस्था और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। न्यायालय ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि धनशोधन जांच के सिलसिले में 8 जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान बनर्जी और राज्य के अन्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि इस देश में एक दिन ऐसा आएगा जब एक मौजूदा मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवेश करेगा...। गुरुस्वामी ने कहा कि मैं इस मामले के गुण-दोष पर हूं... कोई दुर्व्यवहार नहीं हुआ, किसी अधिकारी को धमकाया नहीं गया। पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि मामले में उठाए गए प्रश्नों को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। कहा कि हम तय करेंगे कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

# साड़ी के बजाय नाइट ड्रेस पहनने पर पत्नी को जलाया

- कर्नाटक के बेलगावी जिले में मंगलवार को हुई घटना

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में नंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

# सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कदवा थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस क्षेत्र के खैरपुर गांववासी ज्वाला यादव के घर मे निर्मित शौचालय की टंकी सफाई के लिए तीन मजदूर अंदर घुसे। इस दौरान जहरीली गैस से दम घुटने तीनों बेहोश हो गए। गृहस्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से टंकी के दीवार को तोड़वाया और बेहोशी की हालत तीनों मजदूरों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लक्ष्मिनिया गांव निवासी बमबम मंडल, श्री लाल मंडल एवं जननंदन मंडल के रूप में की गयी है।


# दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक महिला से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स सेल (द्वारका) में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शिकायतकर्ता को झूठे मामले में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की गई थी, पहली किस्त में पांच लाख रुपये 21 अप्रैल तक देनी थी।

# प्रवासी भारतीय जर्मनी व भारत के बीच मजबूत सेतु

**बर्लिन, एजेंसी**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया प्रवासी भारतीयों से संवाद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने जर्मनी में मौजूद भारतीयों से वैश्विक स्तर पर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 जर्मनी के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जो विश्वास, आपसी सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखें। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को सरकार के निरंतर समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



**मेष** — आज जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। किसी भी बात को समझकर ही जवाब दें।



**तुला** — आज आपको अपने सोचने का तरीका थोड़ा बदलना पड़ सकता है। नई परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना ही सही रहेगा।



**वृष** — आज अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें। सही योजना बनाने से आगे का समय आसान होगा।



**वृश्चिक** — आज किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। आपको हर कदम सोच-समझकर रखना होगा।



**मिथुन** — आज आप सक्रिय रहेंगे और कई काम एक साथ करने की कोशिश करेंगे। सही दिशा में प्रयास करने पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।



**धनु** — आज रिश्तों और सहयोग का महत्व बढ़ेगा। किसी के साथ मिलकर किया गया काम बेहतर परिणाम देगा।



**कर्क** — आज भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। घर या परिवार से जुड़ा कोई विषय महत्वपूर्ण हो सकता है।



**मकर** — आज काम का दबाव रहेगा और आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। प्राथमिकताएं तय करके चलेंगे तो दिन संभाल लेंगे।



**सिंह** — आज लोगों से जुड़कर काम करने से फायदा मिलेगा। किसी संपर्क या मित्र के जरिए नया अवसर मिल सकता है।



**कुंभ** — आज आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक सोच से आप अलग पहचान बना सकते हैं।



**कन्या** — आज काम को टालने से बचें। जो जिम्मेदारी आपके पास है, उसे समय पर पूरा करना जरूरी होगा। अनुशासन बनाए रखने से ही संतोषजनक परिणाम मिलेंगे।



**मीन** — आज किसी बात को सुलझाने का सही समय है। संतुलन बनाए रखेंगे तो मन भी शांत रहेगा और काम भी सही होंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 20 .49 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-पुनर्वसु 08 .57 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

### सुडोकू -128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

## संवाद

### यूएनएसजी उम्मीदवार बाचेलेत ने कहा- स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए अधिक प्रतिनिधित्व

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार की आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार और स्थायी तथा अस्थायी दोनों श्रेणियों में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है और इसे प्राप्त करने की दिशा में वह काम करेंगी।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चार उम्मीदवारों में से एक हैं। वर्तमान संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस 31 दिसंबर को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने लगातार पांच वर्ष के दो कार्यकाल में दुनिया के शीर्ष राजनयिक के रूप में सेवाएं दी हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और भारत जैसे विकासशील देशों की स्थायी सदस्य के रूप में इस शक्तिशाली मंच पर मौजूदगी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बाचेलेट ने मंगलवार को यहां कहा कि मुझे लगता है कि सुरक्षा परिषद में सुधार की वास्तव में आवश्यकता है।

भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करने में अग्रणी रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। बाचेलेत ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार का निर्णय संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को लेना है। उन्होंने 2024 में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए भविष्य के समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि एक अवसर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त रह चुकीं बाचेलेत ने कहा कि जब दुनिया भर के लोग संयुक्त राष्ट्र को देखते हैं, तो वे सुरक्षा परिषद को देखते हैं, वे एक ऐसे निकाय को देखते हैं जो समस्या का समाधान नहीं कर रहा है, जो पंगु है, जिसमें लाखों लोग पीड़ित हैं। मंगलवार को यहां तीन घंटे चले संवाद सत्र में बाचेलेत से सदस्य देशों और सिविल सोसायटी ने महासचिव पद को लेकर उनकी सोच तथा यह पूछा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार क्यों हैं।

### भारत ने बाचेलेत से पूछे सुधार-विकास के लक्ष्य

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और ग्लोबल साउथ के विकास लक्ष्यों का मुद्दा उठाते हुए चिली की पूर्व राष्ट्रपति तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत से पूछा कि अगर वह इस वैश्विक संगठन के नेतृत्व के लिए चुनी जाती हैं तो इन मुद्दों पर उनकी क्या योजना होगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने संवाद के दौरान कहा, आपके दृष्टिपत्र में संयुक्त राष्ट्र में जारी सुधारों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की बात कही गई है। बताएं कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए आप कौन से कदम उठाएंगी।

# आतंकवाद से लड़ाई में भारत के साथ इजराइल

**यरूशलम।** इजराइल ने बुधवार को आतंकवाद के हर रूप से दृढ़तापूर्वक लड़ने का संकल्प लेते हुए पहलगाम हमले की पहली बरसी पर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की। पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर, हम जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए इजराइल की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा।

–अक्षर पटेल

**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

मुंबई इंडियंस

बनाम

चेन्नई सुपर किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद–323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद –320
- शुभमन गिल गुजरात –265 रन

## पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद– 12 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 12 विकेट

**हाईलाइट**

### जापान का माचिदा एशियाई चैंपियंस लीग के फाइनल में

**जेद्दा।** जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।

### टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी : वेंकटेश अय्यर

**बेंगलुरु।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी से जुड़े, पर अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वेंकटेश ने मीडिया से बातचीत में कहा मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, पर ये एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने घातक गेंदबाजी से राजस्थान रायल्स को 159 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : वैभव सूर्यवंशी बना पाए महज 8 रन, रवींद्र जडेजा ने बचाई लाज

लखनऊ, एजेंसी



लगातार दो विकेट लेने के बाद जश्न मनाते मोहम्मद शमी।

मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में लखनऊ सुपर जाएंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने आईपीएल में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को छह विकेट पर 159 रन पर रोक दिया।

यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है। अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। उन्होंने शानदार स्विंग और उछाल भरी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने यशस्वी जायसवाल (22) और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया, जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर आठ रन) और शिमरॉन हेटमायर (18 गेंदों पर 22) को अलग-अलग स्पेल में आउट किया। तेजी से उभरते प्रिंस यादव (चार ओवर में 29 रन पर दो विकेट) ने भी अपनी स्विंग गेंदों से आक्रमण को मजबूती दी जबकि लंबे समय के बाद वापसी कर रहे मयंक यादव (चार ओवर में बिना किसी सफलता के 56 रन) लय में नहीं दिखे और सबसे महंगे साबित हुए। रॉयल्स के शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद कप्तान रियान पराग एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रहे। उनके लचर प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। सुपर जायंट्स के गेंदबाजों ने बड़ी संख्या में डॉट गेंदें डालकर रॉयल्स को कम स्कोर पर रोक दिया। शमी (15 डॉट गेंदें) और मोहित (11 डॉट गेंदें) ने मिलकर 26 डॉट गेंदें फेंकी, वहीं प्रिंस यादव ने भी 13 डॉट गेंदों का शानदार योगदान दिया। शमी ने यशस्वी जायसवाल को तेज बाउंसर पर फंसाया। जायसवाल ने अचानक उछाल लेने वाली गेंद पर हुक शॉट खेलने की कोशिश की और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उन्होंने अगली गेंद पर जुरेल को चलता किया। इस बार फुल लेंथ की गेंद विकेट के सामने टप्पा खाने के बाद थोड़ी बाहर की ओर निकली और जुरेल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पंत के दस्तानों में चली गई। मोहसिन ने शानदार तरीके से सूर्यवंशी को फंसाया। उन्होंने लगातार पांच डॉट गेंदें डालने के बाद अंतिम गेंद पर 142 किमी/घंटा की तेज कटर डाली, जिस पर बल्लेबाज ने गलत टाइमिंग से शॉट खेला और गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से हवा में लहरा गई। दिग्वेश राठी ने उलटी दिशा में दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। रॉयल्स की पारी इसके बाद कभी भी गति नहीं पकड़ सकी। रियान पराग ने एक बार फिर दबाव में हेलीकॉप्टर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन उनकी असफलता टीम पर भारी पड़ती रही। अनुभवी रविंद्र जडेजा (29 गेंदों में नाबाद 43 रन) और युवा शुभम दुबे (11 गेंद में नाबाद 19 रन) ने 26 गेंद में 49 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 159 रन तक पहुंचाया।

### राजस्थान रॉयल्स

**159/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| शिमरोन हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| डोनोवन फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त :** 05, **विकेट पतन :** 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110

**गेंदबाजी :** शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### कमिंस की वापसी के बाद भी ईशान किशन ही करें सनराइजर्स हैंददाबाद की कप्तानी



**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि पैट कमिंस की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद भी ईशान किशन को ही सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करनी चाहिए। कमिंस अपनी पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहना पड़ा था। वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में होने वाले मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ' ' 'एक कप्तान के तौर पर ईशान किशन ने दिखाया कि वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत कुशल हैं। उन्हें पता है कि किस बल्लेबाज के खिलाफ किस गेंदबाज का इस्तेमाल करना है। इससे स्पष्ट होता है वह खेल की कितनी अच्छी समझ रखते हैं। वह दबाव में नहीं आते, जल्दबाजी नहीं करते और मैदान पर सही फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा दिल्ली के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया, वह प्रभावशाली था। इसलिए मेरा मानना है कि भले ही पैट कमिंस वापसी कर लें, ईशान किशन को ही सनराइजर्स की कप्तानी करनी चाहिए। बांगड़ ने कहा अमूमन देखा गया है कि भारतीय कप्तान होने से टीम को स्थिरता मिलती है। पैट कमिंस जैसे काबिल गेंदबाज की हाल की चोटों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि वह आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे। उन्होंने कहा कि किशन को ही कप्तान बनाए रखना सनराइजर्स के सर्वोत्तम हित में होगा। बांगड़ ने कहा ईशान को कप्तान बनाए रखने से खिलाड़ियों को भी अपले प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि हैदराबाद के लिए यही सही होगा। इस बीच किशन ने कहा कि उनकी सफलता का राज असफलता के भय पर काबू पाना, आगे बढ़ते रहना और मैचों के बीच टीम को नए सिरे से आगे के लिए तैयार करना है। किशन ने कहा इस स्तर पर, कौशल का स्तर काफी हद तक समान होता है। असली अंतर मानसिकता में आता है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं मैचों के बीच खुद को नए सिरे से कैसे तैयार करूं। उन्होंने कहा लगातार ध्यान केंद्रित रखना, जीतने की ललक रखना और मानसिक रूप से वर्तमान में रहना ही सफलता की कुंजी है।

# अभिषेक की परिपक्वता पर कोई सवाल नहीं : एरोन

- **बोले- उन जैसे खिलाड़ी को कुछ छूट देना जरूरी**

हैदराबाद, एजेंसी



अभिषेक शर्मा।

सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच वरुण एरोन ने कहा कि अभिषेक शर्मा जैसे 'ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम' की रणनीति पर चलने वाले खिलाड़ी का बीच में खराब प्रदर्शन करना अपरिपक्वता का संकेत नहीं है। एरोन ने कहा कि परिपक्व हुए बिना कोई भी दुनिया का नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकता और उनके जैसे असाधारण खिलाड़ी को कुछ छूट मिलनी चाहिए।

अभिषेक ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरू से लेकर आखिर तक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद पर नाबाद 135 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 47 रन से जीता। इस सलामी बल्लेबाज की टी20 विश्व कप में शुरुआत निराशाजनक रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लय हासिल कर ली थी।

एरोन ने पत्रकारों से कहा मेरा मानना है कि वह शुरू से ही परिपक्व खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में यह बात और भी स्पष्ट हो गई है। परिपक्व हुए बिना आप दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकते। वह विपक्षी टीम के आक्रमण और पिच को देखकर ही अपना खेल खेलते हैं। एरोन ने कहा कि अभिषेक ने दिखाया कि उनके पास क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने शुरू में सावधानी से बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा यह पिच ऐसी नहीं थी कि आप हर गेंद पर लंबे शॉट लगा सको। आपको विरोधी टीम का सम्मान करना होता है। आपको पिच का सम्मान करना होता है और उन्होंने (अभिषेक ने) ऐसा ही किया। जब आप ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम की रणनीति पर चलते हैं तो कभी-कभी यह कारगर साबित नहीं होता है लेकिन आपको अभिषेक जैसे खिलाड़ी को ऐसी छूट देनी पड़ती है।

युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखा और एक विकेट लिया। श्रीलंका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने चार विकेट हासिल किए। एरोन ने इन दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा उनके पास ऐसे कौशल हैं जो उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से अलग करते हैं। अगर हम मलिंगा की बात करें, तो वह गेंद को रिवर्स स्विंग कराते हैं। हमने आज 11वें, 12वें ओवर से रिवर्स स्विंग देखी जिससे विपक्षी टीम के लिए मुश्किल हो जाती है क्योंकि सफेद गेंद से आप वास्तव में यह नहीं देख सकते कि चमकदार साइड कौन सी है।

# निरंतरता बनाए रखने के लिए टकराएंगे मुंबई-चेन्नई

- **पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की वापसी की संभावना**

मुंबई, एजेंसी



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा।

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

### सूर्यकुमार और हार्दिक के फार्म को लेकर चिंता

मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं। टीम ने नमन धीर पर भरोसा जताया है और वह अब तक इस पर खरे उतरे हैं। जसप्रीत बुमराह आखिरकार पिछले मैच में विकेट लेने में सफल रहे जबकि अश्वनी कुमार के चार विकेट ने टीम की चिंताओं को कम किया।

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, रोहित शर्मा, दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, संजू सैमसन, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल, अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**नया नाम**

स्पेनिश खिलाड़ी 19 वर्षीय राफेल जोडर पूरे टेनिस जगत में बटोर रहे सुर्खियां

# टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार है स्पेन का एक और 'राफा'

मैड्रिड, एजेंसी



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है।

यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है।

अल्काराज़ के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे। अल्काराज इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह स्पेन में टेनिस को नए मुकाम तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा ये दोनों एक-दूसरे की मदद से लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर पहुंचेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है। जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा। जोडर ने बार्सिलोना ओपन में तीन सीधे सेटों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें आर्थर फिल्स से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

### मैं कभी लक्ष्य की ओर ध्यान नहीं देता : राफेल जोडर

स्पेनिश खिलाड़ी ने इसी महीने की शुरुआत में मोरक्को में अपना पहला टूर-स्तरीय खिताब जीता था। वह यूएस ओपन में लड़कों के एकल वर्ग के चैंपियन भी रह चुके हैं। जोडर जब छोटे थे तब वह दर्शक के रूप में मैड्रिड ओपन देखने आते थे और अब इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।, यह टूर पर मेरा पहला साल है। मैं अभी सीख रहा हूं। मुझे अनुभव हासिल करने और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने जोडर को उत्कृष्ट खिलाड़ी करार दिया।

### एकल में लगातार हार के बावजूद फ्रेंच ओपन में खेलना चाहती हैं वीनस

**मैड्रिड।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं। इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं।

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने बाद में पत्रकारों से कहा मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।

# एमबाप्पे -विनीसियस ने रियल मैड्रिड को जिताया

- **स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला-लीगा में शीर्ष के करीब**

मैड्रिड, एजेंसी

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर चार मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं।

बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी।

उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था। एमबाप्पे ने 30वें मिनट में गोल किया। वह इस टूर्नामेंट में अब सर्वाधिक 24 गोल कर चुके हैं।

यह फरवरी के बाद इस प्रतियोगिता में उनका पहला गोल भी था। विनीसियस ने 50वें मिनट में गोल करके मैड्रिड की बढ़त को और मजबूत कर दिया।